ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
18 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 91
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही



राहुल गांधी बोले : वरुण को गले लगा सकता हूं, पर उनकी विचारधारा के खिलाफ







### बढ़ा कार्यकाल : नड्डा जून 2024 तक भाजपा अध्यक्ष रहेंगे

# चुनाव में मात्र 400 दिन बाकी, हर वोटर के दरवाजे तक पहुंचें : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में दो दिनों से चल रही भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ खत्म हो गयी। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में सिर्फ 400 दिन बचे हैं। ऐसे में पार्टी पदाधिकारियों और हर एक कार्यकर्ता को एक-एक वोटर से मिलने उसके दरवाजे तक जाना है। बैठक के दूसरे दिन पार्टी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के एक्सटेंशन पर मुहर लगा दी। नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया है। नड्डा का मौजूदा कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा था। अब वे लोकसभा चुनाव तक पार्टी की कमान संभालेंगे। जेपी नड्डा को एक्सटेंशन देने का एलान गृह मंत्री अमित शाह ने किया।

**सीमा पर बसे गांवों में पार्टी के संगठन को मजबूत बनायें :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बॉर्डर के गांवों में पार्टी का संगठन मजबूत होना चाहिए। पार्टी की गतिविधियां होनी चाहिए। मोदी ने कार्यकर्ताओं को टास्क दिया कि चुनाव में 400 दिन बचे हैं। हमें पूरी तैयारी से जुटना है। भाजपा एक राजनीतिक आंदोलन बन चुकी है। हमें लोगों से हर दिन मिलना है। जैसे एक दिन यूनिवर्सिटी, एक दिन चर्च, एक दिन अन्य जगह जाकर लोगों से मिलें। अगर अब कुछ नहीं किया तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। नये कार्यकर्ताओं को लेकर बूथ मजबूत करें।




### सामाजिक-आर्थिक प्रस्ताव में मोदी की तारीफ

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दूसरे दिन सामाजिक-आर्थिक प्रस्ताव पेश किया गया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गयी। प्रस्ताव में कहा गया कि उनकी नीतियों की वजह से भारत दुनिया की पांच बड़ी इकोनॉमी में शामिल हो गया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि पीएम ने कहा कि भारत का सर्वोत्तम काल आ रहा है। इसमें हमें मेहनत में पीछे नहीं रहना है। परिश्रम की पराकाष्ठा कर देनी है। कार्यकर्ताओं को अमृत काल को कर्तव्य काल में बदलना है।

## अवैध खनन की जांच में तेजी लाने के लिए डीएसपी को नया समन जारी करेगी इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले की जांच कर रहे इडी ने बड़हरवा टोल प्लाजा मामले में तत्कालीन डीएसपी प्रमोद मिश्रा को दोबारा समन जारी करने का मन बनाया है। इडी ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसके अधिकार क्षेत्र को चुनौती देनेवाली झारखंड सरकार की याचिका के निष्पादित करने के बाद उठाया है। जानकारी के अनुसार, यह समन बहुत जल्दी भेजा जायेगा। डीएसपी प्रमोद मिश्रा को अब तक दो बार पूछताछ के लिए समन भेजा जा चुका है, लेकिन झारखंड सरकार ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। झारखंड सरकार ने याचिका में राज्य पुलिस के अधिकारियों से पूछताछ करने के इडी के अधिकार को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए झारखंड सरकार को हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। सूत्रों के अनुसार इडी इस मामले की जांच जल्द पूरा करने के लिए डीएसपी से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला बड़हरवा टोल प्लाजा की नीलामी से जुड़ा है। पाकुड़ के व्यवसायी शंभु नंदन कुमार ने जून 2020 में बड़हरवा थाने में बरहेट के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, मंत्री आलमगीर आलमगीर आलम और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में कोडरमा पहुंचे सीएम

# अभ्रक व्यवसाय को पुनर्जीवित किया जायेगा : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने ढिबरा डंप में कार्य प्रारंभ करने हेतु वाहन को दिखायी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोडरमा जिला में अभ्रक व्यवसाय को पुनर्जीवित किया जायेगा। इसके लिए कार्य योजना बनायी जा रही है। इससे यहां अभ्रक व्यवसाय से जुड़े श्रमिकों को रोजगार मिलने के साथ जीवन स्तर भी बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री का जेएसएमडीसी द्वारा ढिबरा डंप को पुनर्जीवित कर मजदूरों को पुनः रोजगार से जोड़ने हेतु स्थानीय महिला मजदूरों ने अभिवादन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने महिला मजदूरों से बातचीत की। उन्होंने ढिबरा डंप में कार्य प्रारंभ करने हेतु वाहन को भी हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में सबसे उम्दा अभ्रक का उत्पादन झारखंड में होता है। मगर वर्षों से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। आपकी सरकार बहुत जल्द इस संदर्भ में कानून लाने जा रही है। इससे एक ओर जहां वर्षों से गैर-कानूनी तरीके से चले आ रहे अभ्रक उद्योग पर विराम लगेगा, वहीं लाखों श्रमिकों का शोषण बंद होगा तथा व्यवस्थित रोजगार का सृजन होगा।

**सरकार पुनर्जीवन देने का कर रही प्रयास :** कोडरमा में वर्ष 1980 के पूर्व में अभ्रक खनिज के लगभग 400 खनन पट्टे धारित थे। वर्ष 1980 में वन (संरक्षण) अधिनियम लागू होने एवं वन्य प्राणी आश्रयणी के प्रभाव से कोडरमा में धारित अभ्रक खनिज के लगभग सभी खनन पट्टे बंद होते चले गये। वर्तमान में कोडरमा जिला में अभ्रक खनिज का एक भी खनन पट्टा संचालित नहीं है। वर्तमान में सरकार द्वारा अभ्रक खनिज को पुनर्जीवित करने हेतु बहुत से प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस क्रम में झारखंड गजट संख्या 86 दिनांक 03.03.2022 द्वारा झारखंड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम 9 (1) (क) के परंतुक के तहत झारखंड राज्य अंतर्गत ढिबरा डंप में पाये जाने वाले अभ्रक खनिज, जिनका व्यावसायिक मूल्य हो के भंडार/डंप का निष्पादन झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से किया जायेगा। इसके आलोक में भूतत्व निदेशालय द्वारा कोडरमा जिलांतर्गत मौजा- चरकी, अंचल कोडरमा में भंडारित ढोबरा चिह्नित किया गया है।




### सहकारी समितियों द्वारा चुना ढिबरा का होगा उठाव

मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाये गये वाहन से ढीबरा डंप से संबंधित सहकारी समितियों के सदस्यों द्वारा ढीबरा चुनकर जिला खनन कार्यालय, कोडरमा एवं जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा चिह्नित वाहन में ही लोड किया जायेगा। मंगलवार को उक्त वाहन को अपने गंतव्य स्थान जेएसएमडीसी द्वारा धारित खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति स्थल मौजा- थाम, अंचल- चंदवारा भेजने के लिए कोडरमा जिला के पहाड़पुर मोड़ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा रवाना किया गया।

### भाजपा के लिए महंगाई भौजाई हो गयी है, सीएम ने कसा तंज

## यह झारखंडी और मूलवासियों के अधिकार की यात्रा है : हेमंत

संजीव

**कोडरमा।** मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बाघीटांड़ स्टेडियम में खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण को शुरू करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 1932 को खतियानी आधार माना है, ताकि स्थानीय युवाओं को भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह झारखंडी और मूलवासियों के अधिकार की यात्रा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो खतियानी है वही झारखंडी है। हर राज्य की अपनी पहचान रही है और झारखंड की अब अपनी पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ढिबरा पॉलिसी बनायी है जिसका लाभ स्थानीय लोगों, जंगल मे रहने वाले गरीब मजदूर तबके के लोगों को मिलेगा। पहले किसी ने इस पर नहीं सोचा, पर यह सरकार झारखंड के युवाओं के लिए सोचती है। बेरोजगारी दूर करने के लिए सोचती है और जो कहती है, उसे पूरा करती है। ढिबरा पॉलिसी जल्द लागू की जायेगी, जिसका लाभ यहां के लोगों को मिलेगा।

केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। पहले जब पांच रुपये महंगाई बढ़ती थी, तो भाजपा के लोग सड़क पर उतर कर कहते थे कि महंगाई डायन हो गयी है, लेकिन अब बेतहाशा महंगाई होने के बाद भी जैसे भौजाई हो गयी है। उन्होंने कहा कि देश में रुपये की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है। (पेज 3 भी देखें)

# एक ऐसा नौकरशाह, जिसे हटाने के लिए पूरा विपक्ष और दुनिया की सबसे ताकतवर एनजीओ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये

### संजय कुमार मिश्रा : ऐसे अधिकारी, जिसने भारत में वामपंथी इको-सिस्टम को अकेले ही नष्ट कर दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत में आज यदि किसी एक नौकरशाह का नाम हर राजनेता और अधिकारी की जुबान पर है, तो वह है संजय कुमार मिश्रा। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के निदेशक। इस अधिकारी का नाम सुनते ही बड़े-बड़े नेता, भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और दूसरे लोग डर से कांपने लगते हैं, लेकिन सबसे दिलचस्प बात यह है कि इतना चर्चित होने के बावजूद खुद संजय मिश्रा बिरले ही सामने आते हैं। ऐसे में उनके बारे में जानना बेहद दिलचस्प हो सकता है।

मूल रूप से यूपी के रहनेवाले संजय कुमार मिश्रा भारतीय राजस्व सेवा (आइआरएस) के 1984 बैच के अधिकारी हैं। वह उस समय सबसे कम उम्र के आइआरएस अधिकारी थे। उन्होंने अपना अधिकांश करियर आयकर विभाग में बिताया। वह अपने तेज दिमाग, ईमानदारी और कड़ी मेहनत के लिए प्रसिद्ध हैं। जब मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने और एक नये भारत के निर्माण पर काम करना शुरू किया, तो उन्हें पता था कि भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा भारत विरोधी ताकतों, विदेशी वित्त पोषित एनजीओ, भ्रष्ट राजनेताओं और काला धन को रोकने के लिए कदम उठाने ही होंगे। इसलिए मोदी के कार्यकाल के शुरुआती दो-तीन सालों में एनजीओ और शेल कंपनियों पर जम कर धावा बोला गया था। लेकिन जल्द ही उन्होंने महसूस किया कि यह गठजोड़ बहुत बड़ा है और उन्हें इन वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए समान रूप से सक्षम टीम बनाने की जरूरत है।

इसके बाद उनकी मुलाकात संजय कुमार मिश्रा से हुई। कहते हैं कि नरेंद्र मोदी उनसे बहुत प्रभावित हुए और उन्हें अपना दृष्टिकोण बताया। 2018 में श्री मिश्रा को इडी का प्रमुख बनाया गया। उन्हें पहली बार इडी के प्रमुख सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद 19 नवंबर 2018 को वह इडी के निदेशक बने। उस समय इडी के बारे में बहुत कम लोग जानते थे। केवल इतना पता था कि इडी मनी लांड्रिंग से जुड़े मामलों की जांच करती है।

संजय मिश्रा के आने के बाद इस एजेंसी का कायाकल्प हो गया। जब उन्होंने कार्यभार संभाला था, तब इडी में महज दो दर्जन अधिकारी थे, लेकिन आज इस एजेंसी में एक सौ के करीब अफसर हैं। देश भर में इसके कार्यालय हैं और इसके पास असीमित शक्तियां हैं। यह एजेंसी कहीं भी कार्रवाई कर सकती है, किसी को भी गिरफ्तार कर सकती है। इतनी शक्ति मिलने के बाद मिश्रा ने भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया।

संजय कुमार मिश्रा मार्च 2020 में रिटायर होनेवाले थे, लेकिन उन्हें मोदी सरकार ने एक साल का सेवा विस्तार दिया। इसके लिए इडी निदेशक की नियुक्ति नियमावली में बदलाव किया गया और उसे दो साल से बढ़ा कर तीन साल कर दिया गया। इस तरह मिश्रा का कार्यकाल नवंबर 2021 तक बढ़ गया। इसके बाद विपक्षी दलों का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने कॉमन कॉज नामक एक एनजीओ के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के कदम को चुनौती दी, लेकिन वह याचिका खारिज हो गयी। इसके बाद विपक्ष के पास इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन मोदी सरकार ने इडी अधिनियम में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन किया और निदेशक के कार्यकाल को तीन साल से बढ़ा कर पांच साल कर दिया। बाद में सरकार ने उस संशोधन को संसद से भी पारित कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में उन्हें हटाने के लिए याचिकाओं की बाढ़ आ गयी। यह मामला अभी अदालत में लंबित है।



### इन मामलों की जांच कर रही है इडी

किसी ने नहीं सोचा था कि भारत सरकार भ्रष्टाचारियों पर कभी इस तरह की कार्रवाई करेगी, क्योंकि भ्रष्टाचार भारत में एक सामान्य नियम बन गया था, लेकिन मिश्रा के निदेशक बनते ही यह सब शुरू हो गया। यह अप्रत्याशित था। इडी ने पी चिदंबरम, उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम, आइसीआइसीआइ बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर आदि लोगों को गिरफ्तार करना शुरू किया। इसके अलावा इडी फिलहाल जिन मामलों की जांच कर रही है, उनमें महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मामला (आरोपी शरद पवार और अजीत पवार), कर्नाटक के कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ मनी लांड्रिंग मामला, जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ मामला (फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती), नेशनल हेराल्ड केस (सोनिया गांधी, राहुल गांधी), वीवीआइपी हेलिकॉप्टर घोटाला (रतुल पुरी-कमलनाथ के रिश्तेदार), पंचकुला भूमि आवंटन मामला (भूपेंद्र हुड्डा), आनुपातिक संपत्ति केस (आनंद कुमार-मायावती के परिजन), अवैध खनन मामला (अखिलेश यादव), भूमि सौदा केस (रॉबर्ट वाड्रा), एयरसेल मैक्सिस सौदा (डी राजा, कनिमोझी, दयानिधि मारन), पात्रा चाल घोटाला (संजय राउत), स्टर्लिंग बायोटेक मामला (अहमद पटेल के बेटे), भूमि घोटाला (जगन रेड्डी), एंबुलेंस मामला (अशोक गहलोत), शारदा चिट फंड (ममता बनर्जी), मनी लांड्रिंग (सत्येंद्र जैन), दिल्ली शराब घोटाला (मनीष सिसोदिया) आदि प्रमुख हैं। इनके अलावा एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी अनेक एनजीओ की भी इडी जांच चल रही है।



## अन्नाद्रमुक, केसीआर और जगन रेड्डी जैसे नेताओं को नहीं बुलाने से हो रही कांग्रेस की किरकिरी

# विपक्षी एकता की कोशिशों को कांग्रेस के न्योते से लगा झटका

## ■ केजरीवाल और ओवैसी को भी नहीं भेजा निमंत्रण ■ भारत जोड़ो यात्रा के समापन को लेकर शुरू हुआ नया विवाद

**आजाद सिपाही विशेष**

भारत जोड़ने के लिए पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से निकली यात्रा अब अंतिम चरण में है। इस यात्रा का नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं और 30 जनवरी को श्रीनगर में इसका समापन होना है। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। कांग्रेस इस आयोजन को विपक्षी एकता का एक बड़ा अवसर बनाना चाह रही है, लेकिन इसके नेताओं ने जो कुछ किया है, उससे यह धारणा जोर पकड़ने लगी है कि वास्तव में यह आयोजन विपक्षी एकता के लिए नहीं, बल्कि विपक्ष को विभाजित करने के लिए हो रहा है। दरअसल कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 21 विपक्षी दलों को न्योता भेजा है। लेकिन इसने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक, तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (इसका नाम अब भारत राष्ट्र समिति हो गया है), आंध्रप्रदेश में सत्तारूढ़ वाइएसआर कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी और असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम को न्योता नहीं दिया है। कांग्रेस की इसी रणनीति पर सवाल उठाये जा रहे हैं। कई दलों का कहना है कि कांग्रेस का यह कदम विपक्षी एकता के रास्ते में बड़ी बाधा बन कर खड़ा हो गया है और इससे कहीं न कहीं भाजपा को लाभ हो सकता है। क्या है कांग्रेस की रणनीति और क्यों हो रही है इसकी आलोचना, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। 30 जनवरी को श्रीनगर में इसका समापन होगा। इस अवसर को राजनीतिक रूप से धमाकेदार बनाने के लिए कांग्रेस ने बड़ी तैयारी की है। राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है कि यह आयोजन विपक्षी एकता की गाड़ी को गति देगा, क्योंकि कांग्रेस ने इस समारोह में शामिल होने के लिए 21 दलों को न्योता भेजा है। लेकिन तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर, 2022 को शुरू हुई इस यात्रा की शुरुआत में जितने विवाद उठे, उनसे कम विवाद इसके समापन को लेकर नहीं हैं। यात्रा शुरू होने के समय कहा गया था कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' अपनी मंजिल पर पहुंचते-पहुंचते विपक्ष के संयुक्त मोर्चे के रूप में उभरेगी, लेकिन अब कहा जा रहा है कि भारत जोड़ने के लिए निकाली गयी यह यात्रा विपक्षी एकता के तमाम प्रयासों को ही तोड़ देगी और इसकी पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पर होगी।

यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 21 विपक्षी पार्टियों को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन के दिन 30 जनवरी को शामिल होने के लिए न्योता भेजा है। लेकिन उन्होंने कई पार्टियों को न्योते में शामिल नहीं किया है। यह इस बात का भी संकेत दे रहा है कि कांग्रेस किसे भाजपा के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चे में अपना सहयोगी देखती है और किसे नहीं। कांग्रेस ने जिन दलों और नेताओं को न्योता भेजा है, उनमें तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, जदयू के नीतीश कुमार, द्रमुक के एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन चंद्रबाबू नायडू, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती, झामुमो के हेमंत सोरेन, माकपा नेता सीताराम येचुरी, भाकपा नेता डी राजा, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक



और उमर अब्दुल्ला, राकांपा प्रमुख शरद पवार, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के नेता शामिल हैं। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, भारत राष्ट्र समिति के के चंद्रशेखर राव, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के गुलाम नबी आजाद, अन्नाद्रमुक और भाकपा माले को क्यों नहीं बुलाया है।

### यह है कांग्रेस की रणनीति

2024 के लिए एकजुट विपक्ष के बारे में कांग्रेस की रणनीति यही है कि सभी दल कांग्रेस की छतरी के नीचे आयें और राहुल गांधी को नेता स्वीकार कर लें। जिन दलों को कांग्रेस ने न्योता भेजा है, उनमें से ममता बनर्जी और शरद पवार को छोड़ कर अन्य सभी दल कांग्रेस की इस रणनीति के पहले हिस्से से इत्तेफाक रखते हैं, लेकिन उन्हें राहुल गांधी के बारे में संशय है। नीतीश कुमार और अखिलेश यादव के साथ मायावती को भी राहुल के नाम पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन ऐसा उन्होंने अब तक जाहिर नहीं किया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने जानबूझ कर उन नेताओं और दलों को न्योता नहीं भेजा है, जिन्हें कांग्रेस की रणनीति से आपत्ति है। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि हाल ही में तेलंगाना के सीएम और भारत राष्ट्र समिति के नेता के चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस को सुझाव दिया था कि विपक्षी एकजुटता की खातिर वह दो सौ सीटों पर लड़ने का एलान करे, तो बात बन सकती है। इसे कांग्रेस के जयराम रमेश ने पूरी तरह खारिज कर दिया था। इसके बाद केसीआर ने खम्मम में होनेवाली विपक्षी दलों की रैली के लिए सभी विपक्षी दलों को न्योता भेजा, लेकिन कांग्रेस को छोड़ दिया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने विपक्ष के उन दलों को 'बेनकाब' करने की रणनीति तैयार की, जो उसके साथ दिखने में हिचकिचाते हैं। आम आदमी पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी और अन्नाद्रमुक को कांग्रेस ने इसी रणनीति के तहत न्योता नहीं दिया है। विपक्षी दलों को न्योता भेजकर कांग्रेस यह साबित करना चाहती है कि वह विपक्ष का सबसे बड़ा दल होने के नाते विपक्ष को एकजुट करने की अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, लेकिन जो दल उसकी बात नहीं मान रहे, वे भाजपा की मदद कर रहे हैं।

### उठ रहे हैं सवाल

लेकिन कांग्रेस की यही रणनीति अब उस पर भारी पड़ने लगी है। अखिलेश यादव और मायावती ने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस आयोजन में शामिल होने से मना कर दिया है। उधर ममता बनर्जी भी कह रही हैं कि वह राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होने के बारे में अभी निश्चित नहीं हैं। उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने भी श्रीनगर जाने से फिलहाल इनकार किया है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का समापन विपक्षी एकता की कोशिशों को पलीता लगाने के साथ होगा।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस अपने ऊपर लग रहे इस कलंक के धब्बे को किस तरह साफ करती है, क्योंकि यदि उसकी भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, तो यह उसके लिए राजनीतिक अवसान के समान होगा।

---

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन



कोडरमा जिले में मेरी पिछली यात्राओं में से आज खतियानी जोहार यात्रा में यहां पहले की अपेक्षा सबसे ज्यादा लोगों का स्नेह और आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर कोडरमा वासियों को अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार और खतियानी जोहार।

### बाबूलाल मरांडी



भ्रष्टाचार की रेत में फंसा स्वास्थ्य सुविधाओं का पहिया, धक्का लगाने को मजबूर जनता और कराहती मातृशक्ति। कभी खाट पर, कभी पैदल, तो कभी सड़कों पर ही बच्चा जनने को मजबूर महिलाएं। स्वास्थ्य सुविधाओं की इस दुर्दशा पर भी सोयी हुई झारखंड सरकार! कल राज्य भर के चिकित्साकर्मी मुख्यमंत्री से मिलने आवास तक जा पहुंचे। सीएम तो मिले नहीं, उल्टे महिला कर्मियों को भी पुलिस के जवानों ने पीटा और दुर्व्यवहार किया। अब राज्य के सारे पारा चिकित्सा कर्मी हड़ताल पर चले गये हैं। हेमंत सोरेन जी के झूठे वादों का खामियाजा अब सीधे जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### डॉ निशिकांत दुबे



झारखंड के हेमंत सोरेन जी की सरकार और गोड्डा में सीटिंग विधायक के रहते कोई भी ईमानदारी से काम नहीं कर सकता। मुखिया जी के पति संजीत जी चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। भागलपुर का सृजन घोटाला इन्होंने लोगों को बताया।

### मल्लिकार्जुन खड़गे



भाजपा ने आर्थिक असमानता की खाई को इतना गहरा कर दिया है कि देश का आम इंसान उसमें धंसता जा रहा है। भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है, जबकि आधी आबादी के पास तीन प्रतिशत ही हिस्सा बचा है! भारत जोड़ो यात्रा आर्थिक असमानता की खाई को भरने का आंदोलन है।

---

## करोड़ों की ठगी, फर्जी दस्तावेज और कई बड़े खुलासे

# 100 करोड़ घोटाला मामले में रांची पुलिस को इडी ने लिखी चिट्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी ने रांची पुलिस को पत्र लिखा है। इस पत्र में 100 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाला मामले में आरोपी संजय तिवारी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करने की अनुशंसा की गयी है। इडी ने भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय तिवारी के खिलाफ अविलंब प्राथमिक दर्ज करने के लिए कहा है। ध्यान रहे कि इडी ने साल 2017 के उस मामले की जांच के लिए कदम आगे बढ़ाया है जिसमें मिड डे मील की 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि संजय तिवारी की कंपनी के अकाउंट में भेज दिये गये थे।

### मिड डे मील के पैसों से खरीदी थी गाड़ियां

लगभग छह साल पुराने मामले में इडी ने कई नये पक्ष तलाश लिये हैं। झारखंड की राजधानी रांची

**मिड डे मील घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई**

स्थित हटिया के एसबीआइ शाखा से झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के खाते से भानु कंस्ट्रक्शन को 101.01 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये गये थे। 19 सितंबर 2017 को राज्य निकाय ने बैकों को निर्देश दिया कि जिलों में मध्याह्न भोजन की राशि जारी की जाये तो यह खुलासा हो गया। इसके बाद जांच में पता लगा कि 16 अगस्त 2017 को भी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय तिवारी ने अपनी कंपनी में काम करने वाले राजू वर्मा के खाते में 8 करोड़ 27 लाख रुपये हस्तांतरित किये। राजू वर्मा ने इन पैसों को अलग-अलग बैंक खातों में डाला। कुछ पैसों की नकद निकासी की और गाड़ियां खरीदी। यही नहीं, संजय तिवारी की पत्नी और राजू वर्मा कई कंपनियों में पार्टनर्स भी थे।

### फर्जी दस्तावेज के आधार पर ठगी

अब इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि 5 एसयूवी गाड़ियां भी फर्जी दस्तावेज पर चल रही हैं। इस मामले में अबतक मिड डे मील राशि के फर्जी हस्तांतरण मामले में पहले सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की थी। इडी ने इस मामले को टेकओवर कर लिया क्योंकि इसमें मनी लाउंड्रिंग का मामला भी जुड़ा है। गबन मामले में इडी ने संजय तिवारी को 33 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। 23 नवंबर को उसे जेल भेज दिया गया। अब इडी की इस चिट्ठी ने इस मामले में एक बार फिर किसी बड़े खुलासे की तरफ इशारा किया है।

---

## चाची को डायन बताकर भतीजे ने करायी हत्या, कहा-

# मार डालो नहीं तो मेरी पत्नी को खा जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझगांव।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के मझगांव थाना अंतर्गत पड़सा पंचायत के उलीहातु गांव में 11 जनवरी को महिला की हत्या जमीन हड़पने के लिए की गयी थी। पुलिस ने पांच दिन बाद पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या करने के आरोप में भतीजा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। मुख्य साजिशकर्ता डेबरा उर्फ बाबूलाल पिंगुवा, गोपाल पिंगुवा व जितेंद्र सिरका शामिल हैं। डेबरा ने महिला को साजिश के तहत डायन बताते हुए दोनों को हत्या के लिए उकसाया था।

### भतीजे ने लोगों को डराया डायन चाची उसकी पत्नी को खा जायेगी

डेबरा ने बाकी दो लोगों से कहा था कि मसूरी पिंगुवा डायन है। उसकी वजह से उसकी पत्नी बीमार रहती है। अगर उसे नहीं मारा, तो वह उसकी पत्नी को खा




जायेगी। मामले में मझगांव थाना प्रभारी विकास दुबे ने बताया कि 11 जनवरी को उलीहातु गांव में मसूरी पिगुंवा की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर हत्या करने के बाद आरोपित फरार हो गये थे। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि महिला की हत्या जमीन हड़पने की नियत से की गयी थी। हत्याकांड में 21 वर्षीय गोपाल पिगुंवा और जितेंद्र सिरका का नाम सामने आया।

### कुल्हाड़ी से हत्या को अंजाम देकर फरार हुए आरोपित

पुलिस ने दोनों के बारे में जानकारी जुटाकर ओड़िशा के मयूरभंज जिला अंतर्गत महुलडीहा थाना क्षेत्र के चियाबेड़ा गांव में छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों ने बताया गांव के ही 33 वर्षीय डेबरा उर्फ बाबूलाल पिगुंवा के बहकावे में आकर नशे के हालत में कुल्हाड़ी से मसूरी पिगुंवा की हत्या कर दोनों फरार हो गये थे। दोनों आरोपितों ने बताया कि 8 जनवरी को गांव के ही डेबरा उर्फ बाबूलाल पिगुंवा ने दोनों युवकों को नशा-पान कर हत्या करने को उसकाया।

### जमीन को लेकर चाची से चल रहा था विवाद

दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने ग्रामीण मुंडा सनातन पिंगुवा के तालाब से कुल्हाड़ी बरामद की। साथ ही साथ बाबूलाल पिंगुवा को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बाबूलाल पिंगुवा रिश्ते में मृतका का भतीजा लगता है। गांव में उसकी दुकान भी है। जमीन को लेकर उसका मृतका मसूरी पिंगुवा से विवाद चल रहा था।

---

# 15 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को पुलिस लायी सामने

**गिरफ्तारी के पांच दिनों बाद गिरिडीह पुलिस ने दी पूरी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरफ्तारी के पांच दिनों बाद गिरिडीह पुलिस ने मंगलवार को हार्डकोर व 15 लाख के इनामी नक्सली और पीरटांड़ थाना इलाके के लेढवा गांव निवासी कृष्णा हांसदा उर्फ सौरभ दा उर्फ अविनाश दा की गिरफ्तारी की पूरी जानकारी दी। मंगलवार को एसपी अमित रेनू, एएसपी गुलशन तिर्की, एसडीपीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर परमेश्वर लियांगी और सीआरपीएफ कमांडेंट संतोष कुमार ने प्रेसवार्ता कर हार्डकोर




नक्सली की गिरफ्तारी के साथ ही उसकी निशानदेही पर मिलने वाली कामयाबी की बाबत जानकारी देते हुए एसपी अमित रेनू ने बताया कि कृष्णा हांसदा नक्सली संगठन की रीजनल कमिटी का सदस्य है और गिरिडीह के पारसनाथ समेत उत्तरी-दक्षिणी इलाके में सक्रिय रहा है। कृष्णा हांसदा सीसीए सदस्य विवेक उर्फ प्रयाग दा का काफी करीबी माना जाता है।

एसपी ने बताया कि गिरिडीह के कई थानों के साथ धनबाद में इसके खिलाफ 50 से अधिक नक्सली केस दर्ज हैं, जिसमें कई सरकारी संपत्ति को उड़ाने समेत हत्या के मामले शामिल हैं। वैसे गिरफ्तारी के पांच दिनों बाद भले ही गिरिडीह पुलिस इस हार्डकोर नक्सली को सामने लेकर आयी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिस दिन एसडीपीओ मनोज कुमार और डुमरी थाना प्रभारी गोपाल महतो के साथ पुलिस जवानों ने इसे डुमरी थाना इलाके के लुसियो जंगल से दबोचा, उस वक्त भी ये जमुई के एक ही नक्सली कैडर अभिजीत के साथ गिरिडीह के एक ठेकेदार से लेवी के पैसे वसूली के लिए ही लूसियो जंगल पहुंचा था। पुलिस सूत्रों की मानें तो जमुई के नक्सली अभिजीत के साथ हार्डकोर नक्सली कृष्णा को लेवी का पैसा देने ठेकेदार का मुंशी पहुंचा था। इतना ही नहीं कृष्णा और उसके साथी नक्सली ने ठेकेदार से दो लाख लेवी वसूल भी चुका था।,जिसे इसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इसके पास से बरामद किया। वहीं दूसरी तरफ इसका साथी और जमुई का नक्सली अभिजीत फरार होने में सफल रहा।

गिरफ्तारी के इन पांच दिनों में पुलिस ने कृष्णा की निशानदेही पर पारसनाथ पहाड़ के अलग अलग हिस्सों में छापेमारी कर कई नक्सली साहित्य और वर्दी भी जब्त किया है। वैसे पुलिस सूत्रों ने ये भी संकेत दिया है कि जिस ठेकेदार के मुंशी से दो लाख लेवी लेने कृष्णा हांसदा और अभिजीत पहुंचा था, उसे लेने के लिए कृष्णा को उसके आका और सीसीए सदस्य विवेक उर्फ कर्मा ने निर्देश दिया था। क्योंकि कृष्णा के आका को पांच लाख की जरूरत थी। लिहाजा, सीसीए सदस्य विवेक ने ही गिरिडीह के आरइओ में रोड और पुलिया बनाने वाले ठेकेदार से पांच लाख की लेवी की मांग की थी। ठेकेदार भी विवेक को पहली किस्त में दो लाख देने के लिए तैयार हो गया और ठेकेदार के कहने पर लेवी के पैसे लेने कृष्णा और अभिजीत को भेजा गया था।

---

## केंद्र व राज्य सरकार अधिसूचना जारी कर सम्मेद शिखर को मरांग बुरू का दर्जा दे : सिकंदर हेंब्रम

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** सम्मेद शिखर मुद्दा एक बार फिर गर्म होता दिख रहा है। क्योंकि गिरिडीह में मरांग बुरू सावंता सुसार बेशी के सदस्य सह भाजपा नेता सिकंदर हेंब्रम, मेरीनिशा हांसदा, बुधन हेंब्रम समेत कई ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा की आदिवासी समुदाय कभी नहीं कहता है की सम्मेद शिखर मधुबन सिर्फ आदिवासियों का है। संथाली समुदाय भी मानते हैं कि 20 तीर्थंकर ने इसी भूमि में निर्वाण प्राप्त किया था। लेकिन यह भी सच है की इसी सम्मेद शिखर पारसनाथ पहाड़ को मरांग बुरू के रूप में भी माना जाता है और यह आज से नहीं सदियों से इसकी परपंरा है। इतना ही नहीं इसी सम्मेद शिखर में आदिवासी समुदाय अपने परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना और बली तक देते आये हैं। अब ऐसे में जैन समाज अगर आदिवासियों के पूजा में बाधा पैदा करता है तो ये उचित नहीं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि मरांग बुरू का मानना है कि केंद्र और राज्य सरकार तुरंत एक नयी अधिसूचना जारी करे, जिसमें सम्मेद शिखर पारसनाथ को मरांग बुरू का दर्जा हासिल हो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 21.6 °c | 9.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |



### मुख्यमंत्री ने ट्रेनिंग सेंटर कैंप और बालिका उच्च विद्यालय का लिया जायजा

# प्रदेश में भाजपा सबसे अधिक सत्ता में रही, पर सिर्फ राज्य को लूटने का काम किया : हेमंत

**कहा- झारखंड के मूलवासियों की जगह जाली प्रमाण पत्रों पर बाहरी लोग काम कर रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सड़क पर टोल टैक्स देना पड़ता है और इसकी वसूली के लिए मुस्टंडों को रखा जाता है। आजादी के बाद वर्तमान दौर सबसे अराजक स्थिति में है। श्री सोरेन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सबसे अधिक सत्ता में रही पर सिर्फ राज्य को लूटने का काम किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया, वहीं यह भी कहा कि झारखंड के मूलवासियों की जगह जाली प्रमाण पत्रों पर बाहरी लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू किया है जिसका लाभ सभी सरकारी कर्मियों को मिलेगा। श्री सोरेन ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने 11 लाख लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाया जबकि हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों का राशन कार्ड में नाम जोड़ा है।

मंच पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, झामुमो नेता और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, पवन माइकल कुजूर, रवींद्र शांडिल्य, संजय साजन, श्यामकिशोर सिंह, गोपाल यादव समेत गठबंधन के अन्य कई नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से गिरिडीह के लिए प्रस्थान कर गये।



### युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चल रहीं कई योजनाएं

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री मंगलवार को कोडरमा जिला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही है। एक ओर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए योजना बना रही तो महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आकर आपको सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है। आपके आस पास जब सरकार का शिविर लगे तो आप उन शिविरों में जाकर अपने हित की योजनाओं से जुड़ने का काम करें।

### डीइजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कैंप का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कोडरमा के बागीटांड स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे डीइजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर के कैंप में कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से उनके प्रशिक्षण के बारे में भी जाना। जिला प्रशासन द्वारा कोडरमा के सभी ब्लॉक में कुल 9 सेंटर चलाये जा रहे हैं। जिसमें जिले के अबतक कुल 10658 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। अभी प्रत्येक सेंटर में 300 से अधिक विद्यार्थी कंप्यूटर का शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कोडरमा के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बच्चियों के साथ संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से कहा कि आप पढ़ाई करें। आपके पढ़ाई के लिए सरकार सारी व्यवस्था करेगी। आपको मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ आदि जिस क्षेत्र में करियर बनाना हो, सरकार खर्चा वाहन करेगी। इसके साथ यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी इत्यादि की कोचिंग के लिए भी सरकार आपको आर्थिक मदद करेगी। इस मौके पर उन्होंने बच्चियों से पठन-पाठन से संबंधित जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस विद्यालय में पुस्तकालय, कार्यशाला, सिक रूम, कंप्यूटर लैब, हर्ष जोहार कक्ष, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। इस विद्यालय में किचेन गार्डेन एवम गार्डेनिंग भी करायी जाती है।

इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, डीआइजी उत्तरी छोटानागपुर नरेंद्र कुमार सिंह, उपायुक्त कोडरमा आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मौजूद थे।

### विधायक नीरा यादव ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री के मंगलवार को कोडरमा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा विधायक नीरा यादव ने जेजे कॉलेज स्थित हैलीपैड पहुंचकर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने ज्ञापन सौंपा और क्रशर उद्योग, माइका उद्योग की बेहतरी के उपाय करने, जेजे कॉलेज में बने बहुउद्देश्यीय भवन को चालू करने की मांग की। हैलीपैड पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी बुके देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी इडी से दो सप्ताह का समय मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैश कांड के मामले में आरोपित कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। मंगलवार को विधायक के अधिवक्ता चंद्रभानु इडी कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो सप्ताह का समय इडी से मांगा गया है। उन्होंने कहा कि विधायक रांची से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि विधायक इडी को पूरा सहयोग करेंगे। विधायक से जो भी सवाल पूछा जायेगा, उनका जवाब दिया जायेगा।



अनूप सिंह के बयान के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए इडी ने विधायक को समन कर बुलाया था। इससे पूर्व 16 जनवरी को राजेश कच्छप को भी इडी ने समन कर बुलाया था, लेकिन उन्होंने भी दो सप्ताह का समय बाहर होने का हवाला देकर मांगा था, जबकि 13 जनवरी को कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को इडी ने समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने भी दो सप्ताह का समय इडी से मांगा था।

उल्लेखनीय है कि इडी ने 7 जनवरी को कैश कांड में पूछताछ के लिए इरफान अंसारी को 13 जनवरी, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप को 16 जनवरी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को 17 जनवरी को रांची के क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था। इडी ने इस मामले में तीनों को मनी लांड्रिंग का आरोपी बनाया है।

## विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर अब 24 जनवरी को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में सजायाफ्ता भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बताया गया कि ढुल्लू महतो ने करीब दो तिहाई सजा काट ली है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाये। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से समय देने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी निर्धारित की है। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अखौरी अविनाश, अजय शाह ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ढुल्लू महतो ने धनबाद की निचली अदालत में सरेंडर कर दिया है। बता दें कि विधायक ढुल्लू महतो को सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ने के मामले में दोषी करार दिया था।

### पत्र सूचना कार्यालय रांची की ओर से आयोजित था कार्यक्रम

# चाइबासा में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन

**एडीजी पीआइबी, पुलिस अधीक्षक चाइबासा, डीडीसी भी कार्यशाला में हुए शामिल**

**पीएम आवास, मनरेगा, कृषि और मत्स्य पालन से जुड़े योजनाओं पर लाभुकों से बातचीत सत्र का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा चाइबासा जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को सुबह 10 बजे से समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा संपन्न हुआ। पद्मश्री बलबीर दत्त, पीआइबी रांची के अपर महानिदेशक, पुलिस अधीक्षक चाइबासा, उप विकास आयुक्त, डीपीओ व डीपीआरओ चाइबासा, बीडीओ सदर की भी इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में मौजूदगी रही। वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्र और प्रशांत झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के बाद सभी अतिथियों का विभाग द्वारा शॉल, पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिह्न भेंट कर विधिवत स्वागत किया गया।



उपायुक्त अनन्य मित्तल ने अपने संबोधन में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जिले में वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने जिला में चलाया जा रहे केंद्र सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं यह जानकारी दी कि कृषि एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में चाइबासा जिले में काफी सराहनीय कार्य हुआ है।

सभी अतिथियों का पीआइबी की तरफ से स्वागत करते हुए पत्र सूचना कार्यालय रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वार्तालाप के आयोजन का मकसद आम और सहज भाषा में जिलों में जाकर मीडिया से रूबरू होना है। तथा विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर खुले मंच पर द्विपक्षीय चर्चा करना है। वहीं पत्रकारों से रूबरू होते हुए वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने पूर्व कालीक एवं आज की मीडिया के बीच एक तुलनात्मक विवरण रखा और ग्रामीण पत्रकारिता का भारत जैसे कृषि प्रधान देश में और अधिक मजबूत पक्ष होने का समर्थन किया।

हिंदुस्तान अखबार से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्र ने जिला से आये हुए पत्रकारों के सवालों को लिया एवं उनके द्वारा जिले में रिर्पोटिंग के दौरान होने वाली दिक्कतों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे अंचल तथा जिला स्तर पर होने वाली पत्रकारिता भारत में असली खबरों का तथा विकास से जुड़ी खबरों का प्रथम स्तंभ हैं। इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के आ जाने के बाद खबरों के क्षेत्र में आये आमूलचूल परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला।

आजाद सिपाही से आए हुए वरिष्ट पत्रकार प्रशांत झा ने वोटिंग में नयी तकनीकों के समागम से हुए क्रांति के ऊपर विशेष चर्चा की और उन्होंने बताया कि कैसे किसी खबर के प्रति अपना नजरिया बदलने से ही हम उसे पॉजिटिव या नेगेटिव स्टोरी में बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास से जुड़ी योजनाओं का एक सतत दौर होता है इसलिए हमें उससे जुड़े पॉजिटिव पक्ष को उजागर करने का प्रयास करना चाहिए। पूरे वार्तालाप कार्यशाला को तीन सत्रों में रखा गया था । जिसमें मीडिया के आयाम तथा जिले में चलायी जा रही प्रमुख विकास योजनाओं से हुए लाभ तथा उसके लाभुकों से मीडिया को रूबरू कराया गया। चूंकि 2023 को भारत सरकार विश्व मिलेट्स वर्ष के रूप में भी मना रही है, इसलिए मोटे अनाज से होने वाले फायदे के ऊपर भी इस कार्यशाला में चर्चा हुई।

डीपीआरओ चाइबासा इशा खंडेलवाल ने भी मीडिया से आग्रह किया कि वो इस चर्चा में होने वाले सुझाव को अपनाने का प्रयास करें। कार्यशाला का सफल संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर तथा बीडीओ सदर, चाइबासा पारुल सिंह द्वारा ओजस्वी पूर्ण तरीके से किया गया।

वार्तालाप के साथ ही सूचना प्रसारण मंत्रालय के रांची स्थित विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा कार्यलय प्रमुख शाहिद रहमान के निर्देशन में एक 2-दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का भी जिले में आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन उपायुक्त अनन्य मित्तल ने किया।

इस आयोजन में जिले के करीब 60 पत्रकारों ने हिस्सा लिया और कार्यशाला की सार्थकता को सराहा। साथ ही पीआइबी से ऐसे और आयोजन करने का आग्रह किया।

कार्यशाला के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए पीआइबी के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय ने सभी पक्षों को बेहतर तालमेल और सहयोग हेतु किये गये प्रयासों को सराहा।

### प्रदेश भाजपा ने दी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई

# जेपी नड्डा के नेतृत्व में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार: दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक**

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक नयी दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद समीर उरांव शामिल हुए। बैठक में सांगठनिक एवं राजनीतिक चर्चा के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अध्यक्षीय कार्यकाल को भी सर्वसम्मति से विस्तारित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में 2024 का लोकसभा चुनाव दो तिहाई बहुमत से जीतेगी। श्री प्रकाश ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से मजबूत सरकार बनेगी। नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा देश में और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व इसी वर्ष 9 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव भी पार्टी जीतेगी और राज्यों में भी भाजपा की सरकार बनेगी। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि नड्डा जी के नेतृत्व में पार्टी की सांगठनिक संरचना और मजबूत होगी, आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव पार्टी मजबूती से जीतेगी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा आगामी दिनों में भाजपा बूथ को मजबूत करते हुए भारी बहुमत से केंद्र में फिर से मजबूत सरकार बनायेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई, शुभकामनाएं देने वालों में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय आदि शामिल हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के झारखंड आगमन की तैयारी शुरू

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे फरवरी के दूसरे सप्ताह में झारखंड आयेंगे। वह झारखंड से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद खड़गे का यह पहला झारखंड दौरा होगा। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी।


G20 भारतीय रेल आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/529 नई दिल्ली, दिनांक : 17.01.2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–529 के लिए शुद्धि पत्र सं. 4

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 30.01.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–529.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 30.01.2023 से स्थगित कर के 15.02.2023 (बुधवार) कर दी गई है।

निविदा के कुछ अन्य निबंधन एवं शर्तें भी आशोधित की गई हैं। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल – drsm@rb.railnet.gov.in

191/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



फॉर्म सं. 22
{विनियमन 37(1) देखें}

**बिक्री की घोषणा**

वसूली अधिकारी का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, झारखण्ड, राँची
ओ.ए. केस सं० 12/2009 के मुकदमे में वसूली प्रक्रिया सं० 530/2015
आयकर अधिनियम 1961 के साथ पढ़ा जाने वाला बैंक एवं वित्तिय संस्थानों के बकाया अधिनियम 1993 के तहत बकाया की वसूली हेतु नियम 38, 52(2) के तहत द्वितीय अनुसूची के बिक्री की सूचना

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रांची बनाम मेसर्स ए.पी.एस. इंडस्ट्रीज एवं अन्य**

सेवा में,

(1). **मैसर्स ए.पी.एस. इंडस्ट्रीज,** एक प्रोपराइटरशिप इकाई, जिसका कार्यालय कोकर इंडस्ट्रियल, प्लॉट सं. VI, VII, VIII एवं X का हिस्सा, कोकर, रांची में अपने प्रोप्राईटर प्रिंस केडिया, पिता चिरंजी लाल केडिया, के माध्यम से, आवास : बर्दवान कंपाउंड, पोस्ट एवं थाना लालपुर, रांची।
(2). **श्री श्रीकांत केडिया,** पिता चिरंजी लाल केडिया, बर्दवान कंपाउंड, पोस्ट एवं थाना लालपुर, रांची।
(3). **दिव्या केडिया,** पति स्व. प्रिंस केडिया, आवास : उर्मिला अपार्टमेंट, पीस रोड, पोस्ट एवं थाना लालपुर, जिला – रांची
(4). **श्रीमती बीबी शायरा खातून,** पति मो. आबिद, निवासी : पोस्ट एवं थाना ओरमांझी, जिला– रांची

(1). जबकि पीठासीन पदाधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, रांची द्वारा **ओ.ए. केस सं० 12/2009** में जारी किये गये वसूली सर्टिफिकेट के सम्बंध में सर्टिफिकेट के अनुसार ब्याज और भुगतेय लागत सहित **रु. 48,59,131.00 (रुपए अड़तालीस लाख उनसठ हजार एक सौ इकतीस मात्र)** का भुगतान करने में आप विफल रहे।
(2). और जबकि उक्त सर्टिफिकेट के संतुष्टी में अधोहस्ताक्षरी ने अनुसूचि में वर्णित निम्नलिखित अटैच की हुई सम्पत्ति की बिक्री हेतु आदेश दिया है।
(3). और जबकि **19.12.2022** को वादकालीन और 23.01.2009 से मासिक आधार पर 10 प्रतिशत सालाना भविष्य के ब्याज समेत दावे के पूर्ण और अंतिम वसूली तक सर्टिफिकेट के अनुसार रूपये 51,000/– (रुपये इक्यावन हजार मात्र) की लागत के अलावे **रु. 48,59,131.00 (रुपए अड़तालीस लाख उनसठ हजार एक सौ इकतीस मात्र)** की राशि बकाया होगी।
(4). एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि रद्द होने के किसी आदेश के अभाव में उक्त सम्पत्ति की बिक्री ई–निलामी द्वारा की जायेगी और "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग" के द्वारा बोली लगाई जायेगी जो कि **मेसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के वेबसाईट https://drt.auctiontiger.net के मार्फत 24.02.2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और जरूरत हुई तो दोपहर 12:00 बजे के बाद 5 मिनट की विस्तारित अवधि के साथ होगी।**

**विस्तृत जानकारी के लिए वसूली पदाधिकारी ऋण वसूली न्यायाधिकरण रांची से फोन नं० 0651–2214021 एवं सम्पत्ति निरिक्षण के लिए सुश्री राखी कुमारी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रांची, मो. सं. 9264291901 से सम्पर्क करें।**

4.1 नीचे वर्णित अनुसुची में उपरोक्त नाम के सर्टिफिकेट देनदार की सम्पति बेची जायेगी और उक्त सम्पति से जुड़े हुए दायित्व और दावे जो कि सुनिश्चित किये गए हैं उनका विवरण अनुसुची में प्रत्येक लॉट के समक्ष वर्णित है।
4.2 अनुसुची में वर्णित लॉट के अनुसार सम्पत्ति की बिक्री की जायेगी। यदि सम्पत्ति की एक अंश की बिक्री से होने वाली वसूली राशि से संतुष्टि हती है बाकी समपत्ति की बिक्री तुरन्त रोक दी जायेगी। बिक्री तब भी रूक जायेगी यदि किसी लॉट में नीलामी बोली खत्म होने के संकेत होंगे, उक्त में वर्णित बकाया, ब्याज, लागत (बिक्री की लागत समेत) बिक्री संचालित करने वाले पदाधिकारी के समक्ष जमा कर दिये जायें या उनकी संतुष्टि के लिए यह प्रमाणित कर दिया जाये कि उस सर्टिफिकेट की राशि, ब्याज और लागत का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को कर दिया गया है।
4.3 कोई भी अन्य पदाधिकारी या अन्य व्यक्ति बिक्री के सम्बंध में किसी भी प्रकार की ड्यूटी कर पायेगा, हालांकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची जाने वाली सम्पत्ति को प्राप्त करने हेतु कोई बोली या उसे प्राप्त करने की हित का कोई भी प्रयास करेगा। बिक्री आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसुची में उल्लेखित शर्तों के अनुसार और नियम के निम्नलिखित अन्य शर्तों के अनुसार होगी।
4.4 अधोहस्ताक्षरी के श्रेष्ठ सूचना के अनुसार उल्लेखित अनुसुची में विवरणों को शामिल किया गया है लेकिन किसी प्रकार की त्रुटि, गलत विवरण या इस घोषणा में किसी तथ्य के चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होगा।
5.(क) आरक्षित मूल्य का विवरण **नीचे वर्णित** है जिसके नीचे सम्पत्ति नहीं बेची जायेगी।

| अचल सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|
| प्रमाणपत्र देनदार सं. 4 की अचल संपत्ति जो खाता सं. 4, 23, 24, 22, 37, प्लॉट सं. 147, 261, 358, 401, 307, 308, 397, 402, 33, 300, 178, 215, 301, 310, 311, 302, 94 एवं 95, खेवट सं. 5, ग्राम बख्शीडीह, थाना अनगड़ा, थाना सं. 3, में कुल क्षेत्रफल – 9.80 एकड़ में बिक्री विलेख सं. 3205/3001 दिनांक 13.05.1950 द्वारा स्थित है। | रु. 68,60,000/– | रु. 6,86,000/– |

**(6). इच्छुक बोलीकर्ताओं को आरक्षित मूल्य ईएमडी, पैन कार्ड, पहचान प्रमाण पत्र, पता प्रमाण पत्र इत्यादि कागजातों के साथ जमा करना होगा और कम्पनी की दशा में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या काई अन्य कागजात जो कम्पनी के प्रतिनिधित्व/ अटॉर्नी का दावा भी कर सके समेत 22.02.2023 के शाम 4:00 बजे तक या पहले वसूली पदाधिकारी, डीआरटी, रांची के कार्यालय में जमा करना होगा, इसके बाद ही वे 24.02.2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होने वाले ई–नीलामी में भाग लेने हेतु सक्षम होंगे। यदि नीलामी बंद होने के समय के अंतिम 5 मिनट में बोली डाली जाती है तो बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ जायेगा।**
(7). इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी राशि वसूली अधिकारी, डीआरटी, रांची के खाते में **RTGS/ NEFT/ EFT द्वारा चालू खाता सं. 31598921087, आइएफएससी कोड : SBIN0007507, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंद्रपुरी शाखा, रांची** जमा करानी होगी।
(8). बोली प्रपत्र के साथ **ईएमडी** की रसीद **वसूली अधिकारी के कार्यालय, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, पांचवी मंजिल, आर.आर.डी.ए. बिल्डिंग, कचहरी चौक, रांची** में जमा की जाएगी।
(9). वह राशि **रूपये 1,00,000/–** होगी जिसके द्वारा बोली बढ़ाई जानी है, बोली की रकम से सम्बंधित या बोलीकर्ता द्वारा उत्पन्न होने वाले विवाद की दशा में उस लॉटको पूनः निलामी के लिए रखा जायेगा।
(10). असफल बोलीकर्ता वसूली पदाधिकारी, डीआरटी, राँची से ई–निलामी बिक्री प्रक्रिया बंद होने के तुरंत बाद **ईएमडी** राशि सीधे वापस ले सकते हैं।
(11). सफल/उच्चतम बोली लगाने वाले को ईएमडी को समायोजित करने के बाद बोली/बिक्री राशि के 25 प्रतिशत **"वसूली अधिकारी, डीआरटी, रांची", के पक्ष में RTGS/ NEFT/ EFT द्वारा चालू खाता सं. 31598921087, आइएफएससी कोड : SBIN0007507, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंद्रपुरी शाखा, रांची** में देय होगा। इसे अगले बैंक कार्य दिवस यानि शाम 04:00 बजे तक इस ट्रिब्यूनल के पास जमा करना होगा। इसमें विफल रहने पर ईएमडी जब्त कर लिया जाएगा।
(12). सफल/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री राशि का शेष 75 प्रतिशत वसूली अधिकारी, डीआरटी, रांची के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करना होगा। इसे संपत्ति की नीलामी की तारीख से 15वें दिन या उससे पहले **"वसूली अधिकारी, डीआरटी, रांची", के पक्ष में RTGS/ NEFT/ EFT द्वारा चालू खाता सं. 31598921087, आइएफएससी कोड : SBIN0007507, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंद्रपुरी शाखा, रांची** में देय होगा। यदि 15वां दिन रविवार या अन्य छुट्टी का दिन होता है तो इस दिन को छोड़कर 15वें दिन के बाद पहले कार्यालय दिवस में रु० 1,000/– तक 2 प्रतिशत की दर से और रु० 1,000/– के उपर कुल राशि 1 प्रतिशत की दर से पाउंडेज रजिस्ट्रार, डीआरटी, रांची के पक्ष में जमा करना है। (डाक के माध्यम से शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करने के मामले में, उपरोक्त के अनुसार वसूली अधिकारी तक पहुँच जाना चाहिए)।
(13). विहित अवधि में भूगतान में विफल होने पर सम्पत्ति की पूर्न बिक्री फिर से बिक्री की घोषणा करने के बाद की जायेगी। यदि अधोहस्ताक्षरी उचित समझे तो बिक्री में होने वाली खर्च को सरकार के समक्ष रखते हुए जमा को जब्त कर सकता है और विफल क्रेता सम्पत्ति या उस सम्पत्ति के किसी भी अंश को जो कि बिक्री के लिए रखी गई है, खरीदने का दावा खो देगा।
(14). उच्चतम बोलीकर्ता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जायेगा बशर्ते कि बोली की रकम आरक्षित मूल्य से कम ना हो। यह अधोहस्ताक्षरी की इच्छा पर होगा कि वो प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त पाये जाने पर अनुपयुक्त समझते हुए उच्चतम बोली को अस्वीकार/ स्वीकार कर सकता है।
(15). संपत्ति जैसी है और जहाँ है/ जो है/ बिना शिकायत के आधार पर बेची गई है। बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है/ आगाह किया जाता है कि वे एसआरओ के साथ–साथ राजस्व अभिलेखों को सत्यापित करें और अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति की प्रकृति, विवरण, स्थिति, अदिभार, ग्रहणाधिकार, प्रभार, वैधानिक बकाया आदि के बारे में खुद को संतुष्ट करें। सरकार/ स्थानीय निकाय को देय सांविधिक देय/दायित्व आदि, यदि कोई हो, जो बिक्री सूचना /निविदा दस्तावेज में दर्शाए गए हैं, क्रेता(ओं) द्वारा वहन किए जाएंगे।
(16). **कब्जे की सुपुर्दगी :** नीलामी क्रेता द्वारा सभी खर्चों और प्रासंगिक शुल्कों को वहन किया जाएगा। प्रमाणपत्र धारक बैंक/ वित्तीय संस्थान द्वारा बिक्री आय के विनियोग के अनुरोध पर केवल नीलामी क्रेता द्वारा स्वामित्व विलेख प्राप्त करने और संपत्ति का कब्जा देने का मेमो दाखिल करने पर ही विचार किया जाएगा।
(17). अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी बोलीयों को अनुचित पाये जाने पर स्वीकार या रद्द करने या किसी भी वक्त निलामी को बगैर कोई कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

इस न्यायाधिकरण, राँची की मुहर एवं मेरे हाथों द्वारा 19 दिसम्बर, 2022 को दिया गया।

(गौरव कु. कसेरा)
वसूली पदाधिकारी

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

## श्याम शरण में आजा रे... के तत्वावधान में भक्ति संध्या का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर के धार्मिक संगठन श्याम शरण में आजा रे के तत्वाधान में नंदी बाबा चौके के समीप भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार विपुल चौधरी के नेतृत्व में हुआ। विभिन्न देवी-देवताओं का दरबार आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा। कार्यक्रम में रणधीर कपसिमे व बबीता कपसिमे यजमान के रूप में शामिल हुए जबकि पूजा अर्चना पंडित, गौतम पांडेय ने कराया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश वंदना राकेश राजपुत ने की। कार्यक्रम में रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता , किडजी की निर्देशक ब्यूटी सिंह, प्रो राखी भदानी शामिल हुई। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि कुरूक्षेत्र में रण से पहले भीम पौत्र वीर बरबरिक के द्वारा शीश का दान के बाद भगवान कृष्ण के द्वारा दिये गये अपने श्याम नाम से कलयुग में खूब पूजे जाने एवं हारे का सहारा का वरदान मिला। झुमरी तिलैया में श्याम शरण में आजा रे घर-घर श्याम के गुणगान को लेकर मासिक अरदास कार्यक्रम के जरिये गायकों को बेहतर मंच देने का कार्य कर रहा है। इस दौरान अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरम् नारायणं जानकी बल्लभम, कौन कहते है भगवान खाते नहीं बेर शबरी के जैसे खिलाते नहीं.. की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। मंच संचालन मनोज लडढा एवं संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। भजन गायक रवि दाहिमा ने श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है .जैसे भजनों पर भक्तजनों को घंटो झुमते रहें। बाबा का खजाना के तहत हाजरी लगाने वाले श्रद्धालु भक्त माहुरी समाज के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, अंश कुमार गया को तीन बाण की तस्वीर दी गयी। मौके पर पप्पु सिंह, आनन्द कुमार, विपुल चौधरी, संजय शारदा, अरविन्द चौधरी, संतोष लडढा, यश दाहिमा, विशाल कपसिमें, जय दाहिमा, उमंग कंदोई विवेक सहल, दिपेश जेठवा, विवेक सहल महावीर खेतान, संजु पिलानिया, विष्णु चौधरी, संजय नरेडी, पंकज तरवे, संजय भोजनवाला, मिलन शाहवादी, अभिनाष कपसिमे, भोलु तरवे, मनोज चौधरी, विमल पचीसिया, राजेश भदानी, विभुतिकांत सिंह कौतय, विशाल भदानी, आर्यन हर्ष राज, विशाल सिंह, कृत्रिका मोदी, नीशा अग्रवाल, जुली दाहिमा, नीतु जोशी, कुमकुम भदानी, संगीता जेठवा, सुनीता सलुजा, सीमा सहल, आशा देवी, रेखा भदानी, मनोरमा भदानी, सरिता कपसिमें, मंजु देवी, मधु सिंह , कुसुम चौधरी, पुनम भदानी मौजूद थे।

## पांच दिवसीय शिविर में शिक्षकों को मिली योग की जानकारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आयुष विभाग झारखंड सरकार ने सीआरसी सर्वोदय प्लस उच्च विद्यालय मरकच्चो प्रखंड ब्लॉक के पास पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि आयुष विभाग के डॉ सुरेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि मरकच्चो प्रखंड की पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, समाजसेवी गोविंद शरण मोदी, योगाचार्य योगी सुषमा सुमन, प्रदीप कुमार सुमन, विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार, योग शिक्षक सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृष्णदेव यादव, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नवीन कुमार पांडे, अवधेश कुमार गोस्वामी, नुनु लाल प्रसाद यादव, जीव लाल राम, मुंशी राम, सुशील राम, कालू विश्वकर्मा, कैलाश साहू, पूनम कुमारी, अशोक राम, भारती कुमारी सिन्हा, रानी, मनोज सिंह, विनय कुमार सिंह, छोटू साहू, महेश यादव, अमित कुमार पांडे, मनोज कुमार दास, नागेश्वर ठाकुर, कृष्ण देव यादव, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नवीन कुमार पांडे, मुनीलाल प्रसाद यादव, दीपक कुमार, मनोज ठाकुर समेत अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## फर्नीचर कर्मियों ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में दर्जनों फर्नीचर कर्मियों ने बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में वन प्रमंडल कार्यलय में डीएफओ सूरज कुमार सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 6 जनवरी शुक्रवार को जयनगर रूपईडीह पंचायत निवासी अर्जुन राणा पिता स्व. बद्री राणा के दुकान से फर्नीचर कार्य में उपयोग आने वाला रंदा मशीन को वन विभाग के द्वारा उठाकर ले जाया गया है। यह मशीन सभी फर्नीचर कर्मियों के द्वारा उपयोग किया जाता है। यदि इस मशीन को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा तो सभी फर्नीचर कर्मियों के समक्ष रोजी-रोटी के साथ-साथ जीवन निर्वहन के ऊपर संकट आ जाएगा। वहीं पूर्व विधायक श्री यादव ने बताया कि डीएफओ से मिलकर फर्नीचर दुकानदारों की समस्याओं से अवगत करवाया जिसपर उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए वरीय पदाधिकारी से मंतव्य मांगी जाएगी।

## जहीरुद्दीन मियां बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मरकच्चो के मूर्कमनाय पंचायत के ग्राम लोहड़ियो निवासी जहीरुद्दीन मियां को कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर प्रखंड भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में लखन पासवान, बसंत साव, सुरेश दास, मोहम्मद सिराज, अशोक यादव, वासुदेव यादव, शैलेंद्र साव, पवन यादव, शंकर यादव, कृपा सागर साव, रहीम अंसारी समेत कई लोगो के नाम शामिल हैं। लोगों ने आशा व्यक्त की है कि इनके नेतृत्व में भाजपा में अल्पसंख्यकों का रुझान बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी।

## बैंक ऑफ इंडिया में लोन मेला का आयोजन कल

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद में गुरुवार को लोन मेला का आयोजन होगा। इसकी जानकारी शाखा प्रबंधक शंभू कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 19 जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद में एरिया मैनेजर विमल कांत झा के नेतृत्व में लोन मेला का आयोजन किया जाएगा। इस लोन मेला में क्षेत्रीय कार्यालय से एरिया मैनेजर विमल कांत झा उपस्थित रहेंगे जो उपस्थित लोगों को ऋण संबंधित जानकारी देंगे। इस मेला का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को ऋण मुहैया करवाना है। इच्छुक लाभुक से उक्त तिथि को बैंक ऑफ इंडिया परसाबाद शाखा पधार कर लोन संबंधित जानकारी लेकर इस मेला का भरपूर लाभ लेने की अपील शाखा प्रबंधक शंभू कुमार दास ने की है। यह भी बताया कि योग्य लाभुक को कम से कम समय में ऋण मुहैया करवाया जाएगा।

## मां का इलाज कराने गये बाहर, घर से 15 लाख के जेवर की हो गयी चोरी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के झुमरीतिलैया में एक घर से 15 लाख के जेवर और 50 हजार नगद की चोरी हो गई है। इस मामले में मधेपुरा निवासी और इंडियन आयल कारपोरेशन के मैनेजर अभिषेक कुमार (30) ने तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में अभिषेक कुमार ने कहा है कि वह तिलैया थाना अंतर्गत नवादा बस्ती में सुशील कुमार के यहां एक साल से किराए पर रह रहे हैं। गत 12 जनवरी को मां का इलाज कराने पटना गए थे। इलाज के बाद 16 जनवरी की शाम वापस लौटे। जब पत्नी मोनी कुमारी ने घर का ताला खोलने का प्रयास किया तो पाया कि पहले से ताला खुला हुआ है और उसको फसा दिया गया था। घर में प्रवेश करने पर भी सारा सामान बिखरा पड़ा था, वहीं सारे आभूषण गायब थे। चोरी गए आभूषणों में सोने का चेन, चूड़ी, ब्रेसलेट, रिंग, इयररिंग कुल मिलाकर 15 लाख रुपए मूल्य के जेवर और 50 हजार रुपये नगद की चोरी हो गई है। मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 13/23 दर्ज किया गया है, वहीं पुलिस छानबीन में जुटी है।

# ट्रक की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मंगलवार को लोकाई स्थित सेंट क्लेयर्स स्कूल में एडमिशन कराने आए एक बच्चे की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सेंट क्लेयर्स स्कूल में खरखार निवासी रोहित साहू अपने 3 वर्षीय पुत्र रीत्विक का नामांकन कराने आए थे। नामांकन के बाद स्कूल परिसर से जैसे ही सड़क पर आए एक ट्रक जेएच 12सी 8543



ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया और उसकी वहीं मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गयी, बच्चे को अस्पताल ले जाया गया परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर ट्रक को पकड़ लिया गया है लेकिन चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कोडरमा गिरिडीह रोड को जाम कर दिया। इसी मार्ग से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोडरमा से गिरिडीह भी जाना है इसलिए काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन ने सड़क जाम को समाप्त कराया। एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने जाम स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से बात की जिसके बाद जाम हटा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, कई जगह रम्बल स्ट्रीप भी लगाए गए हैं परंतु सड़क हादसे रुक नहीं पा रहे हैं। उक्त स्कूल के पास कोडरमा बाघीटांड़ बाईपास के लिए टर्निंग भी है और इस वजह से भी हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

# लोकसभा चुनाव को आम जनता के सहयोग एवं विश्वास से जीतना है : जलेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि हमे अपनी पार्टी को बुथ स्तर तक और मजबूत बना कर मंहगाई, बेरोजगारी से त्रस्त किसान, मजदूर, छात्र, छोटे व्यापारियों की आवाज को दमदार तरीके से उठाते हुए लोकसभा चुनाव 2024 को आम जनता के सहयोग




एंव विश्वास से जीतना है। उन्होंने भाजपा की वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में किये गए कुप्रचार एवं फरेब से जनता को सावधान करने पर बल दिया। प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूरी सफलता के साथ संपन्न होने जा रही है तथा पुरे देश में मिल रहे अपार जनसमर्थन सहयोग एंव स्नेह को देखते हुए नौ फरवरी 2023 से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को सफल बनाने का अह्वान किया गया है। इस अवसर पर हजारीबाग विधान सभा के प्रभारी कमल ठाकुर, बरही विधान सभा के प्रभारी अशोक कुमार सिंह, बड़कगांव विधान सभा के प्रभारी इंदिरा तुरी, बरकठ्ठा विधान सभा के प्रभारी पिंकी सिंह, मांडु विधान सभा के प्रभारी आलोक तिवारी, महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा, अवधेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, डॉ. आरसी प्रसाद मेहता, दिगम्बर प्रसाद मेहता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रकाश कुमार ने किया। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रखंड अध्यक्षों में रविन्द्र गुप्ता, अब्दुल मनान वारसी, गौतम कुमार मेहता, लाल मोहन रविदास, अजित कुमार सिंह, मो. मोइनउद्दीन, मो. नौशाद, कौलेश्वर प्रजापति, राम जन्म राय, सत्यनारायण प्रसाद, सुरेश प्रसाद महतो, शिबू प्रसाद सोनी के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## विधायक ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुरुंगा के उन्नयन के लिए विविध कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत के ग्राम लुरुंगा में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास दिन सोमवार को किया। वही कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर व पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास से पूर्व विधायक की ओर से भूमि पूजन किया गया। गौरतलब है कि विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से लगभग 50 लाख की लागत से विद्यालय के



उन्नयन हेतु विविध कार्य करवाया जा रहा है। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य होने से गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल विद्यालय में बन पाएगा। बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा व संसाधन मिलेगी। विधायक ने कहा कि मैं जनहितैषी कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहूंगी, पूरे क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है, दिन प्रतिदिन बड़कागांव विधानसभा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कार्य करा रहे संवेदक को कहा कि विकास योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चारदीवारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए तथा निर्माण कार्य समय से पूरा करें। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया मालती देवी, शमशेर आलम, पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक लखेश्वर महतो, सुधि महतो, सुरेश साहू, गीता देवी, मनोज महतो, उमेश साव, विनोद साव, दूधेश्वर तुरी, धनु गंजू, मेघलाल तुरी, कुलेश्वर गंजू, कैलाश महतो, देवेंद्र ठाकुर, केवल महतो, सुरेंद्र महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ गोमिया एस एच में जमनिजारा के समीप कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। इस सम्बंध में बताया गया कि बेरमो से चार युवक मनाने कोनारडैम आये थे लौटने के क्रम में जमनीजारा के समीप कार दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिसमे कार पर सवार अजय रवानी 30 एवं सौरभ बंगाली 28 की मौत घटनास्थल पर हो गयी। वही कार का चालक पिंटू कुमार 28 गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। घटना सोमवार शाम की बताई गयी।

## सुनील गुप्ता की मौत की सीआइडी जांच हो : डॉ आरसी मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सुनील गुप्ता की मौत पीड़ादायक है पुलिस ने एक आरोप के तहत सुनील गुप्ता को कस्टडी में लिया था इसके बाद इलाज के दरमियान मौत हो गया। प्रशासनिक पदाधिकारियों के अनुसार एरेस्टिंग के बाद भागकर छत पर चढ़ गए और छत से गिरने से दुर्घटना हुई है। झारखंड सरकार सीआईडी या अन्य जांच एजेंसी के द्वारा इस घटना की



जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दे एवं पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिले। यह बातें कांग्रेस के पूर्व हजारीबाग विधायक प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने पीड़ित परिवार सांत्वना देने के बाद शोक संतिप्त परिवार के घर पत्रकारो से कहा। डॉ मेहता ने कहा की पीड़ित परिवार को परिवारिक लाभ आर्थिक सहायता के साथ इनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए। क्योंकि इस परिवार में सुनील गुप्ता ही एक धन उपार्जक थे जिनका कस्टोडियन मौत हुई है। सुनील गुप्ता ने पत्नी माला देवी को मृत्यु से पूर्व सुनील गुप्ता इलाज के दरमियान अस्पताल में कहा था पुलिस हमें बहुत शारीरिक टॉर्चर किया है, जिस कारण मैं बोल नहीं पा रहा हूं। पुलिस का अधिकार है पूछताछ एवं कस्टडी में लेना है कस्टडी के दरमियान टॉर्चर हुमैन राइट के खिलाफ है। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कोमल राज समेत अन्य उपस्थित थे।

## चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी व जेपीएससी को लेकर अर्थशास्त्र की कक्षाएं 20 जनवरी से शुरू

### निः शुल्क पंजीयन करा कर डेमो कक्षाओं का अभ्यर्थी उठा सकते हैं लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में आगामी 20 जनवरी से अर्थशास्त्र की कक्षाएं शुरू हो रही है। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शिक्षक डॉ. यू.बी. सिंह अर्थशास्त्र की कक्षाएं लेंगे। वहीं शिक्षक डॉ. यू.बी. सिंह ने बताया कि दरअसल अर्थशास्त्र सिविल सेवा परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में करीबन 20 फीसदी प्रश्न केवल अर्थशास्त्र से पूछे जाते हैं। वहीं मेंस और साक्षात्कार में भी इसकी भूमिका काफी अहम होती है। अर्थशास्त्र की तैयारी को लेकर विशेष पुस्तक के



बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दरअसल यूपीएससी और जेपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को विषय की प्रारंभिक ज्ञान रहती है, उन्हें अर्थशास्त्र को व्यवहारिक कैसे बनाया जाए, इसके बारे में बताया जाता है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र की तैयारी एक स्टैटिजी बनाकर आसानी से की जा सकती है। ऐसे में अर्थशास्त्र की एनसीईआरटी की पुस्तक के साथ मार्गदर्शक और शिक्षक की आवश्यकता होती है, जो संस्थान के माध्यम से आसान बनाया जा सकता है और चाणक्य आईएएस एकेडमी बीते 30 वर्षों से यह लाभ देश भर के 24 संस्थानों में अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा रही है। हजारीबाग शाखा में भी राजधानी दिल्ली के विषय विशेषज्ञों की कक्षाएं आयोजित कराना वाकई स्थानीय विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी है। बताते चलें कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक, परास्नातक और पीएचडी की डिग्री हासिल कर वर्ष 2007 से चाणक्य आईएएस एकेडमी से जुड़े डॉ. यू.बी. सिंह अब तक राजनीति और अर्थव्यवस्था से जुड़ी 20 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं, जिसे प्रभात प्रकाशन सरीखे देश के कई महत्वपूर्ण प्रकाशकों ने छापा है। अभी हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय संबंध नामक पुस्तक लिखी है, जिसकी चर्चा देश भर में है। डॉ सिंह सिविल सर्विसेज टाइम्स जैसे नामचीन मासिक मैगजीन के संपादक रह चुके हैं और फिलहाल युनिक सामान्य अध्ययन को संपादित करने की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। साथ ही अर्थव्यवस्था परिदृश्य आज और कल मासिक मैगजीन के वर्तमान में संपादक भी हैं। संस्थान में दो दिनों की डेमो कक्षाएं भी अभ्यर्थियों को दी जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी निः शुल्क पंजियन कराकर डेमो कक्षाओं का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही संस्थान के कार्यालय में आकर अर्थशास्त्र की संपूर्ण तैयारी को लेकर नामांकन भी करा सकते हैं। नामांकन जारी है।

## जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने दो टीवी मरीज को लिया गोद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने हजारीबाग जिले के दो टीवी मरीज को गोद लिया है। श्री मेहता दोनो टीवी मरीज को अगले 6 माह तक पोषण आहार की सहायता समेत अन्य सहायता करेंगे। टीवी मुक्त अभियान के तहत उन्हें निक्ष्य मित्र बनाया गया है। इसी अभियान के तहत जीप अध्यक्ष ने दोनो टीवी मरीज को गोद लिया है।

## अनियंत्रित बालू लदा ट्रैक्टर पलटा



**चरही (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू लदा ट्रैक्टर नेशनल हाईवे 33 सोमवार को देर रात पंद्रह मैल में पलटने से चालक को गम्भीर चोटे आया है जिसको इलाज के लिए मांडू स्वस्थ केंद्र में भर्ती करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर सरबहा गांव का है जो हमेशा बालू में ही जलता है। इस प्रकार की अवैध खिन्न कर उंचे दामों बेचा जाता है इधर सरकार को हजारों रू की चुना लग रहा है और अवैध खन्न से नदी नाले का जल स्तर काफी चला गया है जिससे गर्मी के दिनों में पशुओं एंव पंक्षी को पिने के लिए भी नसीब नहीं होता है। प्रशासन को चाहिए की से अवैध कार्य करने वाले को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है।

## गंगासागर से स्नान कर वापस लौटे तीर्थयात्री



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के नारायणपुर, भराजो, अमनारी और झरपो से 72 तीर्थयात्रियों का जत्था 6 जनवरी को गंगासागर के लिए निकला था। 15 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मकर स्नान कर घर वापस लौट आए हैं। सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत झरपो बुधबाजार चौक दुर्गा मंडप प्रांगण में स्थानीय मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रविल प्रसाद ने माला पहनाकर किया। बता दे कि झरपो बुधबाजार दुगार्मंडप के प्रांगण से झरपो निवासी लक्ष्मी पाण्डेय के नेतृत्व में 6 जनवरी को विजय मेहता, मालती देवी, मनोरमा देवी, बसुदेव महतो, मनोरमा देवी, हिरामन महतो, जगलाल महतो, पार्वती देवी, जयलाल महतो, नागों पासवान, तुलसी साव, चुरामन महतो, कमल महतो, नागों पासवान, जसवा देवी, रोहणी देवी, रामेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, दसों महतो समेत अन्य 72 तीर्थयात्रियों का जत्था लेकर रजरप्पा के छिनमस्तिके, पूरी, धवला गिरी, जगरनाथ पुर, मौसीबाड़ी, नागा बाबा, विक्टोरिया, तारामंडल, कालीघाट, तारापीठ, व गंगासागर में स्नान कर भक्त लौट आये झरपो में कौलेश्वर मिश्रा, सुरेश प्रसाद, शम्भू प्रसाद, सहित परिजनों ने स्वागत किया। और बैंडबाजा के साथ तीर्थयात्रियों को घर तक पहूँचाया।

## हजारीबाग जिला की सभी पंचायत समिति सदस्य की बैठक कल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में पंचायत चुनाव संपन्न हुए लगभग 7 महीना हो चुकी है लेकिन चुनाव तक ही सीमित रह रहे है सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य । केंद्र सरकार, झारखंड सरकार से लेकर जिला प्रशासन तक पंचायती राज अधिनयम 2001 में उल्लेख अधिकार को पन्नो में सिमट कर रखने का कार्य कर रहे । आज तक पंचायत समिति को न एक भी प्रशिक्षण और ना ही कोई अधिकार मिल रही है । पंचायत समिति सदस्यों की दर्जनों समस्या को लेकर 19 जनवरी को 2023 को जिला के सभी पंचायत समिति सदस्यों की होगी महाजूटान और लिए जायेंगे अपने हक अधिकार की प्रस्ताव ।जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष सह टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने हजारीबाग जिला के सभी पंचायत समिति सदस्यों को निर्धारित तिथि पर बैठक में भाग लेने का अनुरोध करते हुए कहना है की पंचायत समिति सदस्यों को जनता ने बहुत ही उम्मीद से भोट देकर जिताने का कार्य किए है । जनता की संपूर्ण आवाज बनने का कार्य करेंगे पंचायत समिति सदस्य।

## प्रखंड की सभी पंचायत में आमसभा आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के सभी पंचायत के गांव में आम सभा का आयोजन किया गया। गांवों में आम सभा होने का मुख्य उद्देश्य सरकार के सभी योजनाओं को गांव के लोगों तक जोड़ना है। टाटीझरिया पंचायत के टाटी और टाटीझरिया में मुखिया सुरेश यादव के अध्यक्षता में, भराजो पंचायत के मथुरानगर में मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता, डुमर पंचायत के सिझ़ु में मुखिया ममता कुमारी की अध्यक्षता में, झरपो पंचायत के महलोनिया में मुखिया शिबुप्रसाद सोनी की अध्यक्षता में, खैरा पंचायत के करमा में मुखिया कुमारी माधुरी की अध्यक्षता में, डहरभंगा पंचायत के केसडा में मुखिया रेखा देवी की अध्यक्षता में, धरमपुर पंचायत के मुखिया कांती देवी की अध्यक्षता में, बेडम पंचायत में मुखिया सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में किया गया। आम सभा में मुख्य रूप से रोजगार सेवक उपस्थित थे। बैठक में मुखिया ने कहा कि सरकार की योजना को गांव स्तर पर पहुंचाने के लिए गांव में आम सभा किया जा रहा है । आम सभा में मनरेगा, 15 वें वित्त समेत अन्य विभाग के योजना लिया गया आम सभा में रोजगार सेवक अरूण कुमार, नेमचंद्र कुमार, संतोष राम, निरंजन कुमार, अरविंद कुमार, उपेंद्र पांडेय, सुजीत रजक, रविंद्र यादव, अशोक यादव, सरयु प्रसाद, रोहित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## संवेदक संघ ने स्व राम प्रकाश भाई पटेल के परिजन को सहायता राशि सौंपी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संवेदक संघ हजारीबाग ने संघ के नियमानुसार मृतक स्वर्गीय राम प्रकाश भाई पटेल की पत्नी गीता पटेल को एक लाख रुपैया का चेक सहायता राशि बनासो स्थित उनके आवास में जाकर सौंपा। संवेदक संघ ने सबसे पहले स्वर्गीय राम प्रकाश भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संवेदक संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता ने कहा कि जिन विभागों में संवेदक स्वर्गीय राम प्रकाश भाई पटेल का कार्य रुका होगा उनके कार्यों को पूरा कराने के लिए संवेदक संघ प्रयासरत रहेगी। स्वर्गीय राम प्रकाश भाई पटेल वरिष्ठ संवेदक थे उनका मार्गदर्शन हमेशा संघ को मिलता था, उनकी कमी हमेशा खलेगी। सहायता राशि सौंपने वालों में संघ के सचिव मुकेश कुमार, मुख्य संरक्षक दीपक कुमार, अजय कुमार सिंह, संजय उपाध्याय, उपाध्यक्ष विशेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, बहादुर पटेल, पवन पांडे, उपेंद्र पांडे, रिंकू पांडे, राजकुमार पांडे, टीपू लाल महतो, संजय अखोरी समेत अन्य संवेदक उपस्थित थे।

## मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टाटी में पहली और दूसरी कक्षा के कुल 22 विद्यार्थियों के बीच मुखिया सुरेश यादव ने पोशाक का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही पोशाक, किताब, छात्रवृत्ति वितरण योजना सराहनीय है। यह योजना गरीब अभिभावकों के लिए सार्थक सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए अभिभावक शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। मौके पर दौलत प्रसाद, सुरेश सिंह, संजय अगेरिया, सुरेश अगेरिया, महेश अगेरिया, संतोष अगेरिया, गोवर्धन अगेरिया, ईश्वर अगेरिया, पिंटू अगेरिया, गोविंद अगेरिया, कुलदीप अगेरिया, मालती देवी, कंचन देवी, बबीता देवी, मंजू देवी व अन्य उपस्थित थे।

## बिजली को लेकर कैंप का आयोजन

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सोसोकला गांव में मंगलवार को विद्युत विभाग की ओर से बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन 10:30 से लेकर 2:30 तक किया गया। विभाग के एसडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि कैंप के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं के कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। उन्होंने बताया कि कैम्प में सौभाग्य योजना के तहत छः आवेदन आया। जिसका विधि संवत समाधान करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही वैसे उपभोक्ता जिनका एक भी बील आज तक नहीं निकला था, खराब मीटर से संबंधित समस्या का निष्पादन, बीना मीटर वाले कंज्यूमर के समस्या का समाधान, राजस्व वसूली से संबंधित, बील सुधार से संबंधित एवं अन्य कई समस्याओं का समाधान कैम्प के माध्यम से किया गया। कैंप में जेई राजेन्द्र उरांव सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## उरीमारी परियोजना में डंपर की चपेट में आने से युवक की हुई मौत



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना के पोटंगा वर्कशॉप के समीप मंगलवार की सुबह सीसीएल के डंपर की चपेट में आने से तिलैया निवासी युवक की हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जुरा मांझी लगभग 22 वर्ष पिता बाबूलाल मांझी तिलैया निवासी जो सुबह करीब 6:30 बजे अपने रिश्तेदार सीसीएल कर्मी मन्नराम मांझी को चार चक्का गाड़ी का चाबी देने आया था। अपने रिश्तेदार को पोटंगा वर्कशॉप में नही देख वह उरीमारी वेश वर्कशॉप पहुंच गया। वहां पता चला कि उसका रिश्तेदार पोटंगा वर्कशॉप में ही है। युवक ने वापस पोटंगा वर्कशॉप पहुंच मन्नराम मांझी फोन पर बात किया। फोन पर बात होने के बाद युवक ने अपने मोटरसाइकिल को किनारे लगाने लगा। इसी क्रम में वह युवक सीसीएल के डंपर की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उस की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने कोलियरी का काम बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने मुआवजे के तौर पर 20 लाख रुपए एवं परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाने की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर ट्रेड यूनियन के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। ट्रेड यूनियन ने सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच मध्यस्थता करते हुए पांच लाख रुपए नगद मुआवजा और एक व्यक्ति को आउटसोर्सिंग कंपनी में नौकरी देने पर सहमति बनी। जिसमें सीसीएल प्रबंधन के द्वारा तत्काल मृतक के परिजनों को एक लाख रुपए एवं शेष राशि जनवरी के अंतिम माह तक देने का लिखित दिया।

## एएमपीएल फाउंडेशन कंपनी ने सीएसआर मद से बुजुर्गों के बीच बांटे कंबल



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र कोयद पंचायत के गोडवार गाँव में स्थानीय मुखिया किसुन राम, विस्थापित नेता उमेश कुमार गंझू के पहल पर असहाय गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया।कंबल पाकर लाभुकों को ठंड से राहत मिलेगी और बढते शीतलहरी को देखते हुये यह कदम कंपनी के तरफ से उठाया गया।और कंपनी के द्वारा कई गाँवों में कंबल वितरण किया जा चुका है। और बचे कुछ गाँव में भी किया जायेगा। कंपनी का लक्ष्य है कि बुजुर्ग लोग ठंड से बीमार में पड़े वैसे परिवारों को राहत देने का काम कर रही है।इस मौके पर कोयद मुखिया किसुन राम, उमेश कुमार गंझू, लखन गंझू, लोकनाथ गंझू, उमेश गंझू, झनकु यादव, गुड्डी देवी आदि कई ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## राज्यसभा सांसद के सौजन्य से 40 जरूरतमंदों को मिला कंबल




**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। यह वितरण राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से किया गया। कंबल वितरण प्रतिनिधि हाजी मो साबिर हुसैन ने बताया कि 40 गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि ठंड में गरीब ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण करना पुण्य का काम है। वहीं कंबल लेने पहुंचे गरीब ग्रामीणों के बीच रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल के द्वारा चूड़ा और गुड का वितरण किया गया। कंबल और चूड़ा गुड़ वितरण के मौके पर रेड क्रॉस के कार्यालय सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सीइओ से खुदरा सब्जी मंडी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन के पदाधिकारी आज करेंगे मुलाकात



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** खुदरा सब्जी मंडी विक्रेता संघ वेडिंग जोन रामगढ़ की एक आवश्यक बैठक न्यू बस स्टैंड सब्जी मार्केट में की गयी। बैठक की अध्यक्षता खुदरा सब्जी मंडी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल ने की। जबकि संचालन सचिव संजय कुशवाहा ने किया। मौके पर सभी सब्जी विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर अध्यक्ष नीरज मंडल समक्ष बातें रखी। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बुधवार को अध्यक्ष नीरज मंडल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल छावनी अधिशासी अधिकारी रामगढ़ कैंट से मिलेंगे। साथ ही समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, सब्जी खुदरा विक्रेता संघ के संजय बनारसी, लालू शर्मा, रामप्रवेश साव, लक्ष्मण महतो, अजय कुमार, लेखनाथ महतो, मुकेश कुमार साव, प्रीतम कुमार, बसंत कुमार, जयवीर महतो, सोनू महतो, डालचंद महतो, दीपक सोनकर, बिनोद कुमार, संभू साव, उमेश साव, प्रदीप महतो, तारा देवी, जानकी देवी, रीना देवी, अनीता देवी, रीता देवी, परमिला देवी, झलकी देवी, जमुना देवी, गीता देवी, सबिता देवी, रमनी देवी सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## तोपा लोकल सेल में मजदूरी राशि वसूली को लेकर दूसरी बार पहुंचे मोर्चा के लोग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा लोकल रोड सेल में मजदूरी राशि की वसूली को लेकर सेल संचालन समिति के खिलाफ दूसरी बार रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा के लोग तोपा कांटा घर पहुंचे। जहां जमकर बबाल काटा। वही, ट्रकों से लोडिंग के नाम पर वसूली की जा रही राशि को मोर्चा द्वारा वसूले जाने की भनक पर सेल संचालन समिति के लोग भी आ धमके। जिससे अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया और वजन कार्य ठप हो गया। बाद में सेल संचालन समिति ने मजदूरों व मोर्चा के लोगों को समझाते हुए आगामी 22 जनवरी को तोपा रेस्ट हाउस में मोर्चा द्वारा मांगे गए सभी बारह बिंदुओं पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। साथ ही देखरेख के लिए कांटा घर मे दो लोगों को रखने की बात कही। जिस पर मोर्चा के लोगों ने अपने दो लोग निगरानी के तौर पर छोड़कर लौट गए। जिसके बाद ट्रकों का वजन कार्य पूर्व की भांति प्रारंभ हो गया। मौके पर सेल संचालन समिति की ओर से अध्यक्ष धनेश्वर मांझी, राजेश्वर गंझू, रामभजनलाल महतो, असगर अली, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, यूनुस परवेज, गोपेश्वर करमाली, इलियास अंसारी, विनोद महतो सहित विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा की ओर से अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव मोहम्मद इस्लाम, शमशेर आलम, हाजी शाहिद अली, अरशद अंसारी, निर्मल करमाली, उमेश रविदास, फरीद अहमद, जयवीर हांसदा, ललित राम, अशोक गुप्ता, ओली नायक, महेंद्र रविदास, जितेंद्र मांझी, लक्ष्मी प्रसाद, मोहम्मद यासीन, जालंधर करमाली, सुनील किस्कू, नसीम अंसारी, विजय पासवान, अजय रविदास, रामप्रवेश, सुनील कुमार, फरीद अहमद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कुजू रेलवे साइडिंग में फिर शुरू हुआ कोयला चारकोल का मिलावटी खेल

## कोयले में चारकोल मिलावट कर भेजा जा रहा है पावर प्लांट



**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कोयला और चारकोल पर जारी पाबंदी में ढील दी जाने की सूचना है, जिसके कारण एक बार फिर कोयला चारकोल का गोरखधंधा बड़े पैमाने पर शुरू होने की खबर है। कोयला चारकोल की हेराफेरी आराम से होने की बात सामने आ रही है। नजदीकी पावर प्लांट से चारकोल मंगाया जा रहा है, जिसे कोल साइडिंगों में खपाया जा रहा है। इस गोरखधंधे में कोयला ट्रांसपोर्ट में लगी कंपनी के मालिक मालामाल हो रहे हैं।

### बॉस का आदेश, खुल कर करो चारकोल का खेल, ऊपर तक सेटिंग

चारकोल कोयला मिलावटी खेल में कोई छोटी मछली नहीं है, जिसे हाथ लगाया जा सकता है। सूत्रों का दावा है कि इस खेल में कई अधिकारियों की डायरेक्ट भूमिका है, जिनके इशारे पर मिलावटी खेल में शामिल लोग खुलकर कोयला चारकोल की हेराफेरी करते हैं। हालांकि कभी कभार कार्रवाई भी देखने को मिलती है। लेकिन ऊपरी दबाव के कारण मामला टांय टांय फिस्स हो जाता है। इधर सूत्रों का दावा है कि चारकोल के खेल का कोई नया बॉस है, जिसने चारकोल का खेल खेलने को कहा है। उसने आदेश दिया है कि खुलकर कारोबार करो, जबकि पूरे प्रकरण में एक प्रवीण नामक व्यक्ति का नाम आ रहा है। वह रांची में बैठकर खेल में अहम भूमिका निभा रहा है।

### चारकोल की बड़ी खेप पहुंच रहा है कुजू रेलवे साइडिंग

सूत्रों ने बताया कि चारकोल और कोयला मिलावटी का खेल पिछले 4 दिनों से शुरू हुआ है। शुरूआत से चारकोल की बड़ी खेप कुजू कोल साइडिंग में पहुंच रही है। चारकोल को रात के अंधेरे में प्लांटों में लोड कराया जाता है, जिसे रात में ही कोल साइडिंग पहुंचाया जाता है। जहां रातों-रात उच्च क्वालिटी के कोयले में चारकोल को मिलाया जाता है। उक्त मिलावटी कोयले को रैक के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों में स्थापित पावर प्लांट भेजा जा रहा है, जिसके कारण बाहर के पावर प्लांट मालिकों को मिलावटी कोयला मिल रहा है, जबकि मिलावटी खेल में शामिल लोग दिन दूना रात चौगुना तरक्की कर रहे हैं।

## कुजू से नौकरी करने चेन्नई गयी तीन युवती हाइटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** कुजू से नौकरी करने चेन्नई गई तीन युवती विधुत हाईटेंशन तार के चपेट में आने से झुलस गई। जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर झुलसे युवतियों के परिजन डटमामोड़ स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर आकर मुआवजे की मांग को लेकर बवाल काटा। वहीं, आजसू नेता तिवारी महतो ने भी सेंटर पहुंचकर एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और संस्था द्वारा भेजे गए सभी युवतियों को वापस बुलाने आदि की मांग रखी। जानकारी के अनुसार, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी(निष्ठा) द्वारा डटमामोड में कौशल प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है। जहां युवतियों को सिलाई, कढ़ाई और फैशन आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। जिसके बाद युवतियों को नौकरी के लिए अन्यत्र भेजा जाता है। उक्त केंद्र से ट्रेनिंग के पश्चात गत 28 अगस्त 2022 को चेन्नई स्थित सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड में नौकरी के लिए अन्य युवतियों के साथ रबोध निवासी कुमकुम कुमारी, टंडवा चतरा निवासी पूनम कुमारी और केरीबंदा मांडू निवासी उर्मिला कुमारी भेजी गई थी। जहां कंपनी के मेन रोड तांब्रम स्थित लॉज में रह रहे थे। पोंगल पर्व को लेकर कंपनी में हुए तीन दिवसीय छुट्टी के दौरान सोमवार को तीनों युवतियां छत पर गई। जहां विधुत हाईटेंशन तार के चपेट में आने से कुमकुम कुमारी बुरी तरह से झुलस गई। वहीं, उर्मिला और पूनम को मामूली झटका लगने से हाथ व चेहरा झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही निष्ठा के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने कुमकुम की माँ और जीजा कृष्णा महतो को फ्लाइट से तत्काल चेन्नई भेजा। बाद में घटना की सूचना पर तीनों युवती के परिजन आजसु नेता तिवारी महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। जहां तिवारी महतो ने प्रबंधक से 24 घंटे के अंदर मुआवजे और नौकरी आदि की मांग की। अन्यथा सेंटर के विरुद्ध परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। वहीं, उन्होंने झारखंड प्रदेश सरकार के नाकामियों का हवाला देते हुए सरकार से प्रशिक्षण देकर युवक और युवतियों को प्रदेश में ही रोजगार मुहैया कराने की मांग की। इधर प्रशिक्षण केंद्र के मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। सेंटर द्वारा घायल युवतियों के मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।



## उपायुक्त से मिली धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल सह पिकनिक स्पॉट समिति




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** धोरधोरवा खावा पर्यटन स्थल सह पिकनिक स्पॉट समिति के तत्वाधान में समिति की एक शिष्टमण्डल ने मंगलवार को चतरा उपायुक्त अबु इमरान से मिले।इस मौके पर समिति अध्यक्ष मंगलदेव यादव, सचिव पाली महतो, कोषाध्यक्ष उमेश राणा ने उपायुक्त से धोरधोरवा खावा को पर्यटक के रूप में विकसित हो इस पर विचार विर्मश किया। वही चतरा उपायुक्त अबु इमरान ने शिष्टमंडल को भरोषा जताया की धोरधोरवा खावा उर्फ ललकि चट्टान को जरूर विकसित होगा बताया।इस मौके पर आरजेडी जिला अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व प्रमुख सीता राम, पर्यटन स्वक्षता प्रभारी राज किशोर वर्मा एवम जग्रनाथ महतो उपस्तिथ थे।

## सांसद खेल स्पर्धा को लेकर बीजेपी प्रतिनिधियों ने मंत्री को दिया आमंत्रण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** सांसद खेल स्पर्धा को लेकर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रतिनिधियों का एक दल राज्य के श्रम प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भेंट किया। इस क्रम में प्रतिनिधियों ने मंत्री को खेल कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर एक आमंत्रण पत्र सौंपा। वहीं मंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुवे खेल के हरेक क्षेत्र में युवाओं को मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आज जमाना बदल रहा है। क्योंकि अब लोग पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी अपने भविष्य को न सिर्फ संवार रहे हैं बल्कि देश व दुनियां में भी अपने नाम का डंका बजा रहे हैं और आमदनी भी भरपूर कर रहे हैं। मंत्री से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी ज़िला मंत्री शिव बालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, सदर के प्रतिनिधि बिनोद सिंह, चतरा मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह शामिल थे।



## विडंबना, उत्क्रमिक +2 उच्च विद्यालय में एक हजार छात्रों की संख्या पर शौचालय नदारद

### जर्जर शौचालय, खुले में शौच जाने को मजबूर हैं छात्रा

**अजय चौरसिया**

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सरकार घर-घर शौचालय बनाने की बात कर रही है। वहीं दूसरी ओर स्कूली छात्र छात्राएं बाहर शौच जाने को मजबूर है। हाल है इटखोरी प्रखंड के परसौनी उत्क्रमिक प्लस 2 उच्य विद्यालय का शौचालय के लिए आज भी तरस रहे हैं। उक्त विद्यालय में एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं पठन-पाठन कर रहे हैं। पर उन्हें आज खुले में शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां सबसे बड़ी परेशानी स्कूली छात्राओं के साथ है। स्कूल का शौचालय जर्जर स्थिति में है। यह बात छात्राओं ने आजाद सिपाही से बताया कहा 2019 में विद्यालय +2 के श्रेणी में आ गया । तब हम छात्र छात्राओं को लगा कि हमें अब बेहतर पढ़ाई व दुरुस्त व्यवस्था मिलेगा। पर आज हम छात्राओं को कबाड़ नुमा शौचालय में शौच जाना पड़ रहा है। जिससे हम सभी कभी भी बीमार पड़ सकतें हैं। बतादें पूर्व में दो शौचालय छात्रों के लिए बनाया गया था। पर अब वह शौचालय पूरी तरह टूट चुका है । जिससे कबाड़ का रूप ले लिया है। वहीं पूर्व में पंचायत से एक शौचालय निर्माण किया गया था। जो अब तक अधूरा है। बहरहाल यहां सरकार के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। जबकि एक स्लोगन दीवारों में आये दिन देखने को मिल जाते हैं। मन का मंदिर है देवालय,तन का मंदिर है शौचालय। छात्राओं ने जिला प्रशासन से स्कूल में शौचालय की मांग की है।



### सांसद खेल स्पर्धा के लिए पांच बच्चों का चयन, आज होंगे रवाना

चतरा, सांसद खेल स्पर्धा को लेकर इटखोरी प्रखंड से 15 बच्चों का सलेक्शन हुआ है। यह बात इटखोरी प्रखंड के परसौनी उत्क्रमिक प्लस 2 उच्च विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजाराम यादव ने दी। उन्होंने कहा सांसद स्पर्धा एथलेटिक्स खेल नेतरहाट में तीन दिवसीय आयोजित है। जिसमें प्रखंड के 15 बच्चों का चयन किया गया। जिसमें इटखोरी, परसौनी व टोनाटांड़ के स्कूल शामिल है। परसौनी उच्च विद्यालय के सिनेश कुमार, गौरव कुमार,शोनाली कुमार, कोमल कुमारी व प्रियांशु कुमारी का नाम शामिल है। उन्होंने बताया ये सभी छात्रों को कल प्रखंड से जिला लेकर जाना है। जहां जिला से बस के द्वारा नेतरहाट रवाना होगी। शारीरिक शिक्षक ने सभी बच्चों को टिप्स देकर कई गुढ़ दिए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य रिंकी कुमारी, पूर्व प्राचार्य हेमंत कुमार, शिक्षक कपिलदेव प्रसाद, निर्भय अम्बष्ट, रामप्रवेश पांडेय, प्रमचंद साव व अमित कुमार समेत उपस्थित थे।

## भाकपा ने विभिन्न मांगों को लेकर भुरकुंडा पीओ को सौंपा ज्ञापन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में बलकुदरा खुली खदान में विभिन्न समस्याओं को ले भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप अविलंब कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा है कि पीएलआर कंपनी द्वारा संचालित बलकुदरा खुली खदान में ब्लास्टिंग के दौरान मकानो में दरारें पड़ रही है। इसका असर खेतों में भी पड़ रहा है। जिसके कारण सुखाड़ की स्थिति बनती जा रही है। साथ ही कुंओं का जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है। वहीं प्रदूषण भी लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन इन समस्याओं का अविलंब समाधान करे वरना भाकपा आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालो में भाकपा जिला सचिव विष्णु कुमार, अंचल सचिव मनोज कुमार महतो, बलकुदरा शाखा सचिव मनोज पहान, रवि मुंडा, यदुराज मुंडा, सनी मुंडा आदि शामिल थें।

## पाली में जेएमएम पार्टी का गठन

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर के पाली पंचायत में जेएमएम पार्टी विस्तार कमेटी का गठन किया गया कमेटी के मुख्य अतिथि जेएमएम के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया द्वारा गठित किया गया साथ ही साथ कई मुख्य अतिथि जैसे रोहन बेदिया जिला उपाध्यक्ष, हरिलाल बेरिया संगठन सचिव, राजेन्द्र बेदिया प्रखण्ड अध्यक्ष, उदय अग्रवाल प्रखंड सचिव, मुकेश रावत पूर्व केंद्रीय सदस्य उपस्थित हुए। कमेटी का मुख्य उद्देश्य गांव के विकाश के साथ-साथ ग्रामीण में जेएमएम पार्टी की मजबूती से विस्तार करना है। पाली पंचायत जेएमएम कमेटी के अध्यक्ष तीरथ बेदिया को बनाया गया एवं उपाध्यक्ष अरुण रवानी, उपाध्यक्ष शान्ति देवी, सचिव किशोर प्रजापति, सहसचिव सोनाली देवी, सह सचिव ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष देव बेदिया, संगठन सचिव संतोष बेदिया और कार्यकारणी सदस्य श्याम सुन्दर बेदिया, महावीर करमाली, रामकिशुन बेदिया, नवीन बेदिया, गुदरीया बेदिया, ललीता देवी, राजो देवी, सुनीता देवी, प्रदीप बेदिया, किशोर बेदिया, जग्गू बेदिया, बाबुलाल बेदिया, रामा बेदिया, मुकेश बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, धनेश्वर प्रजापति, सुरज बेदिया, कन्हैया बेदिया, रोगन बेदिया, गनसु बेदिया, धनु बेदिया, बलराम बेदिया, नवीन, बेदिया, अमर बेदिया शामिल हुए।

## सिद्ध पीठ चबूतरा जवाहर नगर में हनुमान मंडली की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर हनुमान मंडली के तत्वावधान में मंगलवार को सिद्ध पिठ चबुतरा जवाहर नगर में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी व संचालन समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल व हनुमान मंडली के अध्यक्ष अप्पू मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को सिद्ध पिठ चबुतरा में अखंड-हरिकीर्तन कराने का सर्वसम्मति से निर्णय हुआ। साथ ही अखंड-कर्तीन की सफलता को ले विस्तार पूर्वक की गई। साथ ही साफ-सफाई, कोष संग्रह, टेंट, लाइट, साउंड, भंडारा आदि मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह भी निर्णय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 24 घंटे अखंड-कर्तीन में विभिन्न मंडलियों को आमंत्रित किया जायेगा। 27 अखंड-कीर्तन व रामायण पाठ के समापन पर 27 जनवरी को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। मौके पर कुलानंद पांडेय, मधुर मोहन मिश्रा, सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, बृजलाल सिन्हा, कुणाल मोहन मिश्रा, अभिषेक कुमार दास, ऋषभ सिंह, बिट्टू दुबे, विजय मोहन मिश्रा, अमित पांडेय, यश राज सिंह, रामचंद्र गुप्ता, प्रकाश राणा सहित कई लोग मौजूद थें।

## भुरकुंडा रामनगर में निर्माणाधीन शिव मंदिर की ढलाई आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हिन्दू जागरण मंच के रामगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा ने प्रेस बयान जारी कर बताया है कि भुरकुंडा के रामनगर स्थित निमार्णाधीन शिव मंदिर का छत ढलाई बुधवार को होगा। उन्होंने हिन्दू धमार्नुरागियों से इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर पिछले छह माह से निमार्णाधीन था। मंदिर निर्माण कार्य हेतु राजेंद्र राम को अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सौंपा गया था। उन्होंने क्षेत्रवासियों से निर्माण में सहयोग को ले अपील की है। साथ ही 9162172033 नंबर पर फोन के जरिये सहयोग करने की अपील की है।

## विस्थापन के लिए जिंदा में घर छोड़ना, मर कर घर छोड़ने जैसा : श्याम सुंदर गुप्ता



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** देश विकासशील से विकसित होने के पायदान पर है। अपने दम पर नहीं सहायतार्थ के दम पर दिन-रात विकसित हो रहा है। जिसमें मानवाधिकार का भी कमोवेश हनन हो रहा है, और गांव के गांव विस्थापन के कगार पर खड़ा है। जिसके लिये कोई नीति नहीं कोई नियति नहीं आज कोयला खनन, पावर प्लांट एवं किसी प्रकार का उधोग लगाने हेतु बोली लगायी जा रही है।और गांव के गांव का विस्थापन हो रहा है। मानो ऐसा लग रहा है कि दोनों हाथों से खा लो कल मिले ना मिले, मगर पहले अपने दम पर एक हाथ से खाते थे, और दूसरे हाथ से खिलाने के लिए अगली पीढ़ी के लिए रख देते थे। इसका अनेकों उदाहरण है राय, बचरा, चूड़ी के कोलियरियां जहां तीन चार पीढ़ियां बीत गयी, और आज भी जिंदा है। आज एक पीढ़ी के लिए खाने पीने की व्यवस्था से विस्थापन हो जाना एक ऐसी त्रासदी को जन्म देती है मानो रविस्थापन जिंदा में घर छोड़ना, मर कर घर छोड़ने जैसाश इस विपदा को करीब से देखने पर पता चलता है जैसे मृत शरीर को घर के व्यक्ति अग्नि देता है। उसी तरह अपने ही घर को अपने से उजाड़ना पड़ता है। जिसमें बचपन की यादें समाहित रहती है। चन्द्रगुप्त स्टेकहोल्डर सह मजदूर नेता श्याम सुंदर गुप्ता ने आगे कहा कि अफसर हो या राजनेता जिससे जितना हो सके एक सम्मानित मुआवजा का भुगतान करा कर उसके बने आशियाना से बेदखल करें जिससे मुआवजा राशि उसके आशियाना से भारी पड़े जिसको विस्थापित बेटी बिदाई समझ कर पुन:अपनी नई जिंदगी की शुरूआत कर सके।

## आम्रपाली में कामगारों के साथ प्रबंधन ने की वार्ता, हड़ताल खत्म



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली कोल परियोजना अंतर्गत कार्य करने वाले कामगारों के साथ कंपनी प्रबंधन तथा सीसीएल के अधिकारियों ने वार्ता किया। कामगारों के उचित मांगों को मानते हुये अनुपालन किया जायेगा। सामान्य मजदूरों को जनवरी 23 से एक हजार रुपये अतिरिक्त मूल वेतन में बढ़ोतरी कर भुगतान करने, मार्च माह से योग्य मजदूरों का एचपीसी वेतनमान में प्रोन्नत एवं गुजारा हेतु दो मजदूरों को फरवरी माह से कंपनी के कार्य में रखने का सहमति पत्र दिये जाने के बाद हड़ताल को कामगारों ने सर्वसम्मति से समाप्त करने की घोषणा किया। कामगारों के नेता रमेश वर्मा ने जीएम एके सिंह तथा कंपनी प्रबंधन को कामगारों के इस मामले को गंभीरता से लेने व समुचित पहल करने के लिये आभार व्यक्त किया। इस आयोजित वार्ता में मौके पर एएमपीएल मैनेजर रंजीत सिन्हा, आम्रपाली उप प्रबंधक कार्मिक अधिकारी एसकेजी सहारे, महेश वर्मा, धीरेन्द्र चौधरी, गुरुदयाल साहु,राजेश कुमार, नारायण कुमार, कामाख्या सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से जुड़े सवाल

चुनाव आयोग ने देश के तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (आरवीएम) का प्रदर्शन किया। इसका मकसद देश में अपने गृह जिलों से दूर रहने वाले मतदाताओं को वहीं से वोट करने की सुविधा देना है। इसमें दो राय नहीं कि चुनाव आयोग की इस पहल का मकसद अच्छा है। चुनावों में मतदान का कम प्रतिशत देश में आदर्श लोकतंत्र की राह में किसी न किसी रूप में बाधा बनता है। देखा गया है कि बड़े शहरों में काम करने गये मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा सिर्फ वोट देने के लिए अपने गांव नहीं लौट पाता। इस तरह से वह वोट देने के अधिकार से वंचित रह जाता है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में ऐसे वोटरों की संख्या 45.36 करोड़ है, जो अपने गृह जिलों से बाहर रहते हैं। देश की कुल आबादी के मुकाबले यह संख्या करीब 37 फीसदी है। 2019 के लोकसभा चुनावों की बात करें तो उसमें 67.4 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया था। इन आंकड़ों का मतलब यह नहीं है कि कम मतदान प्रतिशत का एकमात्र कारण इन मतदाताओं का वोटिंग से दूर रहना है, लेकिन यह एक बड़ा कारण जरूर है। वैसे भी मतदाताओं की इतनी बड़ी संख्या को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता। उन्हें सुविधाजनक ढंग से वोटिंग प्रक्रिया में शामिल करने की व्यवस्था करना चुनाव आयोग का दायित्व है। इस लिहाज से आरवीएम निश्चित रूप से अच्छा कदम है। लेकिन कंग्रेस सहित देश के 16 विपक्षी दलों ने रविवार को ही एक बैठक कर चुनाव आयोग की इस पहल के विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए इसका विरोध करने का फैसला किया। इनका कहना है कि इस पहल से जुड़ी कई चीजें अभी साफ नहीं हैं। इनके अपने संदेह, सवाल और आशंकाएं हैं। हालांकि इन दलों ने अभी चुनाव आयोग को औपचारिक तौर पर अपने रुख से वाकिफ नहीं कराया है। उससे पहले ये दल 25 जनवरी को एक और बैठक करेंगे, जिसमें उनके सवालों पर चुनाव आयोग के रुख की समीक्षा की जायेगी। वैसे भी आयोग की ओर से इन दलों को 31 जनवरी तक का समय दिया गया है। बड़ी बात यह है कि किसी भी दल ने चुनाव आयोग की इस पहल के इरादों पर सवाल नहीं उठाया है। न किसी का यह कहना है कि गृह जिलों से बाहर रहने वाले वोटरों को अपने कामकाज के इलाकों में ही वोट देने की सहूलियत नहीं मिलनी चाहिए। मतलब यह कि आयोग की इस पहल को लेकर मोटी सहमति पहले से ही कायम है। जरूरत इस बात की है कि इन दलों के मन में जो भी संदेह हैं, उनके जो भी सवाल हैं, उन्हें समय रहते सही ढंग से संबोधित किया जाये, ताकि रोजी-रोजगार के तकाजों के चलते अपने घर से दूर रह रहे नागरिक भी बिना किसी दिक्कत के वोट देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

**2011 की जनगणना के मुताबिक देश में ऐसे वोटरों की संख्या 45.36 करोड़ है, जो अपने गृह जिलों से बाहर रहते हैं। देश की कुल आबादी के मुकाबले यह संख्या करीब 37 फीसदी है। 2019 के लोकसभा चुनावों की बात करें तो उसमें 67.4 फीसदी मतदान रिकॉर्ड किया गया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बसपा को उत्तर प्रदेश में पहली सरकार बनाने में कांशीराम के उस फैसले की अहम भूमिका थी, जिसमें उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। समाजवादियों की मदद से मायावती के रूप में देश में कोई पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनी। वह दिन था 3 जून 1995 का। हालांकि उनकी यह सरकार साढ़े चार महीने ही चली। गठबंधन टिकाऊ नहीं निकला।**

# मायावती का दांव और विपक्ष के उखड़े पांव

अकु श्रीवास्तव



**बसपा की राजनीति अब मायावती के चारों ओर एक घेरे में सिमट कर रह गयी और जमीन पर वह कहीं आगे बढ़ कर कोई संघर्ष करती नजर नहीं आ रहीं। कुछ समय पहले तक कांग्रेस राजनीति के नाम पर जिस निठल्ले चिंतन से ग्रस्त थी, कमोबेश बसपा की भी यही स्थिति है।**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक ऐलान किया है। ऐलान है कि उनकी पार्टी अब किसी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी। गठबंधन करने से दूसरे दलों को ही लाभ होता है, बसपा को नहीं। मायावती ने अपने जन्मदिन पर यह घोषणा की और उम्मीद है कि कम से कम इस साल राज्यों में होने वाले चुनावों और 2024 के लोकसभा के चुनाव तक इस पर कायम रहेंगी। पहली बात तो यह कि यह अप्रत्याशित कतई नहीं है। मायावती का जबसे बुआ-भतीजे का गठबंधन टूटा है, तब से वह चुनावों में अकेले ही लड़ती रही हैं, लेकिन फिर भी यह उम्मीद करने वाले यह करते रहे हैं कि बीते 5-6 साल में लगभग गर्त में गिर चुकी पार्टी अब शायद विपक्ष के खेमे में आ जाये और अपनी साख की वापसी के लिए काम करे, लेकिन अब भी बसपा का पुराना रुख जारी है।

लेकिन इस बात की तो मीमांसा होगी ही कि मायावती की हालिया घोषणा कि वह अकेले चुनाव लडेगी, किसके लिए झटका है और किसके लिए लाभ का पैंतरा? कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी दल इस कोशिश में हैं कि 2024 में एकजुट होकर भाजपा को चुनौती दी जाये। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने अपने कई मित्रों को खोया है। इनमें शिरोमणि अकाली दल, उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना, नीतीश कुमार जैसे गद्दी पकड़ साथी वाला जद (यू), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी आदि प्रमुख हैं। (सुहेलदेव और अकाली दल के फिर से वापसी की खबरें भी आने लगी हैं।) विपक्ष की उम्मीद की डोर इस बात से बंधी है कि वह किस तरह एकजुट होता है। इसके लिए शरद पवार, केसीआर और प्रशांत किशोर अपने-अपने तरीके से हाथ-पांव मार कर करीब-करीब थक चुके हैं।

**कांशीराम ने जो फसल बोई थी, उसका अधिकांश हिस्सा काटा जा चुका है।**

ऐसे में मायावती की घोषणा ऐसी कोशिशों को और हताश करने वाली है। भाजपा के लिए यह लाभ का सौदा है कि विपक्ष 2024 में भी बिखरा रहे। इस तरह मायावती का किसी से गठबंधन न करने का दाव, विपक्ष के पहले से उखड़े पांव के नीचे से थोड़ी और जमीन खींचने वाला ही लग रहा है। ऐसे में बसपा अपने लिए जो रणनीति बना रही है, क्या वह उसकी खोई जमीन फिर से वापस दिलाने की कोशिश है? इसके लिए बसपा के अतीत को समझना जरूरी है कि वह कैसे एक बड़ी ताकत बनी और क्यों आज इतनी दयनीय हालत में पहुंची? कभी कांशीराम के नेतृत्व में जमीन से शुरू हुई बहुजन समाज पार्टी (बसपा) देश के सबसे बड़े राजनीतिक दबदबे वाले राज्य उत्तर प्रदेश की सत्ता में पहुंची और दिखाया कि जातीय राजनीति का रास्ता भी सत्ता के एक बड़े दरवाजे पर खुल सकता है।

बसपा को उत्तर प्रदेश में पहली सरकार बनाने में कांशीराम के उस फैसले की अहम भूमिका थी, जिसमें उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। समाजवादियों की मदद से मायावती के रूप में देश में कोई पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनी। वह दिन था 3 जून 1995 का। हालांकि उनकी यह सरकार साढ़े चार महीने ही चली। गठबंधन टिकाऊ नहीं निकला। उसके बाद मायावती भाजपा की मदद से 1997 और 2002 में दो बार फिर मुख्यमंत्री बनीं मगर दोनों ही बार सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। मगर चौथी बार 13 मई 2007 से 15 मार्च 2012 तक वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री रहीं। बसपा ने यह सरकार अपने दम पर बनाई और इसे पूरी तरह से मायावती का करिश्मा माना गया।

मगर पिछले एक-डेढ़ दशक से मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी बेहद अनिश्चितता से भरी पार्टी बन गई है। कांशीराम ने जो देशभर के दलितों के बीच अलख जगा कर उन्हें उनकी राजनीतिक ताकत का अहसास कराया था, उस बोध का पूरा दोहन मायावती ने किया। उन्होंने अनेक ऐसे फैसले किये, जिनकी उम्मीद उनका अपना समाज नहीं करता था।

कांशीराम ने ब्राह्मणवाद और मनुवाद के खिलाफ संघर्ष से एक अलग तरह की दलित राजनीति शुरू की थी, जिसे मायावती ने सतीश मिश्रा के साथ सोशल इंजीनियरिंग का नारा देते हुए 2007 में सफलतापूर्वक पलट दिया और यूपी में पूरे बहुमत से सरकार बनायी। मगर यह सफलता शायद काठ की हांडी जैसी ही रही है, जो दूसरी बार नहीं चढ़ी।

मायावती भले इसे स्वीकार करने में हिचक दिखाएं मगर पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के आंकड़े बताते हैं कि उनका जनाधार और वोट बड़े पैमाने पर खिसका है, सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही नहीं, राजस्थान, पंजाब और मध्य प्रदेश में भी, जिनकी बदौलत उनकी पार्टी को तकनीकी रूप से राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला। पड़ोस के राज्यों से तो वह कब की जा चुकी थीं, लेकिन उत्तर प्रदेश ने उनकी लाज बचा रखी थी। कांशीराम ने देश की जनसंख्या में 65 फीसदी बहुजन समाज होने का सियासी गणित लगाते हुए 6000 विभिन्न जातियों को जोड़ने के उद्देश्य से बहुजन समाज पार्टी की नींव रखी थी।

वह दिन था 14 अप्रैल 1984, बीआर अंबेडकर की जयंती। बसपा ने 1989 में जब पहला लोकसभा चुनाव लड़ा तो 4 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए कुल वोटों के 2.07 फीसदी मत हासिल किये थे। उसके तीन लोकसभा सीटें उत्तर प्रदेश से और एक पंजाब से जीती थी। बसपा की राजनीति अब मायावती के चारों ओर एक घेरे में सिमट कर रह गयी और जमीन पर वह कहीं आगे बढ़ कर कोई संघर्ष करती नजर नहीं आ रहीं। कुछ समय पहले तक कांग्रेस राजनीति के नाम पर जिस निठल्ले चिंतन से ग्रस्त थी, कमोबेश बसपा की भी यही स्थिति है।

राहुल गांधी ने सड़क पर उतर कर कांग्रेस को उस स्थिति से निकालने की कोशिश जरूर की है, पर होगा क्या, कहा नहीं जा सकता। कांशीराम ने जो फसल बोई थी, उसका अधिकांश हिस्सा काटा जा चुका है। सच तो यह है कि मायावती के शोरूम से काफी माल दूसरे लोग ले जा चुके हैं और उनके पास जो कुछ बीज बचे हैं, उससे वह पिराई भी नहीं करना चाहतीं, नयी फसल नहीं उगाना चाहतीं। बस सिर्फ अपने खाने के लिए अगले कुछ वर्षों के लिए अनाज की व्यवस्था कर लेना चाहती हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

### चौरास्ता टुसू मेला में पंहुचे विधायक मंगल कालिंदी

# टुसू प्रेमियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा प्रखंड स्थित चौरास्ता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूरदराज से हजारों हजार की संख्या में ग्रामीण शामिल होकर मेला का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। आयोजक समिति के द्वारा विधायक को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर झुमुर संगीत, छौ नृत्य का आयोजन किया गया। टुसू में पहला पुरस्कार लड़ाईडूंगरी को 2 हजार, दूसरा पुरस्कार सारी बाटालुका को 15 सौ, तीसरा पुरस्कार बेंझाम को 13 सौ एवं चौथा पुरस्कार आगुईडांगरा को एक हजार रुपये दिया गया। मौके विधायक ने कहा टुसू पर्व एवं मकर संक्रांति झारखंड वासियों का महापर्व है। झारखंड के रहने वाले आदिवासी मूलवासी, मजदूर किसान वर्ग के लोग हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं। विधायक ने कहा पर्व त्योहार के साथ-साथ खास कर ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को शिक्षित होना अति आवश्यक है। इसलिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए बोड़ाम में डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दिलाया गया है। विधायक ने डिग्री कॉलेज के लिए टुसु मेला के दौरान मंच से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। विधायक ने कहा झारखंड अलग राज्य की लड़ाई गुरुजी शिबू सोरेन का देन है। लेकिन राज्य बनने के बाद सबसे अधिक आजसू-बीजेपी की सरकार रही। अलग राज्य के निमार्ता गुरुजी का सोच है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचे। उनके सोच को पूरा करने के राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार प्रयास कर रहे है। आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाया जा रहा है। रोजगार से युवाओ को जोड़ने का काम किया जा रहा है। विधायक ने पूर्व में लोगों को रोजगार नहीं मिलने पर प्रवासी मजदूर के रूप में बाहर के प्रदेशों में काम करने जाते थे। जिसका खुलासा कोरोना काल के दौरान हुआ है। राज्य के 16 लाख मजदूरों को कोरोना काल में मुख्यमंत्री ने सुरक्षित अपने घर झारखंड लाने का काम किया। ग्रामीणों को सास्थ्य लाभ पहुचाने के लिए माचा अस्पताल को चालू कराया गया। ताकि ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके। स्वच्छ पेयजल के लिए चांडिल डैम से 228 करोड़ की योजना की स्वीकृति के बाद काम शुरू कराया गया।



### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर जिप सदस्य खगेन महतो, प्रदीप बेसरा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, ग्राम प्रधान सुधीर चंद्र टुडू, सुधांशु महतो, माधव महतो, हरिपद सोरेन, पंजाब किशोर बास्के, मोहनलाल बास्के, पतिलाल महतो, उमाकांत महतो सहित सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान रन फॉर सेफ्टी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिला में सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा तीन किलोमीटर का रन फॉर सेफ्टी का आयोजन किया गया। मंगलवार को रन फॉर सेफ्टी गेस्ट हाउस से शुरू होकर बिरसा मुंडा स्टेडियम में समाप्त हुआ। दौड़ का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करना है। अन्य वर्षों की तुलना में बीते वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या ज्यादा रही जिसके कारण प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर ज्यादा सचेत नजर आया। स्कूली बच्चों ने नारा लगाते हुए कहा हेलमेट पहने जान बचाएं,सीट बेल्ट पहने परिवार बचाएं, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, वन मिस्टेक गेम ओवर, स्पीड थ्रील बट किल, गाड़ी चलाएं शोक से नहीं, ड्रंक एंड ड्राइव जानलेवा है बोलते हुए नारों को बुलंद किया। रन फॉर सेफ्टी के आयोजन में उपायुक्त अरवा राजकमल, डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई, एसडीओ राम कृष्ण कुमार, सीओ सुरेश प्रसाद सिन्हा, सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार समेत जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के अलावा आम नागरिक सहित स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त अरवा राजकमल ने कहा यातायात में हुई मामूली चूक की वजह से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। हमारा उद्देश्य है ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोड सेफ्टी की जानकारी देकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने कहा लोग आज खुलेआम यातायात नियमो की अनदेखी कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। ऐसे में जरूरी है लोग यातायात नियमों का पालन करें। यह रन फॉर सेफ्टी उसी का एक हिस्सा है।सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना ही इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य है। उपायुक्त अरवा राजकमल ने कहा जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करना है। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा आमलोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए इसी प्रकार अलग- अलग तरह के व्यापक प्रचार- प्रसार करने की जरूरत है। आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए डीसी ने लोगो से अपने एवं परिवार के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करने की अपील किया की। सीट-बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करने का निर्देश दिया।



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जेपी नड्डा के कार्यकाल विस्तार पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल को जून 2024 तक बढ़ाया। मंगलवार को बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से मुहर लगी। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। वही जेपी नड्डा के कार्यकाल बढ़ाये जाने पर देशभर के भाजपा कार्यकर्ता हर्षित हैं। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर के भाजपा कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर उत्साहित हैं। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने अध्यक्ष के रूप में जेपी नड्डा के कार्यकाल बढ़ाये जाने पर हर्ष व्यक्त की। उन्होंने बयान जारी कर कहा जेपी नड्डा के कार्यक्षमता, अनुभव और मार्गदर्शन में कार्य करना कार्यकर्ताओं को हमेशा उत्साहित और प्रेरित करता है। उन्होंने कहा जेपी नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव समेत राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी जनता का आशीर्वाद प्राप्त पर विजय पताका लहरायेगी। भाजपा जमशेदपुर प्रेस प्रवक्ता प्रेम झा ने खुशी जताते हुए कहा असंख्य भाजपा कार्यकताओं को अपने कार्य कुशलता और सादगी से प्रेरित करने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को सफलतम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।





# पान गुमटी में चलता था अवैध लॉटरी का धंधा, 20.89 लाख नकद के साथ एक गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार



### व्हाट्सएप पर चलता था अवैध लॉटरी का धंधा

**एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया अवैध लॉटरी नागालैंड की है जो डिजिटल तरीके से संचालित हो रही थी। आरोपियों द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लॉटरी नंबर दिया जाता था। पेमेट के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो की सुविधा उपलब्ध किया गया था। एसएसपी प्रभात कुमार ने आम जनो से अनुरोध करते हुए कहा अगर कहीं अवैध तरीके से कोई धंधा संचालित है या कोई नशे का कारोबार चल रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को देकर सहयोग करे। ताकि पुलिस मौके पर आगे की करवाई कर सके।**

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध लॉटरी धंधे का खुलासा कर दिया। मंगलवार को एसएससी प्रभात कुमार ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में एक पान गुमटी संचालक को गिरफ्तार कर लिया। संचालक के पास से 20,89,788 रुपए और 1198 पीस अवैध लॉटरी के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में गालूडीह निवासी गौतम मंडल शामिल है। हालांकि इस मामले में संचालक फरार है। जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया पुलिस को अवैध लॉटरी बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसको लेकर एक टीम का गठन कर गालूडीह आंचलिक मैदान में एक पान गुमटी में छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पान गुमटी संचालक गौतम मंडल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से 5 नोट बुक भी बरामद किया गया है। जिसमे कई अहम सुराग मिले है। पूछताछ में पुलिस को मुख्य सरगना के बारे में भी जानकारी मिली है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेराल प्रखंड मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। इस बाबत मंगलवार को प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता एवं बीडीओ प्रवेश कुमार साव की उपस्थिति में प्रखंड सभागार में बैठक हुई। बैठक में शामिल विभिन्न कार्यालयों के प्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सहमति से झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 9:05 बजे, थाना में 9:25 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:50 बजे, मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय में 10:05 बजे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड परिसर में 10:15 बजे, प्रखंड पशुपालन कार्यालय में 10:25 बजे, प्लस टू उच्च विद्यालय में 10:35 तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10:55 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य मेराल दक्षिणी रौशन प्रवीण, उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पशुपालन विभाग से प्रभारी बीएएचओ डॉ कृष्ण कुमार सिंह, सीएससी से डॉ अनिल साह, सांसद प्रतिनिधि रूपू महतो, चंद्रमणि पाठक, करीब अंसारी के अलावे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित प्रखंड के कई मुखिया तथा अन्य कर्मी शामिल थे।

### प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचल पदाधिकारी ने की वन अधिकार की बैठक



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचल पदाधिकारी मदन महली ने वन अधिकार की बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि गरीब भूमिहीन लोग 2005 से घर बनाकर रह रहे हैं या जोत-कोड़ कर रहे हैं। उन्हें वन अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वन पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्मशान, खेल मैदान आदि जंगल में लोग बना दिये हैं तो उन्हें भी वन अधिकार के तहत वन पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय लोगों के लिए सरकार वन अधिनियम के तहत उन्हें वन पट्टा देने का काम कर रही है। लोग इस कानून का गलत इस्तेमाल ना करें और जंगल को अनावश्यक ना काटें। इस मौके पर अंचल निरीक्षक शिवपत राम, भंडरिया, जनेवा, बड़गड़, बीजका सहित अन्य पंचायत के लोग शामिल थे।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने धुरकी एवं सगमा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**धुरकी/सगमा (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ती ने धुरकी व सगमा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिला शिक्षा पदाधिकारी ने वार्डन अर्चना कुमारी से विभिन्न स्कूली शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी +2 उच्च विद्यालय धुरकी में पहुंचकर विद्यालय में पढ़ाई कराने वाले सभी शिक्षकों की उपस्थिति पंजी देखकर जानकारी प्राप्त की। उक्त सभी विद्यालयों का निरीक्षण करने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ती ने बताया कि बीरवल उच्च विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में है इसलिए वह स्वयं निरीक्षण कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर रही हैं, क्योंकि उत्कृष्ट विद्यालय होने के कारण डीसी उक्त विद्यालय को कभी भी देखने आ सकते हैं।

### दुर्गा मंडप चौपाल निर्माण के लिए मंत्री ने किया 51 हजार रु. का सहयोग



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोवादाग में विष्णु मंदिर के प्रांगण में दुर्गा मंडप चौपाल निर्माण के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा निजी कोष से 51 हजार रु. का सहयोग राशि प्रदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के सचिव मनोज ठाकुर, उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय, दशरथ प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष महिला मोर्चा आराधना सिंह, सूरज चंद्रवंशी, बैद्यनाथ (बैजू), प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष बलेंद्र सिंह, महिला मोर्चा पंचायत अध्यक्ष पुष्पा सिंह तथा पार्टी के कई पदाधिकारी एवं पंचायत वासी उपस्थित थे।

**कैदी की मौत :** गढ़वा जेल के कैदी की मौत मामले में परिजनों ने जेल प्रशासन पर लगाया सूचना नहीं देने का आरोप

# मृतक रामकयास यादव के पुत्र ने जतायी हत्या की आशंका

**जेल अधिकारी ने कहा- अचानक बिगड़ी रामकयास यादव की तबियत, इलाज के दौरान हुई है मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जेल में हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी स्व. लक्ष्मण यादव के 50 वर्षीय पुत्र राम कयास यादव की संदेहास्पद मौत हो गई। घटना बीते सोमवार की संध्या 5:00 बजे की है। जब अचानक तबियत खराब होने के बाद जेल प्रशासन द्वारा रामकयास को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज से पूर्व ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। क्योंकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां लोगों ने रामकयास यादव को मृत पाया। मृतक रामकयास यादव के पुत्र नंदलाल यादव ने पूरी जानकारी देते हुए कहा कि उसके पिता जी गत 2014 से हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। बताया कि पिछले कोरोना काल के समय उनकी तबीयत खराब हुई थी, जिसके बाद सदर अस्पताल में ही इलाज के दौरान वह पूरी तरह से स्वस्थ होकर वापस जेल में थे और पूरी तरह स्वस्थ थे। पिछले तीन माह पहले मेरी मां देवंती देवी एवं छोटा भाई उनसे जेल में मुलाकात किये थे। उस समय भी किसी भी तरह की कोई परेशानी या बीमारी होने की बात उन्होंने नहीं कही। मेरी मां और भाई द्वारा भी बताया गया कि इतने दिनों तक जेल में रहने की कसक भले है, पर वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। यहां तक कि कल ही कारावास के टेलीफोन नंबर 82355 54961 पर 4:00 बज कर 8 मिनट पर 46 सेकंड उनसे बात भी हुई थी। किंतु उसके बाद वे किस कारण से अचानक बीमार हुए और उनकी मौत तक हो गई। इस बावत अब तक हमें जेल प्रशासन द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है। हम सभी मीडिया में प्रकाशित खबर के जरिए हुई जानकारी के आधार पर जब सदर अस्पताल पहुंचे तो यहां पर अपने पिता को मृत पाया। यह स्वाभाविक मौत नहीं, यह हत्या है। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए ताकि मालूम चल सके कि आखिर मेरे पिता को अचानक कौन सी ऐसी बीमारी हुई जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी जान चली गयी।

वहीं सदर थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।



**कैदी की मौत किस कारण से हुई यह जांच का विषय है : जेल में तैनात पुलिसकर्मी**

**उधर बीमार कैदी रामकयास को लेकर अस्पताल पहुंचे जेल में तैनात पुलिसकर्मी से जब हमने बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि नवंबर माह में कैदी रामकयास यादव की तबीयत खराब हुई थी। जिसके बाद इलाज होने पर सुधार हो गया था, किंतु कल अचानक तबीयत बिगड़ी। रामकयास यादव ने कहा कि घबराहट सा लग रहा है, तब जेल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। साथ ही कहा कि कैदी रामकयास यादव की मौत कैसे हुई, किस कारण से हुई यह जांच का विषय है। जांच कराया जा रहा है। जांच के बाद जो कुछ भी निकल कर सामने आएगा उसे लोगों के बीच रखा जाएगा।**

## झारखंड के आलोक कुमार चौधरी को सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**यह पुरस्कार व्यक्तियों और स्वैच्छिक संगठनों को उनके किये गये उत्कृष्ट कार्यों की पहचान के लिए दिये जाते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** कर्नाटक के हुबली धारवाड़ में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 में आर्यभट्ट साइंस क्लब के समन्वयक एवं रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी आलोक कुमार चौधरी को सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार व्यक्तियों और स्वैच्छिक संगठनों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की पहचान के लिए दिये जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास या समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना और उनमें समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। नवाचार, संस्कृति, मानव अधिकारों की सुरक्षा, कला और साहित्य, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षणिक उत्कृष्टता जैसी गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, युवा एवं खेल मंत्री भारत सरकार के अनुराग सिंह ठाकुर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवा राज बोम्मई के द्वारा रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी आलोक कुमार चौधरी को एक प्रमाण पत्र, पदक एवं एक लाख रुपये नकद के साथ सम्मानित किया गया है। इस खबर को सुनकर रंका आर्यभट्ट साइंस क्लब रंका के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## डीडीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी प्रस्तुतीकरण पर किया विचार-विमर्श

**सभी विभागों को 20 जनवरी तक अपनी झांकी की थीम एवं लिस्ट सौंपने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त गढ़वा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह 2023 को लेकर समारोह स्थल पर झांकी प्रस्तुतीकरण पर विचार करने हेतु बैठक की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जेएसएलपीएस गढ़वा, पीएचइडी गढ़वा, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण एवं कल्याण विभाग गढ़वा, परिवहन कार्यालय, शिक्षा विभाग एवं डीआरडीए द्वारा झांकी की प्रस्तुति कराने हेतु निर्णय लिया गया। उक्त सभी विभाग/संस्थान द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2023 तक अपनी झांकी की थीम एवं लिस्ट सौंपने हेतु निर्देशित किया गया। सभी संबंधित विभागों द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं एवं जनहित के मुद्दे से जुड़े विषयों पर सुनियोजित तरीके से प्रस्तुतीकरण करते हुए झांकी प्रदर्शित करने की बात कही गई। झांकी प्रस्तुत करने वाले वाहनों को सुसज्जित कर झांकी में प्रदर्शित करने की बात कही गई। उक्त बैठक में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, स्वास्थ्य विभाग से उपाधीक्षक एके सिंह, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी पीके सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू, गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा एके यादव, शिक्षा विभाग से जिला कार्यक्रम प्रबंधक गायत्री साहू व अन्य लोग उपस्थित थे।

## आरकेवीएस बीएड कॉलेज में सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रेहला रोड स्थित आरकेवीएस बीएड कॉलेज में मंगलवार को बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षणार्थियों ने नये प्रशिक्षणार्थियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कालेज के निदेशक अलखनाथ पांडे ने सभी नये प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में नामधारी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ प्रवीण प्रभाकर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं कालेज कर्मियों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान श्री पांडेय ने कहा कि स्व. प्रभाकर एक नेक दिल इंसान थे। उनके निधन से हम सभी काफी मर्माहत हैं। उनकी कमी हमेशा खलेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पांडेय, एसकेएल दास, दीपक चौबे, राजेंद्र चौबे ,रितेश कुमार, सतीश कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## बंशीधर नगर में गणतंत्र दिवस पर झांकी प्रस्तुत करने का निर्णय



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर एसडीओ आलोक कुमार ने कार्यालय प्रधानों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। इसमें झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। साथ ही अनुमंडल स्तरीय मुख्य समारोह अनुमंडलीय मैदान में आयोजित करने, मुख्य समारोह में विद्यालयीय बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट व सरकारी विभागों के द्वारा झांकी प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। एसडीओ ने मुख्य समारोह में विद्यालयीय बच्चों के सांस्कृतिक व मैदानी कार्यक्रम को लेकर बीडीओ श्रवण राम व सीओ अरुण कुमार मुंडा को संस्था प्रमुखों के साथ दो दिनों के भीतर बैठक कर निर्णय लेने तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मार्च पास्ट में शहरी क्षेत्र के सभी विद्यालय को भाग लेने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रमुख उर्मिला देवी, नपं उपाध्यक्ष लता देवी, जिप सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ श्रवण राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, बीईईओ विजय पांडेय, पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय, सचिव शिवशंकर प्रसाद, रामानंद पांडेय, सुजीत कुमार यादव, मो. मंजूर राही, अनिल विश्वकर्मा, कमलेश पांडेय, कमलेश बिहारी, अविनाश चंद्र, सविता कुमारी उर्फ लवली आनंद, तहमीना परवीन सहित संस्था प्रमुख व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**Govt. of Jharkhand**
**Department of Information Technology & e-Gov.,**
**308, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone: 0651-2400001 Email:it.egovdept@gmail.com**

**NIT**

**Re-Tender Ref No. IT/VWS/2022/2**

**Request for Proposal for Selection of Service Provider for Annual Maintenance Contract (AMC) Service of Indoor HD LED Video Wall System installed at CM Conference Hall and CS Meeting Hall, Project Building**

Department of Information Technology & e-Gov., Govt. of Jharkhand invites online bid through e-Tendering process for selection of Service Provider for Annual Maintenance Contract (AMC) services of two set of Indoor HD LED Videowall System installed at CM Conference Hall and CS Meeting Hall, Project Building. The invitation to bid is open to all bidders having relevant experience meeting the eligibility criteria as mention in the RFP document. Bidders are advised to study the RFP document and Terms & Conditions carefully and completely. Submission of Bids shall be deemed to have been done after careful study of RFP document and examination of Terms & Conditions with full understanding of its implications.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Annual Maintenance Contract (AMC) Service of Indoor HD LED Video Wall System installed at CM Conference Hall and CS Meeting Hall, Project Building |
| 2. | Tender Ref No. | Re-Tender Ref No. IT/VWS/2022/2 |
| 3. | Cost of tender Document | INR 10,000/ -(Ten Thousand only) in the form of Demand Draft in favour of Secretary, Department of Information Technology & e-Gov. payable at Ranchi |
| 4. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 2,00,000 /- (Two Lac only) in the form of Bank Guarantee (Validity 180 days) in favour of Secretary, Department of Information Technology & e-Gov. payable at Ranchi |
| 5. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid Downloading Date | 18/01/2023 at 10:00 AM |
| ii. | Online Bid submission Start | 18/01/2023 at 10:00 AM |
| iii. | Last date and time of Online Bid Submission | 07/02/2023 at 2.00 P.M. |
| iv. | Technical Bid Opening | 07/02/2023 at 3.00 P.M. |
| v. | Commercial Bid Opening | To be announced later |
| vi. | Place of Technical Bid opening | Department of Information Technology & e - Gov.,Govt. of Jharkhand, #308, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi -834004, Phone:0651 - 2400001, Email:it.egovdept@gmail.com |

- Cost of Tender Document, EMD and Technical Bid Document(Hard Copy) shall be deposited in the office of the Secretary, Department of Information Technology & e-Gov., Govt. of Jharkhand, #308, 3rd Floor, Project Building, Dhurwa, Ranchi-834004 on all working days latest by on or before the last date of online bid submission date and time either by registered post/Speed post or by hand. Only those applications will be entertained whose cost of Tender Document, EMD and Technical Bid Document(Hard Copy) is received on or before last date and time of online bid submission date. Secretary, Department of Information Technology & e-Gov., Govt. of Jharkhand will not be held responsible for the postal delay, if any, in the delivery of the document or non-receipt of the same.
- Bids shall be submitted online on the website http://jharkhandtenders.gov.in
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.
- **Tender Document can be downloaded from** jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**(Sunil Kumar Poddar)**
**Under Secretary to Govt.**

PR 287699 Information Technology(22-23)D

**बैठक :** गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्ठी में लिया गया संकल्प

# गायत्री और यज्ञ को घर-घर पहुंचायेगा गायत्री परिवार

**जिले के सभी 20 प्रखंडों में प्रखंड समन्वय समिति का पुनर्गठन का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा जिला इकाई की जिलास्तरीय गोष्ठी जिला मुख्यालय स्थित कल्याणपुर शक्तिपीठ में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए वार्षिक कार्य योजना बनायी गयी। इसमें मुख्य रूप से जिले के सभी 20 प्रखंडों में प्रखंड समन्वय समिति का पुनर्गठन करते हुए सभी घरों तक गायत्री एवं यज्ञ को पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में संगठन के सभी प्रमुख सात आंदोलनों को गति देने के लिये आंदोलन प्रमुखों को दायित्व दिया गया। गोष्ठी में समाज में बढ़ रही दुष्प्रवृतियों और विकृत सभ्यता-संस्कृति का बढ़ रहे प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने आंदोलनों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता बतायी गयी। विशेष रूप से संस्कार परंपरा को घर-घर स्थापित करते हुए अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार कराने के लिये प्रेरित करने हेतु आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी से महिलाओं को जोड़ने पर बल दिया गया। इसके लिये सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं से सहयोग लेने की बात कही गयी।

गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज जिस तरह से पारिवारिक व सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं, इससे निजात के लिये सभी लोगों की नजर गायत्री परिवार पर टिकी हुई है। इसको देखते हुये गायत्री परिजनों को अपनी भूमिका बढ़ानी होगी। गोष्ठी में जिला समन्वयक ने वर्ष 2023 में जिले के सभी क्षेत्रों में अधिक से अधिक कार्यक्रम करने और लोगों को यज्ञीय जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के लिये अधिक से अधिक समय निकालने की आश्यकता बतायी। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी ने सभी प्रखंडों और मंडलों से निष्ठा के साथ अपने संकल्पों को पूरा करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने वित्तीय अनुशासन का पालन पूरी गंभीरता से करने की अपील की। महिला मंडल की शोभा पाठक एवं अनिता देवी ने नारी जागरण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

गोष्ठी में संतन मिश्र, गढ़वा प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा, बरडीहा के रामाशंकर सोनी, कांडी के रामरेखा प्रजापति आदि ने भी विचार रखे। गोष्ठी में मझिआंव के वीरेंद्र सोनी एवं शिव प्रसाद के द्वारा युग संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सरयू चंद्रवंशी, मिथिलेश कुशवाहा, प्रभु दयाल प्रजापति, वृंदा ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, डॉ सुनील विश्वकर्मा, रंजीत केसरी, बेचन राम, महिला मंडल की मीना कमलापुरी, सत्या चौबे, नीलम शर्मा, ममता चौबे सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## गांवों में शुद्ध पेयजल के महत्व को लेकर जागरूकता लाने का उद्देश्य



**लातेहार।** पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय,लातेहार से जल जीवन मिशन प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर कार्यपालक अभियंता पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल,लातेहार ने रवाना किया। मौके पर सहायक अभियंता लातेहार , कनीय अभियंता तथा सभी जिला समन्वयक मौजूद रहे। जल जीवन मिशन रथ हर घर में नल, हर नल में जल के लिए लोगों को जागरुक करने का कार्य करेगा। ग्रामीणों को जल का संरक्षण करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित है। जागरूकता वाहन से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल के महत्व को बताने के साथ साथ विभिन्न पेयजलापूर्ति योजनाओं से जलापूर्ति किये जाने के विषय मे जानकारी मुहैया कराया जायेगा।

## अभाविप का जिला सम्मेलन 23 को




**लोहरदगा।** आगामी 23 जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वधान में एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर मंगलवार को अभाविप ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। अभाविप के गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार ने कहा कि 23 जनवरी को एक दिवसीय जिला सम्मेलन लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम में किया जाना है। नगर मंत्री प्रीतम नायक ने कहा कि संगठन अपनी स्थापना के उद्देश्य के अनुरूप परिषद युवाओं को स्वयं, समाज राष्ट्र और मानवता के हितों की रक्षा के लिए प्रेरणा प्रदान करता है, इस संगठन से जुड़ रहे, जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय रहें और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए समर्पित रहें। इसके अतिरिक्त विभिन्न शैक्षणिक और सामाजिक समस्याओं में भ्रष्टाचार एवं अराजकता, बेरोजगारी, महिला हिंसा, लव जिहाद, धार्मिक कट्टरता, अलगाववाद, आतंकवाद जैसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ लगातार संघर्षरत रहे हैं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभाविप हर संभव प्रयास कर रही है।

## नव चयनित पदाधिकारी समाज हित में करें बेहतर कार्य : मोजम्मिल



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के अंजुमन इस्लामिया हिरही में सदर एवं सेक्रेटरी का चुनाव किया गया। जिसमें सदर नेजाम अंसारी एवं सेक्रेटरी हफीजुल अंसारी का चयन किया गया। इधर हिरही मकतब में दोनों नव चयनित पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर लोहरदगा नगर परिषद के नगर उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी के द्वारा नव चयनित सदर नेजाम अंसारी को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया एवं ज्वाइंट सेक्रेट्री अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के ज्वाइंट सेक्रेटरी मोजम्मिल अंसारी के द्वारा नव निर्वाचित सेक्रेटरी हफीजुल अंसारी को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किया। वहीं नव चयनित सदर नेजाम अंसारी एव सेक्रेटरी हफीजुल अंसारी ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे हर हाल में अनुपालन करते हुए निभाने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर चुनाव कमिटी के अलावा नौजवान कमेटी एवं समाज के अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## मस्जिद निर्माण में श्रमदान कर मुस्लिम धर्मावलंवियों ने किया आर्थिक सहयोग



सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम में सोमवार को मस्जिद निर्माण कार्य का आरंभ अंजुमन इस्लामिया के नेतृत्व में किया गया। मस्जिद निर्माण कार्य का शुभारंभ मौलाना शमसुद्दीन अन्सारी द्वारा कलाम ए पाक की तिलावत से पहले एक कड़ाही सीमेंट डाल कर किया जिसमें मुस्लिम धर्मलवियों द्वारा बढ़चढ़ कर सहयोग किया गया। बताया जाता है कि सहयोग के तौर पर ग्रामीणों द्वारा लगभग एक लाख 83 हजार और सोना चांदी से भी मस्जिद जीर्णोद्धार हेतु सहयोग किया गया है। वही इस वर्ष ऊपर तला निर्माण कार्य आरम्भ किया गया जिसमें मुस्लिम धर्मलवियों के द्वारा आर्थिक सहयोग के साथ श्रमदान कर छत ढलाई में सहयोग किया। मौके पर मौलाना शमसुद्दीन ने कहा की अल्लाह की राह में खर्च करने वाले की दुनिया में किसी चीज की कमी नहीं होता है। समाज के सक्षम व्यक्ति नेकी का कार्य करें जिसे वरीबो का भलाई होगा और गरीब जरूरतमंदो की सेवा करते रहना चाहिए। मौके पर अब्दुल मनान अंसारी, मोबिन अंसारी,मुस्तकीम अंसारी, हसन अंसारी, जुल्फान आदि शामिल थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी



**बारियातु।** जिला शिक्षा परियोजना की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय परिसर में मंगलवार को शिशु पंजी के सर्वे के लिए प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्यालय सहित सभी मध्य विधालय, प्राथमिक विद्यालय व अभियान विधालय के शिक्षकों को शिशु पंजी के सर्वे के बारे में विस्तार पुर्व जानकारी दिया गया। शिशु पंजी का सर्वे के संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक नितिश कुमार ने बताया कि आउट ऑफ स्कूल/ड्रॉप आउट बच्चों के लिए घर घर सर्वे हेतु शिशु पंजी पत्र के माध्यम से 2022-23 को अधतम करने में बरती जाने वाली सावधानीयों के बारे में विशेष जानकारी दिया। और शिशु गणना में बच्चों से संबंधित डाटा सही सही भरना, सर्वे के दौरान एसएसपी के सदस्य शिक्षक का सहयोग करेंगे, अपने पोषक क्षेत्र में सर्वे के दौरान कोई बच्चा छुटे नहीं। साथ ही साथ सभी आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लातेहार जिला का मुल निवासी होना अनिवार्य है। चयन परिक्षा 29 अप्रैल को होगा। मौके पर अक्षेपट सिंह, राजेश यादव, उपेन्द्र कुमार, प्रदीप खलखो, एलिजाबेथ मिंज,प्रेम जिवनधर लकड़ा, ललिता मिंज, नेलिजेंन मिंज, मिरा कुमारी,कविता कुमारी, मुकेश कुमार, निरंजन कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## मीटर लगवाने पर 100 यूनिट बिजली मुफ्त

लातेहार। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने अधिसूचना जारी कर घरेलू उपभोक्ताओं से मीटर लगवाने की अपील की है। बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि अगर किसी उपभोक्ता के घर में मीटर नहीं है या खराब है तो विभाग द्वारा निःशुल्क मीटर लगाया जा रहा है। लातेहार जिले में फिलहाल एचपीएल एजेंसी इस कार्य को कर रही है। बता दें कि मीटर लगवाने पर 100 यूनिट बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त में मिलेगा।

### भंडरा के भौंरो ग्राम में मनायी गयी पांडेय गणपत राय की 214वीं जयंती

# शहीदों के सपनों को साकार करने का किया कार्य : डॉ रामेश्वर उरांव

**राज्य बनने के बाद राज्य में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का शासन रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/भंडरा।** शहीद पांडेय गणपत राय की 214वीं जयंती के मौके पर भण्डरा प्रखण्ड के भौरों ग्राम में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों व ग्रामीणों द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे शहीदों ने आने वाले कल के लिए अपना वर्तमान न्यौछावर कर दिया। उस समय क्या महौल रहा होगा कि जब शहीद गणपत राय और अन्य शहीदों ने अपने प्राण देश के लिए न्यौछावर किये थे। देश की आजादी के बाद झारखंड अलग हुआ। राज्य बनने के बाद राज्य में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों का शासन रहा। बीते तीन वर्षों में वर्तमान सरकार ने बहुत बेहतर कार्य किया। इस दौरान लोहरदगा जिला में भंडरा से मसमानो होते हुए सेन्हा पथ का पक्कीकरण, बिटपी से कोटा तक पक्का रोड, भंडरा से आकाशी पक्की सड़क का निर्माण, जमगाईं में पड़हा भवन निर्माण, नवडीहा में पड़हा भवन निर्माण, जमगाईं में कला संस्कृति भवन निर्माण कराया गया। इसी प्रकार नंदिनी जलाशय के सुंदरीकरण के लिए 58 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई। इस तरह सरकार की ओर से कई कार्य जिला में हुए हैं। हम लोगों ने शहीद पाण्डेय गणपत राय के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।



### मौके पर डीसी ने भी अपनी बातें रखी

कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एसडीओ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, विधायक प्रतिमा नीशीथ जायसवाल, शहीद स्मारक समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ वंदना राय, मनीषा सहाय, प्रतिमा मणि त्रिपाठी, पुष्पा सहाय समेत बड़ी संख्या में परिजन, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि डॉ तनुज खत्री, डॉ सुभाष साहू, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल

कार्यक्रम स्थल पर कृषि, सहकारिता, श्रम, पेयजल एवं स्वच्छता, समाजिक सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति, बाल विकास परियोजना, हिंडाल्को, उद्यान, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य एवं अंचल कार्यालय भंडरा द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गये थे।

## चौकीदार पंचायत ने धरना दिया

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा के द्वारा 8 सूत्री मांगों को लेकर लोहरदगा समाहरणालय के सामने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शमसुल अंसारी और संचालन जिला सचिव नेजावत अंसारी ने किया। धरना-प्रदर्शन में चौकीदार पंचायत के राज्याध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कार्यक्रम के पश्चात 8 सूत्री मांग-पत्र को लोहरदगा उपायुक्त को सौंपा और मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। राज्याध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार-दफादारों और सेवा विमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालने पर तत्काल झारखंड सरकार रोक लगावे। यदि चौकीदार-दफादारो के पुराने बीटों पर विज्ञापन निकाला गया तो सेवानिवृत्त चौकीदार- दफादार के आश्रित और सेवा विमुक्त चौकीदार बहाल नहीं हो पाएंगे और इसका सीधा असर जनहित और राज्यहित पर पड़ेगा, क्योंकि इनकी सूचना बहुत महत्वपूर्ण होती है।

# जिप अध्यक्ष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा/लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने मंगलवार को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में प्रभारी डॉ संजय कुमार से जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी ने बताया कि केंद्र में डाक्टरों की कमी के कारण मरीजो के इलाज के लिये असुविधा होती है साथ ही स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी आदि अन्य समस्याओं से अवगत कराया। डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मियों के रहने के लिए आवास की कमी होनी की बात कही। वर्तमान में 40 साल पूर्व बने टूटा फूटा आवास में रहने के लिए मजबूर हैं। स्वास्थ्य केंद्र में लगे सोलर लाइट खराब है जनरेटर की भी कमी है। हॉस्पिटल में एम्बुलेंस की कमी तथा अन्य कई समस्याएं को बताया गया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने हॉस्पिटल ने दवा स्टोर रूम, जांच घर, मरजेंसी वार्ड, लेबर वार्ड, प्रसव गृह आदि का निरीक्षण किया। महिला वार्ड में धातृ महिलाओं से स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सुविधाओ, दवा, खाना पीना आदि अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, प्रभारी डॉ संजय कुमार, डॉ ओम कुमार सिंह, बीपीम मेरी बेक, डॉ अविनाश कुमार, साजिद अंसारी सहित नर्स एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### हुदू में सात पड़हा की बैठक आयोजित

# आदिवासी समाज को छिन्न-भिन्न करने का रचा जा रहा है षडयंत्रः लक्ष्मीनारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हुदू में सात पड़हा हुदू की बैठक पड़हा बेल श्रवण मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला राजी पड़हा लोहरदगा के बेल-लक्ष्मीनारायण भगत एवं जिला राजी पड़हा लोहरदगा के मीडिया प्रभारी-बजरंग उरांव उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए। लक्ष्मीनारायण भगत ने कहा कि आज पड़हा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज को छिन्न-भिन्न करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। हमारे समाज को राजनीतिकरण कर के विभिन्न गुटबाजी में विभक्त करने की षड्यंत्र रचा जाता रहा जिसको



हम सब को समझने की जरूरत है। आज हमारे रीति-रिवाज, संस्कृति, रूढ़िवादी परंपरा को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है, जिससे हमारी बेटी-बहन, जल, जंगल, जमीन तथा हमारे संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रह सके। इस कलयुग में आदिवासी बेटी-बहनों के साथ बलात्कर एवं हत्या करने का जोरो से किया जा रहा है। 2023 में विशु सेंदरा जोरदार ढंग से करना है जिसमें प्रत्येक घर से सम्मिलित होने का प्रयास करना है। जिला राजी पड़हा के मीडिया प्रभारी बजरंग उरांव ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस समय लवजिहाद एवं जमीन जिहाद करके आदिवासी बेटी-बहन को एवं हमारे संवैधनिक अधिकार को हम से वंचित करने का षडयंत्र रचा जा रहा है।

## उपभोक्ताओं ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** बिजली विभाग की लापरवाही की नियमित शिकायतें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आ रहे हैं। एक व्यक्ति के नाम पर डबल कनेक्शन का बिजली बिल का मामला बरवाडीह और मनिका में भी उजागर हो चुका है। उसके बावजूद बिजली विभाग के कर्मियों में कोई सुधार नहीं देखने को मिल रहा है। इसी लापरवाही का जीता जाता उदाहरण सदर प्रखंड के मोंगर नगर पंचायत का है। नतीजा यह हुआ कि एक ही घर में एक ही व्यक्ति के नाम पर दो दो बिजली बिल उपभोक्ताओं को थमा दिया गया। मोंगर ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व से ही सभी के घरों में बिजली का कनेक्शन किया गया है और ग्रामीण ससमय दिल का भुगतान भी करते आ रहे हैं। किंतु उक्त विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली का मीटर लगाने का बहाने सभी कनेक्शन धारियों का लापरवाही के कारण एक अतिरिक्त कनेक्शन कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हमारी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है जैसे तैसे करके एक कनेक्शन का भुगतान करते हैं परंतु स्थिति उत्पन्न हो गई है कि हम लोग 22 बिजली बिल का कनेक्शन का भुगतान करने पर मजबूर है।

## लातेहार में जल्द होगा मिनी सर्वे : जिप उपाध्यक्ष



**बालूमाथ/लातेहार।** लातेहार में जमीन हाल सर्वे से संबंधित त्रुटियों का होगा जल्द निराकरण जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा जिला परिषद में उठाए गए मामले में अपर समाहर्ता द्वारा दिए गए उत्तर से हुआ मामले का खुलासा समय-समय पर उठता रहा है सर्वे में की गई त्रुटियों से संबंधित मामला हाल सर्वे में हुई त्रुटियों के कारण बढ़ गए हैं जमीन विवाद। जमीन विवाद के कारण बढ़ गए हैं हत्या एवं फौजदारी के मामले उपाध्यक्ष जिला परिषद लातेहार के द्वारा जिला परिषद में यह मामला जोर-शोर से उठाया गया था। उन्होंने लातेहार उपायुक्त से जल्दी संशोधित सर्वे का काम शुरू करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उपाध्यक्ष के द्वारा यह बताया गया कि जरूरत पड़ने पर पुनः भू सर्वेक्षण का कार्य को जल्दी शुरू करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर प्रधान सचिव भू राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से भी बात की जायेगी।

## विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत के मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पंचायत सचिव प्रकाश कुमार ने बताया कि पंचायत के सभी ग्रामों में पूर्व में ग्रामसभा किया गया था। उसी को धीरे धीरे धरातल पर उतारने एवं पंचायत के मजदूरों को पलायन से रोकने के लिए सभी मौसमवार योजना तैयार किये जाने को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। मौके पर उप मुखिया जितेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य मो अफाक, रिजवाना खातुन,काशीनाथ उरांव, फुलमंती देवी, उपेन्द्र प्रसाद, दिनेश उरांव, गुडन यादव, रामकिशोर प्रसाद, अजय कुमार यादव, निरंजन उरांव, कृष्णा प्रसाद, महेंद्र सुंडी, सुखसागर कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**मनिका।** मनिका प्रखंड स्थित में मंगलवार को मनिका प्रखंड मुख्यालय कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधान का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम प्रधान ने भाग लिया। इस अवसर पर बीडीओ, गेम्स हेरेंज, एवं सामाजिक कार्यकर्ता बलराम जो, मुख्य अतिथि एवं वकता के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने अपनी विचारों के माध्यम से पंचायती राज अधिनियम एवं पेशा कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दीये। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बलराम जो ने बताया की ग्राम प्रधान के कर्तव्य अधिकार ग्राम सभा की शक्तियां। अपनी अपनी ग्राम सभा को मजबूती कर अपने गांव का विकास के लिए योजनाएं को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू करें। ग्राम सभा की स्थाई समिति बनाएं। मौके पर ग्राम प्रधान भरत प्रसाद, कयूम अंसारी, मुनेश्वर यादव, विजय ठाकुर, विनोद उरांव, गुलाब सिंह, समेत अनेकों ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## पंचायत समिति ने मासिक बैठक की



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक की गयी आयोजित। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक की गयी। जिसमें बिजली विभाग, पीएचडी, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी हुए शामिल जहां मुख्य रूप से कई गांव में ट्रांसफार्मर नहीं होने की शिकायत पंचायत समिति सदस्यों ने की जिसके बाद कनीय अभियंता विकास महतो के द्वारा इसकी जांच करने की बात कही गयी। साथ ही साथ आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों को लेकर भी समीक्षा बैठक की गयी और बैंक के माध्यम से कहां-कहां प्रज्ञा केंद्र चल रहा है उन पर विशेष रूप से बातें की गयी।

## सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में संपन्न



**हेरहंज-(लातेहार)।** सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) दिनांक 18 से 20 जनवरी तक नेतरहाट में संपन्न होगा। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के लगभग 600 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) में हेरहंज प्रखंड के 15 बच्चे खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। जिसमे आशीष कुमार भोगता, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, राहुल उरांव, पूजा कुमारी, रंजन उरांव, लबली कुमारी, फुल्केश सिंह, रौशन कुमार, चिंता कुमारी, मंटू गंझु, योगेंद्र उरांव, नेहा कुमारी, संदीप कुमार शामिल है। सभी बच्चे प्रखंड के उच्च विद्यालय हेरहंज, उच्च विद्यालर केडू, उच्च विद्यालय चिरू, मध्य विद्यालय मेराल, उमवि कसमार, उमवि लावागडा, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चे इस आयोजित खेल स्पर्धा में भाग लेंगे। सांसद सुनील कुमार सिंह का सोच है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपनी प्रतिभा को गांव से आगे राज्य स्तर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकेंगे, इसलिए ऐसा आयोजन किया गया है। सांसद प्रतिनिधि ने सांसद महोदय के प्रति आभार प्रकट किया एवं बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दिया। सांसद प्रतिनिधि ने यह भी कहा की इस खेल सपर्धा से बच्चो को नयी उड़ान मिलेगी।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मानदेय राशन व गैस देने की सरकार से की मांग



**मनिका। मनिका** प्रखंड के लोहिया भवन में प्रखंड क्षेत्र के 95 आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका उपस्थित होकर निर्णय लिए की कल से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलने वाला पोषाहार बंद रहेगा सिर्फ शिक्षा दी जायेगी। आंगनबाड़ी संघ के प्रखंड सचिव सुमित्रा देवी ने बताया कि हम लोगों को सरकार द्वारा मानदेय भी नहीं दी जा रही है गैस भी नहीं दी जा रही है। अनाज भी नहीं दी जा रही। जिसे लेकर कल से मनिका प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का पोषाहार बंद रहेगा। मन कहा कि हम लोगों के द्वारा पहले भी मांग पत्र सौंप कर अपने विभाग को समस्याओं से अवगत करवाने का काम किया गया था लेकिन इस पर आज तक कोई भी पहल नहीं की गयी है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका संघ के प्रदेश अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा मनिका प्रखंड के आंगनबाड़ी सेवीका संघ के प्रखंड अध्यक्ष सविता उरांव, समेत मनिका प्रखंड के कई आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन बीडीओ द्वारा किया गया। जनता दरबार में जनता दरबार में 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनता दरबार में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने अपनी अपनी फरियाद रखी। इस दौरान कई लोगों ने वृद्धा पेंशन मिलने में हो रही परेशानियों से बीडीओ को अवगत कराया। ग्रामीण ने कहा कि उन्हें पेंशन प्राप्त होता था लेकिन वर्तमान में किसी कारण से पेंशन रुका हुआ है ऐसे में बीडीओ ने उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करते हुए पेंशन तत्काल चालू करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में जनता दरबार में पीएम आवास बिरधा पेंशन जमीन संबंधी कई आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसका त्वरित निदान किया गया। वहीं कई आवेदनों का निष्पादन नहीं होने पर संबंधित विभागों निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया जनता पार्टी दरबार में प्रखंड व अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

## सेन्हा में आधार पंजीकरण केंद्र का सीओ-मुखिया ने किया उद्घाटन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड स्थित पंचायत भवन में सी एस सी के तहत आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन सीओ एवं पंचायत मुखिया धनवाज उरांव के संयुक्त पहल से फीता काट कर किया गया। सीओ ने कहा पंचायत स्तर पर आधार पंजीयन केंद्र का उद्घाटन होने से पंचायत क्षेत्र के जनता को शत प्रतिशत आधार संबंधित कार्य करवाने में सुविधा मुहैया होगा। इससे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण और बच्चों का आधार बनाने संशोधन सहित बैंक से संबंधित भी कार्य किया जाएगा। वहीं पंचायत मुखिया धनवाज उरांव ने कहा क्षेत्र के जनता को आधार से संबंधित समस्या बना हुआ था। जिसको निदान को लेकर आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन सी एस सी के तत्वधान में किया गया। सी एस सी मैनेजर इरफान इकबाल असरफी ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन किया जाना है। जिसका आरम्भ पंचायत भवन सेन्हा में किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ठेकेदार और विभाग के अधिकारी की जबरदस्त मनमानी

# ठेकेदार और जेई की करतूतः पुरानी ईट को ही बाउंड्री में लगाया जा रहा है

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक करोड़ अस्सी लाख रुपए कि लागत से भवन विभाग के द्वारा डीएमएफटी फंड से भवन निर्माण बाउंड्री वॉल निर्माण और जमीन पर पेवर ब्लॉक निर्माण का निर्माण का कार्य लगभग तीन महीने से जारी है। सभी कार्य को भवन विभाग के जेई मोहम्मद नसर के देखरेख में कार्य कराया जा रहा है। चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार अलग-अलग ठेकेदार के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। परंतु सभी कार्य





को जांच करने कि आवश्यकता है। अभी निरंतर कार्य बाउंड्री वॉल और भवन का कार्य चल रहा है परंतु बाउंड्री वॉल में लगातार देखा जा रहा है कि घोर अनियमितता के साथ-साथ पुराने बाउंड्री में जो ईट लगे हुए थे उसको भी ठेकेदार के द्वारा बाउंड्री के कार्य में लगा दिया गया। उसके साथ ही पुराने बाउंड्री के ही ऊपर और ईट जोड़कर उसे ऊपर किया जा रहा है यह देखकर लगता है कि मानो पूरा सिस्टम ही भ्रष्ट हो गया है। इसे कोई देखने वाला नहीं है। आजाद सिपाही लगातार डीएमएफटी फंड में घोटाले कि खबर प्रमुखता से छापती आ रही है। परंतु भवन विभाग के कार्यपालक अभियंता कनीय अभियंता और ठेकेदार के मिलीभगत से यह प्रतीत हो रहा है कि डीएमएफटी फंड से मिले राशि को पूरी तरह डकार ली जाए और जैसे तैसे कार्य कर के अपनी जेब को भर लिया जाए। इसको भी इस राज्य में कोई देखने वाला नहीं है पेपर ब्लॉक का कार्य चल रहा था देखा जाता है कि अन्य जगह पर लगाए जाने वाले पेपर ब्लॉक के ईट की गुणवत्ता में भारी अंतर है यू कहे तो चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो भी निर्माण कार्य डीएमएफटी फंड के द्वारा कराया जा रहा है वह कार्य पूरी तरह कागज की तरह कुछ दिनों में बिखर जाएगा क्योंकि गुणवत्ता नाम की चीज इस कार्य में दिखता ही नहीं है सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा लगातार इस योजना के बारे में आवाज उठाते रहते हैं परंतु जिला का कोई भी अधिकारी आज तक प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया है सूचना मिलती है कि जांच करने विभाग के कुछ अधिकारी आते हैं परंतु जांच पूरी तरह लीपापोती हो जाती है और ठेकेदार जेई अपने कार्य में लगे रहते हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ही अब चंदवा के तमाम समाजसेवियों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में एक करोड़ अस्सी लाख रुपए की लागत से जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उसको जांच की जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त जो भी लोग हैं उसे कानून के तहत सजा दिया जाए जिससे जनता का भरोसा सरकार के प्रति बना रहे। उसके साथ ही भवन विभाग लातेहार के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता की आय से अधिक संपत्ति की भी जांच कराई जाए जिससे पता चले कि इनके द्वारा कितना बड़ा घोटाला किया गया है।

## अंधविश्वास और नशापान से मुक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण : मिशन बदलाव




**मिशन बदलाव सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने नगाड़ा बजाकर शुरू किया 'जागो और जगाओ' अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो एवं जागो और जगाओ अभियान के तहत बुद्धेश्वर उराव एवं टीम के सदस्यों ने भरनो प्रखंड के सुपा गांव का दौरा किया।

बुद्धेश्वर उरांव ने नगाड़ा बजाकर ग्रामीणों से अपील की कि अंधविश्वासों एवं नशापान से दूर रहने की अपील की। बुद्धेश्वर उरांव ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि झारखंड में डायन-बिसाही की पहली घटना पहली बार साल 1991 में प्रकाश में आयी, जिसमें उक्त महिला को डायन के नाम पर प्रताड़ित कर उसके पति और बेटे की हत्या कर दी गयी। इसके बाद सरायकेला-खरसावां जिले के पद्मश्री से सम्मानित छुटनी महतो का 1995 में मामला आया और अपने ऊपर हुए जुल्म को सहा। दर-दर की ठोकरें खानी पड़ी। अपनों के द्वारा ही घर से बेदखल कर दिया गया था, इस विकट समय में अपनों ने साथ छोड़ दिया था। परंतु वे हार नहीं मानीं और डायन कुप्रथा के शिकार अन्य पीड़ित महिलाओं के लिए उन्होंने जमीनी स्तर पर काफी काम किया, क्योंकि डायन-बिसाही के नाम पर हो रही महिलाओं पर अत्याचार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे थे। महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ही महिलाओं की दुश्मन के रूप में रहती हैं। इसमें सुधार करने की जरूरत है। तब ही उन्नत समाज बनाया जा सकता है।

## भवनाथपुर में टेंपो पलटने से युवक की मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरवाबांध में सोमवार की रात टेम्पो पलटने से उसके नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक का नाम बरवाबांध निवासी हरेन्द्र राम के 18 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार बताया जा रहा है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों द्वारा घायलावस्था में प्रकाश कुमार को टेम्पो के नीचे से निकालकर तत्काल उसे इलाज हेतु रेफरल अस्पताल नगर उंटारी ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची भवनाथपुर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त टेम्पो को जब्त कर थाना ले गयी। घटना के संबंध में मृत युवक के दादा रामनाथ राम ने बताया कि प्रकाश सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे भवनाथपुर से अपने घर बरवाबांध आ रहा था। टेम्पो से घर आने के क्रम में उसने साथ बैठे एक अन्य युवक को अपना टेम्पो चलाने को दिया था। उस युवक द्वारा तेज गति से टेम्पो चलाने के क्रम में टेम्पो अनियंत्रित होकर बरवाबांध के समीप पलट गया।

## बाइक पेड़ से टकराने से युवक की मौत, एक घायल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** यूपी के सोनभद्र जिला में हुई बाइक दुर्घटना में श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि साथ बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। समाचार के अनुसार जमुआ गांव विष्णु कुमार (19) पिता अजय राम अपने रिश्तेदार अजय कुमार (22) पिता बिनोद राम, निवासी विंढमगंज सोनभद्र के साथ सोमवार की रात्रि लगभग आठ बजे सोनभद्र जिले के दूधी से वापस घर लौट रहा था, तभी विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार नामक गांव के पास बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकरायी। सूचना पर पहुंची विंढमगंज थाने की पुलिस के द्वारा घायल अजय को आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूधी में भर्ती कराया गया है, जबकि दुर्घटना में मृतक विष्णु के घर सूचना भेजकर घटनास्थल पर बुलाकर पंचनामा के बाद पोस्टमाटम के लिये दूधी भेज दिया गया।

## युवा चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह पड़हा मैदान में सोमवार को युवा चेतना जागरण कार्यक्रम के तहत बेड़ो परिसर सेवा समिति के दस संकुल के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव में काम ना होने के कारण होने वाले पलायन को रोकने के लिए गांव के प्राकृतिक संसाधन के आधार पर गांव में रोजगार के अवसर निर्माण करने की जानकारी देना।मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संयोजक अनिल बाल शंकर, रामकृष्ण मिशन के कृषि वैज्ञानिक डॉ अजित कुमार सिंह, डा राजेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन, विकास सहयोगी राकेश भगत ने संसदीय संकुल की जानकारी दिया। वहीं कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी उपज दुगुनी करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इधर कार्यक्रम के दौरान सांसद द्वारा 24 प्रशिक्षित युवकों के बीच कृषि उपकरण प्रदान किया गया।

**आक्रोश :** चैनपुर प्रखंड में जमीन दलालों पर फूटा रौतिया समाज का आक्रोश

# शव के साथ चैनपुर बस स्टैंड किया चार घंटे जाम

**जमीन हड़प लिये जाने के सदमे से रौतिया समाज के छतरपुर निवासी महिनाथ रौतिया उर्फ बेनी की हो गई मौत**

**जमीन दलालों पर रौतिया समाज की 50 एकड़ से अधिक जमीन हड़पने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में रौतिया समाज के लोगों की लगभग 50 एकड़ जमीन को दलालों ने अंचल कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से लिखवा लिया। जिसके विरोध में रौतिया समाज के लोगों ने मंगलवार को चैनपुर बस स्टैंड को जाम कर आक्रोश प्रदर्शन किया। विरोध में चैनपुर बस स्टैंड लगभग चार घंटे तक जाम रहा। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बताते चलें कि जमीन हथिया लिये जाने के सदमे से रौतिया समाज के एक व्यक्ति छतरपुर निवासी महिनाथ रौतिया उर्फ बेनी की मौत हो गई। जिसके बाद रौतिया समाज के लोगों का गुस्सा भड़क उठा और समाज के लोग शव के साथ सैकड़ों की संख्या में चैनपुर बस स्टैंड पर सड़क जाम कर दिया और प्रशासन व जमीन माफियाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान रौतिया समाज के लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व दलालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चैनपुर सीओ होश में आओ, चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी मुर्दाबाद, चैनपुर कर्मचारी मुर्दाबाद, जमीन दलाल रितेश गुप्ता मुर्दाबाद, दलाल डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह मुर्दाबाद, दलाल विनोद जयसवाल मुर्दाबाद जैसे नारे लगा रहे थे। सभी लोग इसी तरह के नारों से लिखीं तख्तियां अपने हाथों में लिये हुए थे। जाम के कारण बस, बोलेरो, पिकअप मोटरसाइकिल जैसे वाहनों की लंबी लाइनें लग चुकी थीं।

इधर मौके पर चैनपुर बीडीओ डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत करने के बाद जाम को हटाया गया।

चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने लिखित आश्वासन दिया जिसमें एक शिष्टमंडल को चैनपुर प्रखंड कार्यालय बुलाया गया है, जहां गलत तरीके से रौतिया समाज की जिस जमीन का म्यूटेशन हो गया है सभी को रद्द करने की बात कही गई। साथ ही मृतक परिवार के बच्चों को कस्तूरबा विद्यालय में एडमिशन करने एवं जमीन वापसी करवाने का आश्वासन दिया गया।

## नगर परिषद ने लॉटरी से 18 दुकान एवं पांच टिकट काउंटरों का किया आवंटन

**सफल आवंटियों ने कोई तथ्य छुपाया है तो उनका आवंटन रद्द भी किया जा सकता है : ईओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगर परिषद के स्वामित्व वाली दुकानों एवं टिकट काउंटर्स के आवंटन हेतु लॉटरी कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में आयोजित किया गया। इस लॉटरी कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष दीपनारायण उरांव तथा उपाध्यक्ष कलीम अख्तर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि खुली लॉटरी के माध्यम से नगर परिषद की जिन दुकानों को आवंटित किया गया है उनमें से आठ दुकानें बस पड़ाव रोड, सात दुकानें ललित उरांव बस पड़ाव स्थित मार्केट कांपलेक्स की, जबकि तीन दुकानें पालकोट रोड की हैं।

**लाटरी से इन्हें दी गयीं दुकानें :** ललितपुर बस पड़ाव में मार्केट कांपलेक्स की दुकानों के लिए लॉटरी द्वारा सफल आवंटियों को दुकानें दी गई हैं। जिनमें बंटी कुमार साहू, शशांक कुमार सोनी, सूरज कुमार गुप्ता, प्रीति गुप्ता, बिंदू देवी, अनुपमा कुमारी तथा हरदीप सिंह के नाम शामिल हैं। वहीं बस पड़ाव पथ की दुकानों में हरि सेवक यादव, पिंटू चौरसिया, राजीव कुमार सिन्हा, चिंटू कुमार, जाहिद अनवर, विनोद कुमार सिंह, विकास कुमार गुप्ता का नाम लाटरी ड्रा में सामने आया। जबकि पालकोट रोड स्थित तीन दुकानों के सफल आवंटी ऋषभ शर्मा, मोहम्मद इम्तियाज तथा हुमायूं बेग हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि उक्त आवंटन प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न हुई। अलग-अलग दुकानों के लिए अलग-अलग कलर कोडिंग की गई थी। नगर परिषद की पूरी टीम ने सभी सफल आबंटियों को उन्होंने शुभकामनाएं दीं।

ईओ संजय कुमार ने कहा कि सभी सफल आवंटी 31 जनवरी से पूर्व अपना इकरारनामा अवश्य करवा लें। साथ ही बताया कि उपरोक्त सभी दुकानों का आवंटन औपबंधिक है अर्थात यदि आवंटन के क्रम में कहीं भी इस बात का प्रमाण मिलता है कि सफल आवंटियों ने कोई तथ्य छुपाया है या गलत जानकारी दी है तो उनका आवंटन रद्द भी किया जा सकता है।

इस दौरान नगर परिषद की पूरी टीम तथा पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## जुम्मन खान अगले तीन वर्षों तक बने रहेंगे सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान पूर्व की भांति गुमला जिला अध्यक्ष, गुमला लोहरदगा, सिमडेगा प्रभारी व सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव के रूप में अगले तीन वर्षों तक बने रहेंगे। इस संबंध में सीएफटीयूआई अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कमलाकांत झा ने एक पत्र प्रेषित कर यह घोषणा की है। जुमन खान को लिखित रूप से सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव, सह कोर्डिनेटर सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा का अतिरिक्त पदभार दिया गया है। उन्होंने जुम्मन खान की कार्यशैली से प्रभावित होकर तीन साल के लिए पदस्थापित रहने का आदेश जारी किया है। इस मामले में निर्णय लेने के लिए कमलाकांत झा की अगुवाई में प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक रांची हाउसिंग कालोनी में रखी गई थी। वही जुम्मन खान ने कहा कि जिस तरह उनके काम पर सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यकारी पदाधिकारियों ने भरोसा किया है वे उसी प्रकार और बेहतर काम कर दिखाएंगे। मजदूर वर्ग, गरीब वर्ग, किसान वर्ग, असहाय वर्ग के हक अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत रहेंगे। वैसे लोग जो खुद को मजदूर नेता बताते है और उनके पास कोई अधिकृत कार्ड नहीं है वैसे फर्जी मजदूर नेताओं को अब बेनकाब किया जाएगा। अपने उद्बोधन के द्वारा जुम्मन खान ने जिला प्रशासन और झारखंड सरकार सहित ठेकेदार, पेटीदार से भी अपील किया है कि बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के कोई भी आपसे पैसे आदि की मांग करे तो उनसें उनका संगठन का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर की मांग करें ताकि उन्हें बेनकाब किया जा सके। मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सहित अन्य जिलों में मजदूर वर्ग, गरीब वर्ग, किसान वर्ग, असहाय वर्ग, के लिए हर तरह का काम कर रहा है और लोगों के बीच जा कर हर समुदाय के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आम बागवानी के लाभुकों के चयन को लेकर प्रदान संस्था ने दिया प्रशिक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में आगामी वित्त वर्ष में आम बागवानी के लाभुकों के चयन को लेकर एनजीओ प्रदान के राहुल चौधरी एवं संस्था सदस्यों के द्वारा सभी महिला मेट, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बागवानी सखी को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता जानकारी देते हुए बताये की आगामी वित्त वर्ष में प्रखंड क्षेत्र में 500 एकड़ बागवानी करने का लक्ष्य रखा गया है।

## भरनो पुलिस ने मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो पुलिस द्वारा गुरुवार को मोटर यान अधिनियम के विभिन्न धाराओं, जुर्माना व न्यायालय में अभियोजन से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ब्लॉक चौक स्कूल चौक, भरनो बस्ती विभिन्न मार्गों व थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों -टोलों में लाउडस्पीकर व बैनर-पोस्टर के माध्यम से व्यापक जागरूकता व चेतावनी संबंधित प्रचार-प्रसार किया गया। इस बावत थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से वाहन अधिनियमों का पालन करने व वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील करते हुए नियम तोड़ने वालों पर मोटर यान अधिनियम के तहत जुर्माना व कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय अमलिया में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय अमलिया में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्रों के अभिभावक या माता-पिता उपस्थित हुए। बैठक में स्कूल की समस्या से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय में छात्रों के शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिशु गणना पंजी संधारण, गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन, छात्रों की कल्याण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु आधार पंजीयन, विद्यालय के छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीयन तथा कक्षा आठ के द्वारा आयोजित परीक्षा हेतु पंजीयन आदि को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। बैठक में अमलिया क्षेत्र में जंगली हाथियों के दस्तक को लेकर चिंता व्यक्त की गयी, क्योंकि पूर्व में जंगली हाथियों द्वारा चार बार धावा बोलकर स्कूल को काफी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। मौके पर स्कूल के सचिव नकुल सरकार, ज्वाला प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष बुधवा उरांव समेत काफी संख्या में अभिभावक और एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर, बसिया में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में मंगलवार को संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख जगरानी तिग्गा एवं विशिष्ट अतिथि बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में विद्या मंदिर स्तर से छारदा, पालकोट, पोकला गेट, बसिया, कुम्हारी एवं डोम्बा के विद्यालय शामिल हुए इसमें 10 अंक लाकर बसिया प्रथम 9 अंक लाकर पालकोट द्वितीय एवं 8 अंक लाकर पोकला गेट तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं शिशु मंदिर स्तर से बसिया एवं कुम्हारी शामिल थे। जिसमें बसिया प्रथम एवं कुम्हारी दूसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम को प्रमुख जगरानी तिग्गा, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सचिव सुनील कुमार ने संबोधित किया। सभी विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिवराज साहू, सीताराम साहू, शंकर साहू, पुष्पा देवी सहित सभी संकुल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।

**जनता दरबार :** साप्ताहिक जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याओं को उपायुक्त ने सुना

# लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधीनस्थों को दिये निर्देश

**जनता दरबार में भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, राशन कार्ड सहित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित मामले आये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को उपायुक्त ने ध्यानपूर्वक सुना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिया।

जनता दरबार में प्रखंड कामडारा टुरूण्ड बनटोली निवासी सावित्री कुमारी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि उनके बड़े भाई लक्ष्मण लोहरा की हत्या दिनांक 21.03.2019 को उग्रवादी द्वारा कर दी गयी थी। आवेदक द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नौकरी की मांग की गयी। इस पर उपायुक्त ने स्थापना प्रभारी को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया। सिसई प्रखंड के रोशनपुर निवासी अनुप कुजूर द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि पूर्व में उन्हें अनुदान में घर बनाने के लिए जमीन दिया गया था, जिसमें भू-माफिया द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिस पर उपायुक्त ने आवेदन पत्र को अंचल अधिकारी सिसई को जांच करने का निर्देश दिया। गुमला प्रखंड के रामनगर के नागरिकों द्वारा बताया गया कि रामनगर में लगभग पचास घर है। घर में शौचालय भी नहीं है। नागरिकों द्वारा निजी शौचालय, पानी एवं नाली बनाने का मांग की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक जॉच कर कर्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में घाघरा प्रखंड के अन्नपूर्णा महिला मण्डल घाघरा द्वारा आवेदन समर्पित करते हुए अन्नपूर्णा महिला मण्डल घाघरा में पूर्व में बंद हुए राशन दुकान को फिर से चालू करने की मांग की गई। उपायुक्त ने आवेदन पत्र को अग्रसारित करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक जांच करने का निर्देश दिया। बसिया प्रखंड के फेकू राम द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वे रेफरल हॉस्पीटल बसिया में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। और उनके ही जमीन में हॉस्पीटल बना है। आवेदक द्वारा मानदेय बढ़ाने की मांग की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने अनुमण्ल पदाधिकारी बसिया को जांच कर आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में टुकूटोली के ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वार्ड नं. 01 में पेयजल, अंगनबाड़ी केन्द्र, गाडवाल निर्माण, सामुदायिक भवन की मरम्मति, शौचालय निर्माण, जनवितरण दुकान तथा अखाड़ा बनाने की मांग की गई। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

फसिया बरटोली के ग्रामीण द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि विद्युत विभाग द्वारा गांव में बीपीएल कनेक्शन दिया गया था। प्रत्येक माह बिजली बिल न देकर चार साल का एक ही बार लाभुकों को विद्युत बिल दिया गया। जिससे अत्यधिक बिजली बिल की राशि भुगतान करने की समस्या उत्पन्न हो गई। आवेदन पत्र को आगे की कर्रवाई हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल गुमला को भेजने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, राशन कार्ड, मानदेय भुगतान, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

## लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार एवं हाथी से बचाव के लिए माले ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के तत्वावधान में लघु सिंचाई विभाग गुमला में फैले भ्रष्टाचार व हाथी से बचाव के लिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत माले के जिला सचिव प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं में 40% से भी ज्यादा भ्रष्टाचार बेरोकटोक चल रही है। सिंचाई के नाम पर बिशुनपुर के भैया बांध में मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार और पालकोट गांधीनगर के चिलकोता में चेकडैम योजना में प्राक्कलन को ताक पर रखकर घटिया निर्माण कराया गया है। वहीं हाथी से लोगों की जानमाल बचाने के लिए वन विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं रहने से वन विभाग के पदाधिकारी अपने रेसिडेंस में चैन की नींद सो रहे हैं और ग्रामीण रात जाग कर जान-माल का नुकसान झेल रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री सिंह ने सरकार व गुमला उपायुक्त से मामले को गंभीरता से लेते हुए लघु सिंचाई विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर जांचोपरांत कार्रवाई तथा हाथी से बचाव का उपाय व वन विभाग हाथी को अपनी निगरानी में रखे इसकी व्यवस्था कराने की भी मांग की है। श्री सिंह ने मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।

धरना कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम में अजीत विश्वकर्मा, शंकर उरांव, शिवप्रसाद साहू, भूषण सिंह, धर्मपाल उरांव, धरम महतो, ललन साहू, बंधन लोहरा, रमेश यादव, गोपेश्वर गोप, सोमरा खड़िया, मालती देवी, कुशमा मिंज के अलावे दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया प्रेमा कार और बाइक पार्ट्स दुकान का उद्घाटन



जपला (आजाद सिपाही)। छतरपुर मुख्य पथ के अनुमंडल गेट के समीप प्रेमा कार एवम बाईक पार्ट्स दुकान का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,सकलदेव सिंह,प्रेमा देवी,छोटू सिंह आदि ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रेमा कार एवम बाइक पार्ट्स दुकान के प्रोपराइटर छोटू सिंह द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर पलामू जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह ने ने कहा कि हुसैनाबाद में प्रेमा पार्ट्स दुकान खुलने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी ।उन्होंने कहा कि शहर में सुविधाओं का विस्तार जरूरी है ।मौके पर दुकान के प्रोपराइटर छोटू सिंह ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में कार एवम टू व्हीलर के स्पेयर पार्ट्स उचित मूल्य पर उपलब्ध है ।मौके पर वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, पप्पू सिंह,यमुना सिंह,सद्दाम हुसैन,अशोक सिंह,पंकज सिंह ,सोनल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## पथरा मुखिया ने किया मध्य विद्यालय में स्कूली किट का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य बिद्यालय पथरा में झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल कीट दिया गया था जिसका वितरण पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान के द्वारा किया गया ।उपस्थित मुखिया ने बिद्यालय के सभी वर्गों में बच्चो से मुलाकात करते हुए पढाई एवं सफाई देख कर काफी हर्षित हुए और बिद्यालय प्रबंधन की सराहना की। मौके पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि यह स्कूल किट बच्चों के शिक्षण कार्य मे काफी मददगार साबित होगा ।विद्यार्थियों में अध्यवन के प्रति लगाव बढ़ेगा और पढ़ाई में रोचकता आएगी ।उन्होंने कहा की बच्चें बेहतर शिक्षा हासिल करके समाज और राष्ट्र के विकास मे अपनी महती भूमिका निभाए । साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन ससमय बिद्यालय पहुँचकर बेहतर तरीके से शिक्षण कार्य करने की अपील की। मौके पर शेख अंसारी,कवींद्र पासवान,धीरेंद्र चौधरी,शमीम बेगम समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थे।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक वितरण



विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आज छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण पंचायत की मुखिया मंजू देवी,समाजसेवी मनीष कुमार व वार्ड सदस्य रेणु देवी ने संयुक्त रूप से किया। प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो सेट पोशाक के साथ एक स्वेटर व जुता-मोजा भी दिया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र राम व संचालन शिक्षक संतोष केशरी ने किया। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एक रूपता आती है। मौके पर गीता देवी,सतीश प्रकाश,अरविंद कुमार,प्रेमचन्द यादव,प्रवेश गुप्ता,प्रमोद चौधरी,कृष्णा विश्वकर्मा,गुड्डू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## क्षेत्रीय विधायक सिर्फ हवा हवाई की बात करते हैं : रंग बहादुर सिंह



सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। दुलसुलमा में मंगलवार को झामुमो उपाध्यक्ष रंग बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक की गयी। बैठक में झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक आलोक चौरसिया पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 8 साल गुजर गए, विकास का नामोनिशान नहीं है। क्षेत्रीय विधायक सिर्फ हवा हवाई में बात करते हैं। झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष रंग बहादुर सिंह ने कहा कि दुलसुलमा पंचायत के मुरमा में विधायक के द्वारा वन भोज कार्यक्रम में बाहर से भाडा का आदमी लाया गया था। भाड़ा पर आदमी लाकर विकास का ढिंढोरा विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा पीटा गया। दुलसुलमा पंचायत स्वर्गीय अनिल चौरसिया का गढ़ रहा है, हमेशा से इस पंचायत के लोग सत प्रतिशत चौरसिया परिवार के साथ खड़ा रहे हैं, पर सत्ता मिलने के बाद वे भूल गए। यहां के लोग अब उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। 2024 के चुनाव में समझ में आ जाएगा। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है,तब से विपक्ष के पेट में दर्द होंने लगा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों को उनका हक देने का काम कर रही है। इस मौके पर विजय सिंह, केदार सिंह, झमन सिंह, खेलावन सिंह समेत एक दर्जन लोग उपस्थित थे।

## नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन



सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। लातेहार जिले के नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, इसमें चतरा लोकसभा से 500 खिलाड़ी भाग लेंगे । उक्त बातें चतरा जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा खेल संयोजक अभिषेक केसरी ने सतबरवा में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। इसमें बतौर मुख्य अतिथि चतरा सांसद सुनील सिंह मौजूद रहेंगे। चतरा लोकसभा संयोजक अभिषेक केसरी ने कहा कि पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। मकसद है कि एथलीट में भारत खेल के हर विभाग में अव्वल रहे। इसके लिए खिलाड़ियों को निखारने व आगे लाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब एथलीट खेल में भारत के खिलाड़ी भाग लेते हैं, तब हमें सबसे नीचे पायदान पर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सतबरवा प्रखंड से 15 खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों को सभी व्यवस्था के साथ नेतरहाट में पहुंचाया जाएगा साथ ही उन्हें खेल किट दिया जाएगा। खाने पीने की सारी व्यवस्था वहां पर है। खेल 18,19,20 जनवरी को होगी। इस मौके पर चतरा सांसद के सतबरवा प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, पांकी विधानसभा प्रतिनिधि धीरज प्रसाद, युवा मोर्चा पलामू जिला मंत्री विकास तिवारी, डॉ मनोज, मनोज भुईयां सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नववर्ष में विधायक ने क्षेत्र को तीन के बाद पांच सड़कों का दिया तोहफा : सूर्या सिंह

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 से 2019 के बीच कितना विकास हुआ और 2019 के बाद हुसैनाबाद हरिहरगंज में कितना विकास हो रहा है। जनता को आकलन करने की जरूरत है। विधायक कमलेश कुमार सिंह जो कहते हैं, उसे पूरा करने में लग जाते हैं। यही वजह है की हुसैनाबाद की जनता उन्हे विकास पुरुष के नाम से जानती है। उक्त बातें एनसीपी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह की विकासशील सोच और अथक प्रयासों का नतीजा है की हुसैनाबाद विधानसभा की इस वर्ष के शुरूआत में तीन सड़कों के बाद पांच महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिन सड़कों की स्वीकृति मिली है उसमे हरिहरगंज प्रखंड के तेतरिया भाया बनस्पति, तेंदुआ कला से हल्का रोड होते हुए जगदीशपुर तक, हैदरनगर प्रखंड के जीन ताड़ मोड़ से रमजिता पांती होते हुए सिघना तक, हैदरनगर- जपला मुख्य पथ निमियादोहर से सरगड़ा ,बिलासपुर,नौडीहा, पतरिया, बभंडी होते हुए हैदरनगर हाई स्कूल तक, हुसैनाबाद प्रखंड के उपरी कला मोड़ से ऊपरी खुर्द होते हुए कोसी, चनकार गोपाल , अलीनगर तक सड़क निर्माण शामिल है।

# स्वर्गीय मनी बाबू को भुलाया नहीं जा सकता : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता




मेदिनीनगर। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने बोर्ड द्वारा पारित वेटरनरी हॉस्पिटल चौक का नामकरण स्वर्गीय अनिल कुमार सिन्हा उर्फ मनी बाबू के नाम करते हुए कहां कि मृदुभाषी व्यक्तित्व के मालिक मनी बाबू को हम सब पूरा मोहल्ला मनी भैया के नाम से पुकारा करते थे और वे हम सबों को हमेशा भाई का स्नेह जीवन भर देते रहे। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मोहल्ले में किसी के यहां कोई भी दिक्कत या कष्ट हुआ करता था तो वह स्वयं अपने चंद कमाई से यथासंभव मदद किया करते थे जिसकी जानकारी हम सबको बाद में होती थी। मनी भैया आज उनकी याद में इस चौक का नाम कर मैं, मेरे भाई उप महापौर मंगल जी एवं प्रदीप अकेला जी गौरवान्वित महसूस कर रहे है। महापौर ने कहां कि समाज ऐसे ऐसे सामाजिक शख्सियत को हमेशा याद रखे इसी उद्देश्य से कई रोडो का नामकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वर्गीय अनिल कुमार सिन्हा के बेटे एवं परिवार के सदस्य मनोज कुमार सिन्हा, विवेक कुमार सिन्हा, मोनिका सिन्हा, अनीता सिन्हा, सुशील प्रकाश के अलावे संजय सिंह, रवि सिंह, प्रभाकर जी, सतीश जी, संजय श्रीवास्तव, अर्जुन, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने पुराने लोगों की याद में मार्ग, चौक, चौराहा का नामकरण महापौर द्वारा किया जाने को काफी सराहा।

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व डीडीसी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम बैठक में 22 नवंबर को संपन्न हुए बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में रोटरी क्लब के सामने के दुकानों को मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने को लेकर निर्णय लिया गया साथ ही जिला परिषद कार्यालयों में कर्मियों की कमी को देखते हुए आवश्यकतानुसार कर्मियों को बहाल किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा दो-दो बिजली बिल दिये जाने की बात कही गयी साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं पर दो-दो बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज भी की जा रही है। इस पर बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के सहायक अभियंता को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में 15वें वित्त की राशि के योजनाओं को पूर्ण कर राशि का शत प्रतिशत व्यय करने का निर्णय लिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने की दिशा में काम करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग,आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों के अन्यान विषयों की समीक्षा की गयी।

## अनुबंध स्वस्थ्य कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता



विश्रामपुर(पलामू)। विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनुबंध पर कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मी छः सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये है। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुआ है। आज अनुबंध कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर धरना भी दिया। धरना पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि राज्य सरकार वादे से मुकर रही है। जिसके चलते आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्षो से सेवा देने के बावजूद भी स्थायीकरण नही किया जा रहा है। अल्प मानदेय के साथ अनुबंध पर रखा गया है। जबकि सरकार व विभाग ने संघ से वार्ता के दौरान स्थायीकरण का वादा किया था। एनआरएचएम कर्मियों ने सरकार से स्थायी नियुक्ति हेतु प्रक्रिया शुरू कराने का मांग किया है। अन्यथा हड़ताल अनवरत जारी रखने का आह्वाहन किया। धरना पर बैठने वालों में एएनएम आयशा खातून, रीता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, सोनम कुमारी, पूर्णिमा पांडेय, अनिता कुमारी, एचडी संतोष कुमार, पंकज कुमार पांडेय, पंकज कुमार सिंह, मिनहाज आलम, सौरभ शुक्ला सहित सभी स्वास्थ कर्मी शामिल थे।

## समाजसेवी आत्मानंद चौबे की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

आजद सिपाही संवाददाता



विश्रामपुर(पलामू)। विश्रामपुर विस क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वष्ट्र आत्मानंद चौबे की तीसरी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर आत्मानंद चेरिटेबल ट्रस्ट आत्ममन द्वारा रेहला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे उनके परिजनों,प्रसाशनिक अधिकारियों व गण्यमान्य लोगो ने स्वष्ट्र चौबे के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। स्वष्ट्र चौबे के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्वष्ट्र चौबे के तृतीय पुत्र मुनमुन चौबे व संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि स्व.चौबे समाज के लिए एक प्रेरणा थे। उनके द्वारा किए गए पुण्य कार्य से ही उनका परिवार आज सफलता की राह पर अग्रसर है। गढ़वा डीआरडीईटी के निदेशक दिनेश सोरेन ने आत्मानंद चौबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मुनमुन चौबे ने बताया कि आत्ममन के माध्यम से शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कार्य चलाया जा रहा है। संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में पुस्तकालय भी खोला गया है। कार्यक्रम के दौरान दस गांव के 200 अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। इसके अलावा आत्मानंद स्मृति छात्रवृति योजना की भी शुरूआत हुई। जिसके तहत पांच मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व छात्रवृति की राशि दी गई। कंबल व छात्रवृति के राशि का वितरण एसडीपीओ सुरजीत कुमार, डीआरडीए निदेशक दिनेश सोरेन, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय, सीएस दुबे,थाना प्रभारी नेमधारी रजक,कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय व डॉ वीपी शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमे सैकड़ो लोगो ने भोजन ग्रहण किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, समाजसेवी गुलाम नवी अंसारी, राजेश चौबे, मनोज चौबे उर्फ बबलू चौबे, शशिनाथ चौबे,गामा चौबे, टुनटुन चौबे, राघवेंद्र चौबे, उमाकांत चौबे, सचिन चौबे, विजय कृष्ण सिंह, शिक्षक मनोज द्विवेदी, भोला राय, संतोष मिश्रा, मुखिया अंजू देवी, रवि शंकर चौबे, चंद्रप्रकाश चौबे,अभिषेक भारद्वाज, बबन सिंह, अशोक चौबे, पद्माकर पाठक, अलका पाठक, ओमी चौबे, डब्लू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ता है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के प्रतिष्ठित संत मरियम स्कूल के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर राजगीर तथा नालंदा पहुंचे जहां उन्होंने शैक्षणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल की जानकारी ली। बच्चों ने म्यूजियम में इतिहास की जानकारी जुटाई जहां धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। वही शैक्षणिक जानकारियां भी हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एक साथ भोज का भी जमकर लुत्फ बच्चों ने उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव स्वयं उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण में चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल से जुड़े शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चों को कई महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया और उसके बारे में जानकारी दी। जिससे बच्चों को बहुत ही बेहतर जानकारियां हासिल हुई जो उनके भविष्य में काम आएगा।



### शैक्षणिक यात्रा से बच्चे हुए लाभान्वित

शैक्षणिक यात्रा में बच्चों के लिए सुखद संजोग यह रहा कि बच्चे दशरथ मांझी के अथक परिश्रम के द्वारा काटे गए पहाड़ में बने रास्तों को देखने पहुंचे वहां उनकी मुलाकात उनके बेटे भागीरथ मांझी से हुई । स्कूल की पूरी टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर सभी बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति भी जब किसी कार्य को करने की ठान लेता है तो उसके जिंद के आगे सारी मुश्किलें पस्त हो जाती है और वह उस कार्य को पूरा कर ही देता है। लगातार कई वर्षों तक पहाड़ को काटते काटते आखिरकार दशरथ मांझी ने रास्ता बना ही दिया और उस वक्तव्य को सही साबित किया कि जब तक तोड़ेंगे नहीं तब तक छोड़ेंगे नहीं।

### सभी बच्चों ने पूरी शैक्षणिक यात्रा का आनंद उठाया

पूरे यात्रा पर अपना मंतव्य देते हुए वर्ग दसवीं के विद्यार्थी सुशील कुमार ने बताया कि बोधगया जैसे पावन स्थलों पर जाने के पश्चात हमने जाना कि करोड़पति इंसान भी आम जनमानस की तरह जीवन यापन कर रहा है। पैसे का कोई घमंड नहीं है, यहां लोग द्वेष,ईर्ष्या,प्रपंच,झूठ से कोसों दूर है। बच्चों ने स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया है कि जिनके कुशल निर्देशन में इस यात्रा का लाभ उन्हें मिला।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- 8987263405 (जिला भू-अर्जन शाखा) Email:- dlaopalamau@gmail.com

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-75 (Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा-3G के तहत घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू-अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0-75 अन्तर्गत मौजा-पोखराहा कला, थाना-मेदिनीनगर, थाना नं0-204**

**पत्रांक- 15 (E)/भू0अ0, दिनांक- 07.01.2023**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | पोखराहा कला | 21 | 1405 | 0.0037 | धान | 0.0037 | 1 | इन्द्रदेव सिंह व प्रसाद सिंह पिता अकलु सिंह पिता फकीरचंद सिह, बिरबल सिंह, वैद्यनाथ सिंह, जवाहर, जवाहर सिंह पे0 सीता सिंह पे0 रामजीत सिंह प्रेम सिंह व अर्जुन सिंह पिता नेमन सिंह पिता मनोहर सिंह पिता रामजीत सिंह, अन्त सिंह व राजो कुंवर पिता नन्हकु सिंह पे0 रामजीत पिता नन्हक सिंह | |
| | | 21 | 1440 | 0.2191 | धान | 0.2191 | | तदैव | |
| | | 21 | 1441 | 0.0835 | धान | 0.0835 | | तदैव | |
| 2 | | 22 | 1376 | 0.4087 | टांड़ | 0.4087 | 2 | उमेद, धर्मराज, अमर दयाल, लखन पे0 सुदामा पे0 जगेशर भुइयां छोटन भुइयां पिता जगेश्वर भुइयां, धनु भुइयां, शिवकुमार, राजेश, दशरथ, सकेन्द्र पे0 सुखदेव भुइयां पे0 जगेशर भुइयां मालती पे0 रघु पे0 भगेशर भुइयों तपेशर, डोमन, संजय पे0 विगन पे0 भगेश्र भुइयां | |
| | | 22 | 1389 | 0.4284 | टांड़ | 0.4284 | | तदैव | |
| 3 | | 3 | 1467/P | 0.1700 | धान | 0.1700 | 3 | किरण टोप्पो पति प्रेम प्रकाश | |
| 4 | | 3 | 1467/P | 0.0200 | धान | 0.0200 | 4 | प्रतीमा कुमारी पति प्रदीप उरांव | |
| 5 | | 29 | 1437 P 1648 | 0.1000 | टांड़ | 0.1000 | 5 | पार्वती देवी पति साधुशरण सिंह | |
| | | 29 | 1454 | 0.0135 | धान | 0.0135 | | तदैव | |
| 6 | | 34 | 1378 | 0.2060 | टांड़ | 0.2060 | 6 | बुधन भुइयां पे0 प्यारी भुइयां पे0 महराज भुइयां, सुरेन्द्र, भोला पे0 अर्जुन भुइयां पे0 जगत देवी, पे0 हुसैनी भुईयां पे0 लुची, | |
| | | 34 | 1391 | 0.1912 | टांड़ | 0.1912 | | तदैव | दिलबसिया देवी, पति बावो महतो उर्फ रामखेलावन महतो के नाम से पंजी-II के हो0सं0 26/V पर जमाबंदी कायम है। |
| 7 | | 26 | 1379/P | 0.0750 | टांड़ | 0.0750 | 7 | महारानी देवी पति कतवारु राम | |
| 8 | | 49 | 1251 | 0.1109 | टांड़ | 0.1109 | 8 | रामनाथ सिंह पे0 टोहा सिंह पे0 देवधारी सिंह, पाखो सिंह पे0 तेजु सिंह पे0 देवधारी सिंह, भनु सिंह पे0 नान्हु सिंह पे0 शिवधारी सिंह, सुर्यदेव सिंह व युगेश्वर सिंह पे0 धुमन सिंह पे0 अकलु सिंह | |
| 9 | | 41 | 1374 | 0.3965 | टांड़ | 0.3965 | 9 | रामदास सिंह वल्द गुठल सिंह | भनु सिंह, पिता मथुरा सिंह |
| 10 | | 49 | 1380 | 0.6876 | टांड़ | 0.6876 | 10 | रामनाथ सिंह पे0 टोहा सिंह पे0 देवधारी सिंह, पाखो सिंह पे0 तेजु सिंह पे0 देवधारी सिंह, भनु सिंह पे0 नान्हु सिंह पे0 शिवधारी सिंह, सुर्यदेव सिंह व युगेश्वर सिंह पे0 धुमन सिंह पे0 अकलु सिंह | |
| 11 | | 3 | 1467/P | 0.1500 | धान मकान | 0.1500 | 11 | राजेश्वर सिंह व देवेन्द्र सिंह पिता तपेश्वर सिंह पे0 अलियार सिंह | दीपक टोप्पो पिता बनेडिक टोप्पो, केवाला से प्राप्त हुआ है, नामांतरण नहीं हुआ है। |
| | | 3 | 1467/P | 0.3739 | धान | 0.3739 | | तदैव | |
| 12 | | 29 | 1400 | 0.4702 | धान | 0.4702 | 12 | रामदेव सिंह व रामबदन सिंह, शंकर सिंह पे0 भोला सिंह पे0 डोमन सिंह, जगत सिंह पे0 केसो सिंह, पचु सिंह पे0 प्रमेश सिंह राजदेव सिंह व अनिल सिंह व हरिहर सिंह व रघुवंश सिंह पिता महेश सिंह पिता रामकृक्ष सिंह, सुषमा देवी व फुदनी कुंवर पे0 गोविन्द सिंह पे0 प्रगाश सिंह हरखु सिंह पे0 राधा सिंह पे0 तिलकधारी सिंह | |
| | | 29 | 1403 | 0.5359 | धान | 0.5359 | | तदैव | |
| | | 29 | 1437/1648 /P | 0.2696 | टांड़ | 0.2696 | | तदैव | |
| | | 29 | 1438 | 0.0284 | टांड़ | 0.0284 | | तदैव | |
| | | 29 | 1454/1653 | 0.1020 | धान | 0.1020 | | तदैव | |
| | | 29 | 1469 | 0.1675 | धान | 0.1675 | | तदैव | |
| 13 | | 44 | 1442 | 0.2903 | धान | 0.2903 | 13 | राधीका सिंह, कुलदीप सिंह पे0 कमेशर सिंह पे0 बरत सिंह, गणेश सिंह, गिरवर, कमलेश, धर्मदेव, नंन्दकेश्वर पिता मेघनाथ सिंह वो साधुशरण सिंह, पे0 चित्रमान सिंह पे0 जितन सिंह, निहोरा, फागु, महंगु पे0 वासुदेव सिंह पे0 पवन सिंह पे0 तुफानी सिंह, छइन सिंह पे0 स्व0 निर्मल सिंह पे0 बासुदेव पे0 पवन पे0 धर्मदेव पे0 तुफानी सिंह, श्रवण पे0 नंदूदेव पे0 परमेश्वर पे0 तुफानी ससिह बंध पे0 परमेश्वर पे0 तफानी, अनिल सिह पे0 कोदू पे0 परमेश्वर पे0 तुफानी सिंह | |
| 14 | | 14 | 1450 | 0.1900 | धान | 0.1900 | 14 | रामचंद्र सिंह पिता पालो सिंह पिता महाबीर सिंह पिता छतरपति सिंह, मुनेश्वर सिंह पिता दसु सिंह, पिता छतरपति सिंह, सुरेन्द्र सिंह पिता प्रवेश सिंह पिता कन्हाई सिंह पिता छतरपति सिंह | |
| | | 14 | 1451 | 0.1662 | धान | 0.1662 | | तदैव | |
| | | 14 | 1468 | 0.0899 | धान | 0.0899 | | तदैव | |
| 15 | | 7 | 1377 | 0.4730 | टांड़ | 0.4730 | 15 | विश्वनाथ साव वो जगरनाथ साव वो वैद्यनाथ साव पिता दशरथ साव | |
| | | 7 | 1382 | 0.5700 | टांड़ | 0.5700 | | तदैव | |
| 16 | | 3 | 1467/P | 0.1875 | धान मकान | 0.1875 | 16 | सुमन कुजुर पिता सुलेमान कुजुर | |
| 17 | | 26 | 1379/P | 0.0750 | टांड़ | 0.0750 | 17 | सरयु राम व लक्ष्मण राम पिता महादेव राम | |
| 18 | | | 1253 | 0.3575 | टांड़ | 0.3575 | 18 | अज्ञात | |
| | | | 1375 | 0.2226 | टांड़ | 0.2226 | | अज्ञात | मुनेश्वर मोची, पिता भिखारी मोची |
| | | 26 | 1379/P | 0.1136 | टांड़ | 0.1136 | | अज्ञात | |
| | | | 1385 | 0.7489 | टांड़ | 0.7489 | | अज्ञात | |
| | | | 1398 | 0.3758 | टांड़ | 0.3758 | | अज्ञात | अर्जुन सिंह, पिता नेमन सिंह, कागजात नहीं है, सिर्फ दखल-कब्जा है। |
| | | | कुल | 9.0719 | कुल | 9.0719 | | | |

कानूनगो, जिला भू-अर्जन कार्यालय, पलामू।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू।

अपर समाहर्त्ता पलामू।

उपायुक्त, पलामू।

PR 287650 Land Reforms (22-23)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में

# जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए देश के सभी राज्यों में चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू किए जाने की जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो :** हस्ताक्षरयुक्त पत्रों को फाउंडेशन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपेगी। 18 जनवरी को रामगढ़ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होनी है। जिसके तरह बोकारो से रामगढ़ जाने के क्रम में आज रेलवे स्टेशन पर जनसंख्या फाउडेशन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सैगल, राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण मुरारी का स्वागत किया। इस अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। भारत से क्षेत्रफल की दृष्टि में तीन गुना अधिक बड़े पड़ोसी देश चीन ने पहले ही हम दो, हमारे दो... नीति को अपनाया और अब हम दो हमारे एक नियम को कड़ाई से लागू किया है। आज चीन विश्व की महाशक्ति बन गया है, जबकि भारत आज भी गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, अशिक्षा, प्रदूषण और अपराध से लड़ रहा है। कहा कि कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू किए जाने की जरूरत है, तभी हमारा देश वैश्विक महाशक्ति के रूप में खुद को स्थापित कर पायेगा।

जनसंख्या समाधान फाउडेशन की तरफ से जिला अध्यक्ष सह हस्ताक्षर अभियान प्रभारी महेन्द्र राय के नेतृत्व में बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर बढ़ती जनसंख्या के कुप्रभाव से आमजनों को जागरूक भी किया। अपनी धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार जरूरी। सनातन संस्कृति प्रचार प्रसार,उसकी रक्षा के लिए हम सभी को जागरूक होना चाहिए। आज जिस तरह सनातन संस्कृति पर प्रहार हो रही वह निंदनीय है उसके विरोध में हम सभी की एकजुटता जरूरी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन देश के सभी जिलों में करोड़ों लोगों के सहयोग और समर्थन के साथ जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग सरकार के समक्ष रख रहा है। स्वागत करने वालों में अर्जुन सिंह, घनश्याम आनंद, विक्रम गोस्वामी,रंजीत गुप्ता, सुनील सिंह, मोतीलाल गुप्ता, कृष्णा केवट, राजू गुप्ता, रवि गोस्वामी मौजूद रहे।

## भाजपा नेत्री रागिनी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दो दिन पूर्व धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित 80 जोड़ों को रोजगार एवं सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सामूहिक विवाह के तहत नव दांपत्य जोड़ो के सुखमय जीवन को लेकर विशेष प्रावधान के तहत रोजगार देने की मांग की। सर्वधर्म सामूहिक विवाह के आयोजन से कइयों की जिंदगी बढ़ाने का काम किया, जिससे जिले के साथ-साथ राज्य का भी नाम बढ़ा है। इसके लिए आयोजनकर्ताओं, जिला प्रशासन, शहर के उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों का सहयोग अति सराहनीय है। जिन्होंने धनबाद ही नहीं पूरे झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि सामूहिक विवाह करने वाले इन जोड़ों को रोजगार देने की दिशा में पहल होनी चाहिए इसके साथ-साथ इन्हें रोजगार के लिए राज्य सरकार के अधिकृत बैंको को ऋण उपलब्ध करायी जाये। सामूहिक विवाह में आयोजकों द्वारा दिए गये विवाह प्रमाण-पत्र के आधार पर शिक्षा में भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

## तेतुलमारी पुलिस और सीआइएसएफ ने छापेमारी कर 15 टन अवैध कोयला सहित ऑटो को पकड़ा



**तेतुलमारी/कतरासः** तेतुलमारी पुलिस और सीआइएसएफ टीम ने मंगलवार को संयुक्त रूप से छापेमारी कर पांडेडीह 6 नंबर बस्ती से लगभग 15 टन अवैध कोयला सहित कोयला लोड टेम्पू को जब्त कर माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर धंधेबाजों की तलाश में जुट गयी। ज्ञात हो कि गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस और बीसीसीएल एरिया 4 की सीआईएसएफ टीम ने संयुक्त रूप से मंगलवार अहले सुबह पांडेडीह 6 नंबर बस्ती में छापेमारी कर 15 टन अवैध कोयला को जब्त किया हालांकि पुलिस आने से पूर्व ही धंधेबाज भागने में सफल रहे, लेकिन कोयला लोड टेम्पू संख्या जेएच 10 बीएक्स 0621 को छोड़ भागे। जिसे पुलिस ने जब्त कर थाना ले आयी और वही अवैध कोयला को सीआईएसएफ टीम ने हाइवा के माध्यम से बीसीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द किया। देर शाम तक प्रबंधन के द्वारा थाना में कोई भी शिकायत नही दिया गया है। कहा जा रहा है बार-बार हो रही छापेमारी में बीसीसीसीएल प्रबंधन लिखित शिकायत देने के बजाय मौन हो जाती है ,जिस कारण प्रशासन और सीआइएसएफ टीम का मनोबल गिर जाता है और धंधेबाजों का मनोबल बढ़ जाता है।

## भाजपा नेत्री रागिनी पर आस्था जताते हुए दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन



**झरियाः** झरिया सिंह नगर भुइयां पट्टी के दर्जनों युवाओं व महिलाओं ने मंगलवार को चंदन सिंहा के नेतृत्व में कांग्रेस छोड़कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा में शामिल हुए। श्रीमती सिंह ने सभी को माला एवं पट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई और सभी को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। श्रीमती सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा उन लोगों के साथ हर सुख दुख में खड़ी हैं और आगे भी खड़ी रहेंगी। संचालन भाजपा नेता अभिषेक पाण्डेय ने किया। मौके पर धनबाद महानगर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव,पिंकू चौबे,शैलेंद्र सिंह,अखिलेश सिंह,रघु राम,रंजीत रवानी,स्वरूप भट्टाचार्य वही भाजपा में शामिल होने वाले लोगो में सूरज कुमार,विजय कुमार, श्याम कुमार, सौरभ कुमार, दिलीप भुईयां, राजकुमार भुइयां, अजय कुमार भुइयां,गेडा भुइयां,विकी कुमार,रेखा देवी के अलावा सैकड़ों की संख्या में महिलाए एवं युवा साथी मौजूद थे।

## जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



**धनबादः** धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को धनबाद जिला ओबीसी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम रवानी के तत्वावधान में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस दौरान धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद अंसारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाना एवं ओबीसी संगठन को और ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना है ताकि जिले में कांग्रेस सशक्त और सिरमौर बने। मौके पर धनबाद जिला ओबीसी कांग्रेस के उपाध्यक्ष फैज अहमद, संजीव चौहान, महामंत्री कुंदन यादव, रंजीत कुशवाहा,निवारण महतो,राजमणि देवी,रेखा साहब,मुकेश कुमार साह,हुलास रवानी,श्यामल भंडारी, संजय चौहान, माया देवी,हीरा नोनिया,राजू महतो,डालूराम महतो,चंदन राणा, नवल किशोर यादव,वीरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## एपेक्स के उपाध्यक्ष को किया गया सम्मानित



**कतरास बाजारः** मोदीडीह कोलियरी कार्यालय परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर सिमेवा के प्रतिनिधियो ने कोल इंडिया एपेक्स बॉडी (ऑफिसर एसोसिएशन) के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष मोदीडीह कोलियरी के पीओ अरविंद कुमार झा का मंगलवार को अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान सिमेवा के प्रतिनिधियो श्री झा को शॉल तथा फूलों के बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर वक्ताओं ने पीओ श्री झा के क्रियाकलापो की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुऐ कहा कि इनके कोल इंडिया स्तर पर उपाध्यक्ष चुने जाने पर हम सभी लोगो का मान सम्मान में बढ़ोतरी हुआ है। वही अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुऐ श्री झा ने कहा कि यह सम्मान का असली हकदार यहॉ के सभी कर्मचारी ,अधिकारी तथा संघ के लोग है।आज जिस पद पर मै निविरोध चुना गया हुआ हू। यह आप सभी असीम प्यार और सनेह के कारण ही हो पाया है।कहा कि अधिकारी के साथ-साथ मैं मजदूरों की भी समस्या में तन मन धन से उनके साथ सदैव बना रहूंगा। मौके पर सिमेवा के बीसीसीएल जोन के महासचिव आदित्यनाथ झा,केन्द्रीय कोषाध्यक्ष मजहर अंसारी,रामेश्वर दुसाध, नीरज गुप्ता,इन्द्रदेव भुईयॉ अमर चौधरी आदि मौजूद थे।

## चंदनकियारी विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**पिंड्राजोरा ।** विधायक मद से चास प्रखंड के कुरा पंचायत अंतर्गत मगनपुर गांव के हरि मंदिर से नीचे कुल्ही तक बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास मंगलवार को चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास समारोह में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में लोगों को चलना दुर्भर हो जाता था। लोगों को इस पार से उस पार जाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गांव के छोटे छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए रोक दिया जाता था। ग्रामीणों के विशेष मांग और स्थिति को देखते हुए डीएमएफटी मद् का राशि मगनपुर को उनकी सुविधा के लिए दिया गया। मौके पर चास प्रमुख बेला देवी जयदेव राय,करमचांद राय, शिवप्रसाद राय,विपदतारोणी उपाध्याय,अनुप पाण्डेय,मंजु देवी राय,भगतु राय,झाबु राय आदि उपस्थित थे।

## वेदांता-ईएसएल आर्चरी अकादमी की यावना ने नेशनल्स में अपना परचम लहराया



**बोकारो** 17 जनवरी 2023 - वेदांता-ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की युवा तीरंदाज यावना यादव ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी टूर्नामेंट (एनटीपीसी) में अप्रतिम प्रदर्शन किया। 15 जनवरी 2023 को भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में यावना ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-9 श्रेणी में भाग लेते हुए यावना यादव ने विभिन्न राज्यों की 141 अन्य महिला तीरंदाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और टूर्नामेंट में शीर्ष रैंक धारकों में शामिल हो गईं। मूनीडीह, धनबाद की रहने वाली यावना का पदक जीतने का लम्बा इतिहास रहा है - जिला, अंतर-राज्यीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इन्होंने कांस्य से लेकर स्वर्ण तक जीता है। यावना एक प्रतिभाशाली तीरंदाज है जो 2020 से ईएसएल तीरंदाजी अकादमी में अनुभवी प्रशिक्षकों के अधीन प्रशिक्षण ले रही है और विभिन्न टूर्नामेंटों में झारखंड राज्य को गौरवान्वित कर रही है। यावना अकादमी के प्रत्येक तीरंदाज को अपने खेल में हमेशा शीर्ष पर रहने के लिए प्रेरित करती रही हैं। वेदांता-ईएसएल युवा प्रतिभाओं को उत्कृष्टता के अपने संबंधित क्षेत्रों में सीखने, बढ़ने और जीतने के लिए एक जरूरी मंच प्रदान करता है, और झारखंड राज्य का गौरव बढ़ाता है जहां पर तीरंदाजी न केवल एक खेल है बल्कि लोगों की पहचान है।

## बीसीकेयू मुगमा शाखा कमेटी का चुनाव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन मुगमा शाखा कमिटी का चुनाव मंगलवार को ऑफिसर्स क्लब में बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष अगम राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का संचालन श्यामापदा गोस्वामी ने किया। वहीं अतिथियों एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।सम्मेलन के मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की केंद्र सरकार कोलियरियों को निजी मालिकों के हाथों औने पौने दामों में बेच रही है। मुगमा क्षेत्र के गोपिनाथपुर के साथ श्यामपुर ए को महज 28 कड़ोड़ रुपये में 25 साल के लिए लीज में दे दिया गया, जो की हजारों की संपत्ति है। यह सरकारी संपत्ति की खुली लूट है। हमारी यूनियन इसका पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों की एकता के बल पर ही 19 प्रतिशत(एमजीबी) न्यूनतम गारंटीड लाभ का समझौता कर पाये लेकिन अन्य मुद्दों पर समझौता अभी बाकी है। यूनियन का इतिहास संघर्ष का रहा है तथा आने बाले दिनों में हर चुनौती का सामना करने के लिए भी बीसीकेयू तैयार है। सम्मेलन को हरिप्रसाद पप्पू,कार्तिक दत्ता,बादल चंद्र बाउरी,लालू ओझा,साधन चटर्जी, तारापदो गोप, सुरजीत भादुड़ी,रामजी यादव, अमित मुखजी ,उत्तम कर, हरेराम, विश्वनाथ बाउरी, जयदेव पात्रा, खोखन दास, दिलीप सिंह, आत्मपद मोदी,पापन चटर्जी, विनय सिंह अमरेश चक्रवर्ती व अन्य ने भी संबोधित किया।सम्मेलन के अंत में शाखा कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष एसपी गोस्वामी,मनभावती देवी, लोकेश आचार्जी तथा दिलीप कुमार मंडल उपाध्यक्ष, दिपक कुमार सिंह सचिव,सिकंदर यादव एवं मनोज मिश्रा सह सचिव,धर्मेंद्र सिंह संगठन सचिव,वेणुगोपाल, रिंकू राय एवं आनंदी चौहान सह संगठन सचिव,तथा फेलाराम मंडल कोषाध्यक्ष,विजय भारती,आरएन मिश्रा एवं दिलीप कुमार बाउरी सहकोषाध्यक्ष चुने गए।

## डीएसपी ने वाहन चोरीकांड का किया खुलासा

# गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** सिजुआ स्थित बाघमारा पुलिस अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निशा मुर्मू ने प्रेस वार्ता कर वाहन चोरी कांड का उद्भेदन करते हुए बताया कि बीते माह 21 दिसंबर को महुदा मोड़ स्थित बंद पड़े ट्रांसपोर्ट धर्मकांटा के सामने से अपराधियों ने चास के भोला कुमार साव के ट्रक को चुरा लिया था। जिसमें लिखित शिकायत पर महुदा थाना कांड 100/2022 धारा 379 भादवी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था, अनुसंधान के क्रम में दिनांक 16 जनवरी को इस घटना में चोरी गई ट्रक संख्या जेएच 09 एएफ 0104 सहित घटना में शामिल कुल 8 लोगों में से 7 लोगों की गिरफ्तारी की गई है । घटना में गिरफ्तार किये गये 7 प्राथमिकी अभियुक्तों में समीद खान उर्फ टिंकू खान उर्फ पप्पू, मोहम्मद रियाज खान उर्फ बबलू,दिलीप कुमार चौहान, रामपुकार कुमार, ओंकार राम, मृत्युंजय सिंह उर्फ बब्बू, शैलेंद्र झा उर्फ सलीम शामिल हैं। वरीय पुलिस पदाधिकारी का आदेश अनुसार टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं आरक्षियों में महुदा थाना प्रभारी गंगासागर ओझा, सअनी चंदन सिंह, थाना में पदस्थापित हवलदार एवं आरक्षी आदि शामिल थे।

## दुर्गा सोरेन सेना के अध्यक्ष ने महाप्रबंधक से की वार्ता

**कतरासः** मजदूर समस्याओं को लेकर दुर्गा सोरेन सेना के युवा केन्द्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने मंगलवार को कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक से मिलकर वार्ता किया। इससे पूर्व श्री बाल्मिकी ने महाप्रबंधक को दुर्गा सोरेन सेना कि ओर से गुल्दस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री बाल्मीकि ने वेस्टमोदीडिह कोलियरी में रह रहे लोगों के बिजली पानी और लाइट कि समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि वेस्टमोदीडीह वाटर प्लांट से बिना फिल्टर किए पानी कि सप्लाई कॉलोनी में किया जा रहा है। आम जनता बंद बोतल का पानी खरीद कर पानी कि कमी को पूरा कर रहे हैं। कमीर्यों का क्वाटर रिपेयरिंग के अभाव में जर्जर हो चुका है, कभी कोई बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। महाप्रबंधक ने सभी मांगों पर सेना के अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि समयानुसार सभी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। मौके पर शिवम सिंह, सोनू मुंडा,सागर पासवान, शहनवाज खान,राज कुमार राम आदि उपस्थित थे।

# भूमिहार समाज ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर जताया विरोध



**बोकारोः** चास चंदनकियारी भूमिहार समाज ने उमेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर के खेदाडीह के पास फोरलेन जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा किए जाने को लेकर विरोध जताया। इसके बाद मृत्युंजय शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर समाहर्ता सदात अनवर से मिलकर उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों के भूमाफिया चास खेदाडीह फोरलेन के पास फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन पर कब्जा जमाना चाहते हैं। जिसे किसी भी हाल में साकार नहीं होने दिया जाएगा। स्थानीय रैयतों द्वारा विरोध करने पर फर्जी मुकदमा कराकर डराया धमकाया जा रहा है। फर्जी कागजात का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि भू माफियाओं के मंसूबे को साकार नहीं होने दिया जाएगा। एक षड्यंत्र के तहत जमीन को हड़पने का साजिश किया जा रहा है। हर्ष लाल माहथा ने कहा कि रोशन जमील अंसारी भूमाफिया एवं असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर जाली दस्तावेज तैयार कर कृषि योग्य भूमि को हड़पने के लिए धमकाया जा रहा है। पंजी दो में फर्जी दस्तावेज के आधार पर दस खाता को ऑनलाइन कर दिया गया। इसका विरोध करने पर तुरंत हटा भी दिया गया। अपर समाहर्ता ने समाज की समस्याओं को सुनकर संबंधित राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। साथ ही एसडीओ को जमीन से 144 हटाने को कहा। इस मौके पर राजदेव माहथा, भूतनाथ माहथा, संतोष कुमार सिंह, डीएस राय,गयाराम सिंह चौधरी, राजाराम शर्मा, चंदन भूमिहार, विनय चौधरी, राकेश मधु, संजीव सिंह आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

ज्ञापांक ............... दिनांक ...............

### अति–अल्पकालीन बन्दोबस्ती आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.02.2023 से 03.02.2024 तक के लिए झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु आम डाक की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | डाक का स्थान | डाक की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि (रू0 में) | सुरक्षित जमानत राशि का 10 प्रतिशत् | आवेदन प्रपत्र का शुल्क (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराणा प्रताप चौक के पास श्रम कल्याण केन्द्र के सामने बड़े वाहनों की बन्दोबस्ती | कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद | 25.01.2023 को पूर्वाहन 11:30 बजे से (अपरिहार्य कारणवश स्थगित होने पर अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर) | 1094800.00 | 109480.00 | 1000.00 | – |
| 2 | पूर्णिमा टॉकीज/महाराणा प्रताप चौक के समीप ऑटो/ई–रिक्शा स्टैण्ड की बन्दोबस्ती। | कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद | 25.01.2023 को अपराह्न 12:30 बजे से (अपरिहार्य कारणवश स्थगित होने पर अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर) | 927670.00 | 92767.00 | 1000.00 | – |

**निविदा की शर्त विभागीय वेबसाईट www.udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

आवेदन प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक– 24.01.2023 तक (अपराह्न 12:15 बजे तक) कार्यालय अवधि में निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र (सुरक्षित जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद के नाम से देय होगा, के साथ) भरकर एक बंद लिफाफे में दिनांक 24.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा किया जायेगा। तय समयावधि के उपरांत समर्पित किये जा रहे आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बिना कारण बताये डाक को स्थगित/रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 287680 Urban Development(22-23)#D



## कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,हजारीबाग

### अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2023

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में **जनवरी 2023** से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा प्राचार्या इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। ये निविदा दिनांक **24.01.2023 को 01.00** बजे अपराहन् तक प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त निविदा दिनांक **24.01.2023** को **03.00** बजे अपराहन में उपस्थित निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में सभी सामग्रियों का दर विद्यालय प्रागंण तक परिवहन व्यय सहित होगा। क्रय की जाने वाली सामानों की कोटि निम्नांकित है :–

| क्रम सं0 | सामग्रियों का नाम | सत्र |
|---|---|---|
| 1 | खाद्यान्न सामग्री | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 2 | पावरोटी | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 3 | सब्जी एवं फल | जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक के लिए |
| 4 | चिकेन एवं अण्डा | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 5 | लेखन, विद्युत, सफाई एवं जल– कल व्यवस्था संबंधी सामग्री | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 6 | जलावन कोयला | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 7 | पोषाक धुलाई | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |
| 8 | विद्यालय पाकशाला में लगाए गए गैस चुल्हा, गैस पाईप लाईन इत्यादि का मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव। | जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक के लिए |

क्रय की जाने वाली सामग्रियों की सूची, ठेके की शर्त, अग्रधन राशि इत्यादि से संबंधित पूर्ण विवरण बिल ऑफ क्वांटिटी में अंकित रहेगी। बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 17.01.2023 **से 23.01.2023** तक कार्यालय खुला रहने के दिन ई–चालान के माध्यम से 50/–रू0 प्रत्येक सामग्री के लिए जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में जमा करते हुए हाथों–हाथ प्राप्त किया जा सकता है।

राशि **E-GRAS** में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –

1- 58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT( SECONDARY EDUCATION DIVISION)
2- MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति
3. सामान्य– **020201600010101**
4- Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
5- RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

PR 287639 School Education and Literacy(22-23)#D



## e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle,Line Tank Road, Ranchi

### e-Procurement Notice (Very Urgent)

**Tender Reference No.-BCD/SECNC/27/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-17-01-2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Administrative Building (Birsa Bhawan) in the Ranchi University Campus at Sahid Chowk, Ranchi for the Year 2022-23 | Rs.97,91,500 .00 | 4 (Four) Months | 27.01-2023 | 02.02.2023 11:00 AM | 02.02.2023 11:30 AM | 03.02.2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

o इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.***

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची

PR287696 (Building Construction Dept Chotanagpur Circle )22-23*D

## कर्नाटक में गुजरात फॉर्मूला लागू करेगी बीजेपी

# सीएम बोम्मई की विदाई हो सकती है



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में चल रही बीजेपी की कार्यकारिणी बैठक का आज दूसरा दिन है। पहले दिन, यानी सोमवार को सबसे ज्यादा चर्चा गुजरात में पार्टी की जीत के फॉर्मूले की रही। इसी मॉडल को कर्नाटक में आगे बढ़ाया जायेगा। कर्नाटक में मई तक चुनाव होना है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की वापसी के आसार बन रहे हैं। पीएम मोदी ने सोमवार को कार्यकारिणी बैठक से अलग येदियुरप्पा से 15 मिनट मुलाकात की थी। जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे हैं, पार्टी में येदियुरप्पा की अहमियत बढ़ रही है। वे पार्टी के संसदीय बोर्ड में भी हैं। लिंगायत समुदाय का सपोर्ट उनके साथ है। कर्नाटक में पार्टी फिर येदियुरप्पा को चेहरा बना सकती है। दूसरी ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मइ महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद से उलझ गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि उनकी विदाई हो सकती है।

### राज्यों की लीडरशिप को सलाह- विपक्ष के आरोपों में घिरे नहीं, घेरें

बैठक में मौजूद हमारे सोर्स ने बताया- विपक्ष के हमलावर रवैये से निपटने की प्रक्रिया पर बात करने के लिए काफी समय इसलिए दिया गया ताकि चुनावी राज्यों के मुखिया अपना मनोबल ऊंचा रखें। वे विपक्ष के किसी आरोप पर घिरे नहीं बल्कि घेरें। हाइकमान ने चुनावी राज्यों की लीडरशिप से जीत की रणनीति के ड्राफ्ट मंगाये थे। छत्तीसगढ़ और कर्नाटक की लीडरशिप ने अपने ड्राफ्ट पर चर्चा शुरू की, लेकिन उन्हें बीच में रोककर इसे और पुख्ता करने की सलाह दी गई। इसके बाद इसे 17 जनवरी को चर्चा के लिए रख लिया गया।

### चुनावी राज्यों की लीडरशिप को बताना होगा- चुनाव कैसे जीतेंगे

आज की बैठक में चुनावी राज्यों की लीडरशिप का भी टेस्ट होगा। उन्हें अपनी जीत का रोडमैप और इसके लिए क्या तैयारी की है, ये बताना है। पहले दिन का दूसरा अहम मुद्दा विपक्ष के बीजेपी और पीएम मोदी के खिलाफ निगेटिव कैंपेन चलाने और अभद्र भाषा के इस्तेमाल का रहा। पेगासस, नोटबंदी, इडी, मनी लांड्रिंग, राफेल और सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जैसे मुद्दों पर विपक्ष के हमलावर रवैये से कानूनी तरीके से निपटने की तारीफ भी हुई। इससे सबक निकला कि विपक्ष के दबाव में न आकर पूरी ताकत से निपटना है। मीटिंग वाली जगह पर वंदे भारत ट्रेन, राफेल फाइटर जेट, ड्रोन और रॉकेट के पोस्टर लगे हैं। मतलब साफ है आने वाले चुनावों में बीजेपी मोदी सरकार की इन उपलब्धियों को भी भुनायेगी। मीटिंग वाली जगह पर वंदे भारत ट्रेन, राफेल फाइटर जेट, ड्रोन और रॉकेट के पोस्टर लगे हैं। मतलब साफ है आने वाले चुनावों में बीजेपी मोदी सरकार की इन उपलब्धियों को भी भुनायेगी।

## पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने किया नुआगांव और दसपल्ला के बीच चल रहे कार्यों का निरीक्षण




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने हाल ही में खोरधा रोड-नुआगांव रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया और नुआगांव और दसपल्ला के बीच चल रहे निर्माण कार्यों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। श्री सुनकर ने खोरधा रोड में रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के काम का भी मुआयना किया और विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से खोरधा रोड-नुआगांव रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया तथा संरक्षा संबंधी एवं यातायात सुविधा कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक सुनकर ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निमार्णाधीन पुलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा लक्षित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को तेजी से पूरा करने, विशेष रूप से यात्री केंद्रित सुविधाओं पर ध्यान देने की भी सलाह दी। नुआगांव और दसपल्ला के बीच 15.5 किलोमीटर के रेलवे खंड को मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 15 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 04 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के साथ 57 छोटे और 3 बड़े पुल हैं। इस सेक्शन की अनुमानित लागत190 करोड़ रुपये हैं। खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के कुल 301 किलोमीटर के हिस्से में से 115.36 किलोमीटर(खोरधा रोड से नुआगांव- 90.43 किमी और बलांगीर से झरतरभा-24.93 किमी) की परियोजना चालू हो गई है। नुआगांव-दसपल्ला (15.445 किलोमीटर) और झरतरभा-खंबेश्वरपल्ली- सोनपुर (11.40+10.30=21.70 किलोमीटर) को मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। ज्ञात हो कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी भी कर रहे हैं। खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना वैष्णव की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक है, क्योंकि यह परियोजना माननीय प्रधान मंत्री की भी प्राथमिकता में शामिल है। रेल मंत्री वैष्णव ने पूर्व तट रेलवे अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण सहित बहुप्रतीक्षित लोक केंद्रित परियोजना निर्माण के दौरान उठाये गए अन्य मुद्दों पर सभी एजेंसियों के साथ उचित समंवय के साथ काम करने की सलाह दी। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सलाह दी है कि खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर समंवय करें।

## भुवनेश्वर में रेलवे के रिटायर्ड अधिकारी के ठिकानों पर सीबीआइ की छापेमारी

# डेढ़ करोड़ नगद और 17 किलो सोना बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने भुवनेश्वर में रेलवे के एक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक के परिसर में छापेमारी के दौरान 17 किलोग्राम सोना और 1.57 करोड़ रुपये नकदी जब्त की। मंगलवार को सीबीआइ के अधिकारियों ने बताया कि सीबीआइ ने भुवनेश्वर में प्रमोद कुमार जेना के परिसरों की तलाशी ली। सीबीआइ ने प्रमोद कुमार जेना के ठिकानों से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, 17 किलोग्राम सोना और आभूषण बरामद किया है, जिसकी कीमत 8 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच बतायी जा रही है। इसके अलावा बैंक और डाक जमा रसीदों के साथ ही 2.5 करोड़ रुपये और बड़ी संख्या में संपत्ति के दस्तावेज जब्त किये हैं। सीबीआइ ने ने 1989 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी प्रमोद कुमार जेना के खिलाफ आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में तीन जनवरी को मामला दर्ज किया था।

बता दें कि प्रमोद कुमार जेना पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त अधिकारी पर कथित तौर पर आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

# भुवनेश्वर स्टेशन के आरपीएफ कांस्टेबल को रेल मंत्री का जीवन रक्षक पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भूवनेश्वर रेलवे स्टेशन के आरपीएफ कांस्टेबल सुब्रत कुमार महारणा को वर्ष 2020 के लिए रेल मंत्री जीवन रक्षक पदक प्राप्त करने के लिए चुना गया है। श्री महारणा ने 15 फरवरी 2020 को पुरी-संबलपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस में सवार होने की कोशिश कर रही एक महिला यात्री को बचाया जो चलती ट्रेन से गिर रही थी और उसका शरीर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के अंतर के बीच रेलवे ट्रैक पर गिरने वाला था। श्री महारणा की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की बदौलत महिला यात्री को रेल की पटरियों पर गिरने से पहले ही उठा लिया गया। घटना 15 फरवरी 2020 को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-01 पर हुई थी। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना महाराणा द्वारा सूझबूझ से किए गये निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई से महिला यात्री की जान बच गई, जिसकी मीडिया सहित कई क्षेत्रों में काफी सराहना हुई। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने महारणा को सम्मान जनक पुरस्कार के लिए बधाई दी और उनकी सतर्कता और त्वरित कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। इस पदक के लिए महाराणा को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा।

## मेलोरा ने मेंस फैशन की दुनिया में रखा कदम

# मेंस ज्वेलरी कलेक्शन लांच किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे डीसी ब्रांड्स में से एक, मेलोरा खासकर आधुनिक और स्टाइलिश पुरूषों के लिये डिजाइन किये गये अपने नये कलेक्शन के साथ मेन्स ज्वैलरी कैटेगरी में प्रवेश कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिये तैयार है। इस कलेक्शन में चेन, ब्रेसलेट, ईयरिंग, पेंडेंट और रिंग शामिल हैं और यह 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट हीरे और सोने की रेंज में आयेगा। इसके दाम 6000 रुपये से शुरू होते हैं और इसमें टेक्सचर्स, ज्यॉमेट्रिक कटाव, मिनिमल पैटर्नस, मल्टी-टोंड (येलो और व्हाइट गोल्ड का मिक्स) और क्लासिक स्टाइल्स का मिश्रण होगा। मेलोरा का नया कलेक्शन मॉडर्न, बोल्ड और वसेटाइल है और पुरूषों को किफायती, अनूठे और रोजाना पहनने योग्य आधुनिक डिजाइनों से सजाने के लिये है। ज्वैलरी को पुरूषों के कपड़ों के सादे स्टाइल का टच देने के लिये डिजाइन किया गया है, ताकि वे ट्रेंडी और फैशनेबल लगें। नया कलेक्शन मेलोरा के 23 एक्सपीरियेंस सेंटर्स पर उपलब्ध है और 26000 से ज्यादा पिन कोड्स पर डिलीवर किया जा सकता है। इस लांच के बारे में मेलोरा की फाउंडर और सीइओ सरोजा येरामिल्ली ने कहा, यह नया कलेक्शन मेंस ज्वैलरी सेगमेंट में हमारा विस्तार दिखाता है और उन कई उपलब्धियों में से एक है, जो हमने अपनी शुरूआत से अब तक प्राप्त की हैं। ज्वैलरी को आधुनिक वार्डरोब को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है और रोजाना पहनने के लिये बिल्कुल आदर्श है। हम अपने पुरूष ग्राहकों को सही ज्वैलरी खोजने में मदद करना चाहते हैं, जोकि उनके स्टाइल, शख्सियत और पसंद के मुताबिक सबसे बढ़िया हो। यह ब्रांड अपने अभिनव दृष्टिकोण और आधुनिक डिजाइनों के लिये जाना जाता है और हर अवसर पर छा जाने के लिये ज्वैलरी चाहने वालों का बिलकुल सही विकल्प है। हर हफ्ते 75 डिजाइनें लांच हो रही हैं, जिनके साथ मेलोरा हर भारतीय को अपने डिजाइनों की बड़ी रेंज तक आसानी से पहुंच दे रहा है और सुदूरतम बाजारों में भी पहुंच देने के अपने महत्वपूर्ण लक्ष्य पर काम कर रहा है। इस प्रकार सुनिश्चित होता है कि सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी ट्रेंडी बन सकें और किफायती ज्वैलरी को उनके दरवाजे पर डिलीवर किया जाता है। मेलोरा ने 2016 में अपना परिचालन शुरू किया था और तब से ही फाइन, ट्रेंडी और लाइटवेट गोल्ड ज्वैलरी के सेगमेंट में धूम मचा रखी है। कंपनी ने पिछले साल तेजी से तरक्की की थी और इसे त्यौहार के सीजन में भी यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। कोविड-19 महामारी के बाद से लोग हल्की-फुल्की और किफायती फाइन ज्वैलरी खरीदना पसंद करते हैं और डिजाइन पर ध्यान देते हैं। मेलोरा यह सब और इससे भी ज्यादा देती है। कंपनी ने 10000 से कम आबादी वाले गांवों से लेकर 1 मिलियन से ज्यादा आबादी वाले शहरों तक अपनी छाप छोड़ी है। अभी मेलोरा का राजस्व 350 करोड़ रुपये है और इसका मकसद अगले 5 साल में 1 बिलियन डॉलर की कंपनी बनना है।

## 'आप' की मान्यता रद्द करने की अर्जी

# दिल्ली हाइकोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को जवाब के लिए दिया समय

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार को उस अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए और समय दे दिया जिसमें आप की मान्यता को रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि पार्टी ने धर्मनिरपेक्ष देश के संविधान की कथित अवहेलना कर, गणेश चतुर्थी को बढ़ावा देने के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल किया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार को जवाबी हलफनामे दाखिल करने के लिए छह और हफ्तों का समय दिया। उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि निर्वाचन आयोग ने याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**